e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 05

शुक्रवार

05.01.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जीवन को दिशा देने के लिए लक्ष्य का होना उतना ही जरूरी है, जितना शरीर के लिए ऑक्सीजन का।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### इन्वेस्टर्स समिट में 20 हजार करोड़ के निवेश धरातल पर उतरा : संदीप सिंघल

**देहरादून:** उत्तराखंड में इन्वेस्टर्स समिट में 20 हजार सबसे ज्यादा ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के एमओयू साइन हुए हैं। इस बारे में यूजेवीएनल के एमडी संदीप सिंघल ने बताया कि एक लाख करोड़ से ज्यादा के एम ओयू ऊर्जा के क्षेत्र में हुए हैं, जिसमें अभी तक 20 हजार करोड़ के निवेश धरातल पर उतर गए हैं। संदीप सिंघल की माने तो विभाग ने अगले 6 माह में और 20 हजार करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि साल के अंत तक विभाग का लक्ष्य 55 हजार करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग का रखा गया है जिसे प्राप्त करने के लिए विभाग की तरफ से कार्य योजना बना ली गई है।

### एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वॉलिफायर्स के लिए रांची पहुंची इटली की टीम

**रांची :** इटली महिला हॉकी टीम गुरुवार को रांची पहुंची। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वॉलिफायर्स-2024 में अपनी शुरूआत इटली टीम फेडेरिका कार्टा और सारा पुग्लीसी के नेतृत्व में 13 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। रांची पहुंचते ही कैप्टन सारा पुग्लीसी ने आगामी टूर्नामेंट के बारे में उत्साह व्यक्त किया और अपकमिंग मैचों के लिए टीम की तैयारियों पर खुलकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमने कुछ महीनों की साझा तैयारियां की हैं। हमने काफी काम किया है। हम यहां आए हैं और हम इस हफ्ते अपनी अंतिम कदमों की प्रशिक्षण को समाप्त करेंगे और फिर हम साथ में टूर्नामेंट शुरू करेंगे। यह काफी रोमांचक है। इटालियन स्किपर ने अपनी टीम की क्षमताओं में आत्मविश्वास जताया। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि यह प्रतिस्पर्धा कठिन होगी लेकिन सब कुछ खुला है और कुछ भी असंभावित नहीं है।

### फर्जी मुक़दमों से मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहती है भाजपा : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज कहा कि मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी है। भाजपा फर्जी मुकदमों के जरिये मेरी इस ईमानदारी पर चोट करना चाहती है। वह मुझे गिरफ्तार करना चाहती है.केजरीवाल ने इस आशय का एक वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर साझा करते हुए कहा कि मैं भाजपा की इस गुंडागर्दी और तानाशाही के सामने नहीं झुकूंगा। मेरा एक-एक कतरा देश को समर्पित है। हम ईमानदार हैं और जी-जान लगाकर भाजपा के इस अन्याय से लड़ते रहेंगे।प्रवर्तन निदेशालय की ओर से तीसरी बार समन जारी करने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पेश नहीं होने और इस बाबत दी जा रही दलीलों के बाद भाजपा हमलावर हो गई तो केजरीवाल ने वीडियो जारी किया।

### राज्यसभा के 68 सदस्यों का कार्यकाल इस साल हो रहा है पूरा

**नई दिल्ली :** नौ केंद्रीय मंत्रियों सहित राज्यसभा के 68 सदस्यों का कार्यकाल इस साल पूरा हो रहा है. इसके मद्देनजर संसद के उच्च सदन में छह साल के कार्यकाल के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं में होड़ शुरू हो गई है.इन 68 रिक्तियों में से दिल्ली की तीन सीटों के लिए पहले ही चुनाव की घोषणा हो चुकी है. आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता का कार्यकाल 27 जनवरी को पूरा हो रहा है. सिक्किम में राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए भी चुनाव की घोषणा की गई है जहां सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के सदस्य हिशे लाचुंगपा 23 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### केपटाउन में पहली बार टेस्ट मैच जीती टीम इंडिया

**नई दिल्ली :** भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में सात विकेट से जीत हासिल की। गुरुवार को मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 79 रन के लक्ष्य को तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने इतिहास रच दिया। उसने पहली बार केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर टेस्ट मैच में जीत हासिल की है। 31 साल तक भारत को इस जीत के लिए इंतजार करना पड़ा।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

नगर निगम चुनाव को लेकर सख्त हुआ झारखंड हाई कोर्ट

# राज्य सरकार तीन सप्ताह में जारी करे अधिसूचना : हाई कोर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में नगर निगम के चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में नगर निकायों के चुनाव जल्द कराने को लेकर दायर रिट याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। न्यायाधीश आनंद सेन की कोर्ट ने पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से दायर याचिका को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि तीन सप्ताह में झारखंड में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करें। कोर्ट ने आदेश की प्रति राज्य के मुख्य सचिव, नगर विकास सचिव एवं राज्य निर्वाचन आयोग को तुरंत फैक्स के मध्यम से सूचित करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने अपने आदेश में निकाय चुनाव नहीं कराने को संवैधानिक तंत्र की विफलता बताया। कोर्ट ने कहा कि चुनाव नहीं होना लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने वाला जैसा है। पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जिस प्रकार पंचायत चुनाव की निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद भी पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार दिया गया था, उसी तर्ज पर निकाय चुनाव की अवधि समाप्त होने के बाद पार्षदों को भी उनके अधिकार दिए जाएं, जब तक कि निकाय चुनाव ना हो जाए।

### कोर्ट ने अपने आदेश में निकाय चुनाव नहीं कराने पर संवैधानिक तंत्र की विफलता बताया




**कोर्ट ने आदेश की प्रति राज्य के मुख्य सचिव, नगर विकास सचिव एवं राज्य निर्वाचन आयोग को तुरंत फैक्स के मध्यम से सूचित करने का निर्देश दिया।**

**34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय राज्य सरकार की ओर से लिया गया था।**

### सुरेश महाजन बनाम मध्य प्रदेश मामले का कोर्ट ने दिया हवाला


राज्य सरकार का कहना था कि ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद ही चुनाव कराया जाना चाहिए. इसपर हाईकोर्ट ने कहा कि सुरेश महाजन बनाम मध्य प्रदेश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि ट्रिपल टेस्ट कराना एक कॉम्पलेक्स प्रोसेस और निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है. राज्य सरकार ने शपथ पत्र के जरिए तर्क रखा था कि एक कमीशन बनाएंगे, उसको पिछड़ा वर्ग आयोग हेड करेगा. लेकिन संयोगवश अभी तक आयोग में चेयरमैन की नियुक्ति भी नहीं हुई है. तब कितना दिन और चुनाव को टाला जा सकता है. संविधान के अनुच्छेद 243 (यू) और स्टेट म्युनिसिपल एक्ट 2011 में भी इस बात का जिक्र है कि पांच साल में चुनाव करा लेना है. रांची नगर निगम के पूर्व पार्षद ने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी आरक्षण को लेकर टालमटोल कर रही थी. इसपर अधिवक्ता विनोद कुमार ने कोर्ट को बताया कि ओबीसी आरक्षण के नाम पर चुनाव को टालने से संविधान की मूल अवधारणा प्रभावित हो रही है. चुनाव नहीं होने की वजह से लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है.

याचिकाकर्ता ने रांची नगर निगम में प्रशासक नियुक्त करने के आदेश को भी चुनौती दी है। बता दें कि पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में जल्द निकायों का चुनाव कराया जाए। जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया गया है।

राज्य सरकार की ओर से राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया गया था।

अपराधियों ने पुलिस को दी चुनौती

# कोयला कारोबारी का दिनदहाड़े हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** गुरुवार को नए साल के चौथे दिन अपराधियों ने रांची पुलिस की सुरक्षा के पोल खोलकर रख दिया और घटना को अंजाम दिया। कोयला के कारोबार से जुड़े बिहार के छपरा के रहने वाले अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि अभिषेक टीपीएससी संगठन के निशाने पर थे। पूर्व में संगठन की ओर से अभिषेक श्रीवास्तव को धमकी भी मिल चुकी थी। इसकी पुष्टि मृतक अभिषेक के परिजनों ने की है। परिजनों ने कहा कि इस बात की जानकारी अभिषेक ने पुलिस को भी दी थी। लेकिन इस मामले को गंभीरता से पुलिस ने नहीं ली और टीएसपीसी संगठन के उग्रवादियों ने दिनदहाड़े घटना को अंजाम देकर स्कॉर्पियो गाड़ी से फरार हो गए। अंधाधुंध गोलियां चलायीं और पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया। मृतक अभिषेक श्रीवास्तव कोयला का बड़ा कारोबारी सुरेश केडिया का करीबी बताया जा रहा है। सुरेश केडिया रातू रोड के रहने वाले है। एनआईए की रडार पर भी सुरेश केडिया है। सुरेश केडिया का नाम टेरर फंडिंग मामले में काफी जोर शोर से उछला था। सुरेश केडिया का कोयला कारोबार लंबे वर्षों से चला आ रहा है।

**परिजनों ने कहा कि इस बात की जानकारी अभिषेक ने पुलिस को भी दी थी। लेकिन इस मामले को गंभीरता से पुलिस ने नहीं ली और टीएसपीसी संगठन के उग्रवादियों ने दिनदहाड़े घटना को अंजाम देकर स्कॉर्पियो गाड़ी से फरार हो गए। अंधाधुंध गोलियां चलायीं और पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया।**

घटना के समय मोहल्ले में लगे सीसीटीवी फुटेज को रांची पुलिस की टीम ने खंगाला है। जिसके बाद अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी की खोज चल रही है। स्कॉर्पियो से सिर्फ एक व्यक्ति निकलकर ड्राइवर गेट की तरफ गया और गोली मारी। जिसमें वे घायल हो गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे शहर में दहशत का माहौल है।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होगी झारखंड की झांकी

# दुमका-गोड्डा के विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले तसर उद्योग की झलक देखेगा देश

**16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में झारखंड समेत 16 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन हुआ है। गणतंत्र दिवस पर होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड ने भी पूरी तैयारी कर ली है।

इस वर्ष झारखंड की झांकी में दुमका में उत्पादित विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले सिल्क के उत्पादन से संबंधित झांकी प्रदर्शित की जाएगी। मालूम हो कि 2023 के दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर देवघर की झांकी प्रदर्शित की गई थी।

### देश भर से शामिल होंगी झांकियां

बता दें कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत केवल 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ। झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों द्वारा सराहा गया। नई दिल्ली में 19 जनवरी 2023 तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है और पूरे परिधान के साथ 23 जनवरी 2023 को इनका रिहर्सल भी करा लिया जाना है।

# देश भर की 500 महिला सरपंच संसद के कामकाज से आज होंगी रूबरू

**राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि साल 2029 में संसद और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शी द चेंज मेकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साल 2021 से 161 कार्यक्रमों के तहत 23 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 5397 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देश की 500 महिला सरपंच और पंचायत सदस्य आज शुक्रवार को नए संसद भवन के कामकाज से रूबरू होंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल शी द चेंज मेकर के तहत देश के 21 राज्यों से चुनी गई 500 महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है, जिसके पहले सत्र में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि साल 2029 में संसद और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शी द चेंज मेकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साल 2021 से 161 कार्यक्रमों के तहत 23 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 5397 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत से पार्लियामेंट तक कार्यक्रम में 500 महिलाएं शुक्रवार को संसद का दौरा करने के लिए तैयार हैं, जहां वे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेंगी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ बातचीत करेंगी।रेखा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग का यह प्रयास रहता है कि महिलाओं को उनके अधिकारों से तो परिचित कराया ही जाए, साथ ही जो जिम्मेदारियां उन्हें उनकी योग्यता के कारण मिली हैं, उन जिम्मेदारियों को वे बेहतर रूप से निभा सकें तथा वे अपने रास्ते में आने वाली समस्याओं का समाधान निकालने में सक्षम बनें। इसी दिशा में यह हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है। शी द चेंज मेकर के तहत पंचायत से पार्लियामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें तीन सत्र होंगे।

दिल्ली स्थित कांग्रेस के मुख्यालय में हुई पार्टी की अहम बैठक

# आगामी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करना मुख्य लक्ष्य : खड़गे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने 14 जनवरी से शुरू होने वाली भारत न्याय यात्रा का नाम बदल दिया है। अब इस यात्रा का नाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगा। गुरुवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई पार्टी की बैठक में यह फैसला लिया गया। पार्टी ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा नाम अब ब्रांड बन चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत पार्टी के सभी महासचिव, प्रदेश प्रभारी, कांग्रेस विधायक दल के नेता भी मौजूद रहे। बैठक में यात्रा की तैयारियों और लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। खड़गे ने कहा, मीटिंग का एजेंडा 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी करने से जुड़ा है।

**14 जनवरी से शुरू होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करेंगे। यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी।

**जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे निभाएंगे : शर्मिला:** शर्मिला ने अपनी वाईएसआर तेलंगाना कांग्रेस पार्टी के कांग्रेस में विलय की भी घोषणा की और कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वह उसे निभाएंगी. शर्मिला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुई.



### बड़ी संस्थाओं को बेच रही है केंद्र सरकार

खड़गे ने कहा, कांग्रेस के जमाने की योजनाओं का नाम और रूप बदलने का काम करते रहे हैं। सरकार बड़ी संस्थाओं को बेच रही है। देश की लाइफलाइन रेलवे से लेकर हर संस्थान को तबाह किया है। आज सरकार ईडी, सीबीआई और आईटी जैसी संस्थाओं का खुलेआम दुरुपयोग कर रही है। बता दें कि दिसंबर 2023 में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी में फेरबदल किया था।

दिल का हाल सुने दिल वाला....

रोग नहीं, रोकथाम जरूरी

हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।

यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?

78083 68888 | www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

# ब्लॉक का अनावश्यक लोग चक्कर नही लगाएं : आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने गुरुवार को हरिहरगंज ब्लौक सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के बाद बीडीओ कार्यालय में एसडीपीओ अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक भी किया। अंतरराज्यीय चेकपोस्ट सहित कई बिंदुओं पर चर्चा किया। आयुक्त ने बताया की ब्लौक सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया है। बीडीओ एवं सीओ जीला में मीटिंग होने के कारण नही थे। अंचल एवं ब्लौक के सभी कर्मीयों को काम का निष्पादन सही तरीके से समय पर करने का निर्देश दिया है, उन्होंने कहा की गरीब असहाय लोग जरुरी काम के लिए ब्लौक कार्यालय का चक्कर लगाते रहते है उनका काम प्राथमिकता के आधार पर करें, गरीबों को परेशान करने का काम नही करे।

## जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में बीपीओ को प्रभार से हटाने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में केतार प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी के द्वारा प्रभारी बीपीओ रोजगार सेवक मनोज कुमार को प्रभार से तत्काल हटाने की बात उक्त बैठक में उठाई गई है। प्रमुख ने पत्र में यह उल्लेख किया है कि प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार के कारण मनरेगा की योजनाओं में भारी अनियमितता बरती जा रही है। वही क्षेत्र भ्रमण के दौरान दर्जनों लाभुक तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा शिकायत मिली कि ईनके द्वारा मनरेगा योजना की कोडिंग, जियो टैगिंग, सामग्री वितरण एवं निरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध राशि की उगाही की जा रही है। जिससे प्रखंड क्षेत्र की जनता त्रस्त हो चुकी है। साथ ही यह भी कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में कई बार उक्त बीपीओ को चेतावनी भी दी गई है। परंतु इसका कोई असर प्रभारी बीपीओ पर नहीं देखने को मिला है। इन्हें प्रभार से हटाकर कोई अन्य रोजगार सेवक को बीपीओ का प्रभार देने की मांग किया गया है।

## भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** टाउनशिप गोलचक्कर पर भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा होने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बीते बुधवार को टाउनशिप हनुमान मंदिर गोल चक्कर चौक पर बैठक हुई। श्री राम रामचन्द्र जी के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में दिवा भजन पूजन अखण्ड कीर्तन रंग रोष्ण और मण्डारे के आयोजन का निर्णय गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सिन्दुरिया पंचायत के सनातनी श्रीराम भक्तों ने उत्सुकता दिखाई। इस मौके पर दिवाकर चौधरी, अजय प्रसाद सोनी, लालबाबू, राजेश प्रसाद, विजय जायसवाल, ध्रुव दुबे सहित काफी संख्या में श्रीराम सनातनी उपस्थित थे।

## डीलरों के अनिश्चित हड़ताल को लेकर आपूर्ति पदाधिकारी ने बुलाई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड परिसर के सभागार में विभागीय आदेशानुसार आपूर्ति पदाधिकारी ने मनोज कुमार ने पीडीएस के अनिश्चित कालीन बंद को लेकर पीडीएस के साथ बैठक किया इस बैठक में आपूर्ति पदाधिकारी ने पीडीएस दुकानदारों से खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के आलोक में आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि आप लोग अपनी-अपनी दुकानों को खोलकर खाद्य आपूर्ति प्रारंभ करें वहीं मौके पर डीलर संघ ने कहा कि हम लोगों का हड़ताल देशव्यापी है जब तक जब तक हम लोगों का मांग पूरा नहीं होता है तब तक हम लोगों का हड़ताल जारी रहेगा या राज्य संघ से जबतक कोई निर्देश प्राप्त नहीं होता है तबतक हड़ताल जारी रखा जाएगा। सबसे विडंबना यह है कि डीलरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से मध्यम वर्गीय परिवार दैनिक भोगी परिवार को राशन की आपूर्ति नहीं होने से भूखे मरने की स्थिति उत्पन्न होने जा रही है मौके डीलर संघ अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार सिंह प्रवीण कुमार जमील अहमद विमलेश कुमार कश्यप मिथिलेश कुमार पासवान सुर्यनाथ पासवान विजय कुमार मेहता सहित अन्य पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

## धान रोपनी से वंचित किसान खेतों में लगाएंगे मक्के की फसल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड कृषि कार्यालय के समक्ष प्रमुख गायत्री देवी के नेतृत्व में एटीएम प्रियंका कुमारी ने पंचायत बूढ़ीवीर, रबदा, पतरिया खुर्द, सेमरा के किसान लाभुक के बीच पांच केजी का बैग मक्का का बीज का वितरण किया। मौके पर गायत्री देवी ने कहा कि लाभुक किसान को सही समय पर बीज दिया जा रहा हैं किसान मक्का का बुवाई समय पर करें जिससे की कृषि फसल में हमेशा चैनपुर प्रखंड का नाम आने वाला समय में उन्नति रहे। जिससे की भविष्य में किसान लाभुको के बीच सरकार बीज वितरण का मात्रा और अधिक कर सके। मौके पर पंचायत समिति सुकुल रवि, कृषि मित्र सहित दर्जनों किसान उपस्थित थें।

## सेमरबार में अबुआ आवास योजना को लेकर ग्राम सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखण्ड क्षेत्र के सेमरबार पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया जितेंद्र पासवान के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। वहीं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आवास के लिए पंजीयन कराई गई सूची को सभी लाभुकों को मुखिया द्वारा पढ़ कर सुनाया गया। मौके पर मुखिया जितेंद्र पासवान ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान मेरे पंचायत से अबुआ आवास के लिए करीब 700 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें योग्य लाभुकों को चयन कर आवास दी जाएगी। वहीं मुखिया के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आवास के लिए पंजीयन कराई गई सूची को सभी लाभुकों को पढ़ कर सुनाया गया। मौके पर जेइ विद्यासागर कुमार, रोजगार सेवक विजय चौधरी, वार्ड सदस्य अजय मेहता, अखिलेश पासवान, प्रदीप राम, मिथलेश पासवान, ललन पासवान व ग्रामीण में मोहन यादव, परशुराम मेहता, गणेश यादव, वीरेंद्र मेहता, रामबचन गुप्ता, प्रमोद पासवान, रंजीत कुमार, मुन्नी मोना देवी, संगीता देवी, लालो देवी, प्रतिमा देवी, नीलम देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## मंत्री को पत्र भेजकर प्रमुख ने की केतार में बीडीओ, सीओ की पदस्थापना की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को केतार प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी के द्वारा पत्र भेजकर कई महीनो से केतार प्रखंड,अंचल एवं आपूर्ति विभाग प्रभार में चलने से महत्वपूर्ण विभागीय कार्य प्रभावित होने के कारण बीडीओ की पदस्थापना कराने की मांग कीया गया है। उक्त प्रमुख के द्वारा पत्र में यह कहा गया है की पूर्व में पदस्थापित बीडीओ मुकेश मछुआ के एसडीओ पद पर जगन्नाथपुर में पदस्थापना के बाद से ही प्रखंड में बीडीओ की पदस्थापन नहीं किया गया है। जिसके कारण बीडीओ, सीओ एवं एमओ का प्रभार भवनाथपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम को दिया गया है जो प्रखंड का कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उनके द्वारा हाल ही में संपन्न हुए सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में भी रुचि नहीं ली गई है और ना ही अभी तक प्रखंड में बैठने का दिन निर्धारित किया गया है। जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र की जनता कार्यालय पहुंच हर दिन निराश लौट रहे हैं।

## क्रांति ज्योति विद्या की माता सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** क्रांति ज्योति विद्या की माता सावित्री बाई फुले की जयंती सुषमा देवी के आवास पर मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के महिला प्रदेश अध्यक्ष किरण प्रसाद और संचालन सुषमा देवी ने किया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष किरण प्रसाद ने माता सावित्री बाई फुले के विचारों को व्यक्त करते हुए कहा की माता सावित्रीबाई फुले प्रथम महिला शिक्षका, महिलाओं की मुक्ति दाता, कवित्री, अध्यापिका, समाज सेविका थी। माता सावित्रीबाई फुले अनेक बाधाओं के बावजूद स्त्रियों को शिक्षा दिलाने में अपने संघर्ष में बिना धेर्य खोये आत्मविश्वास के साथ डटी रही और स्त्रियों के अधिकारों, शिक्षा, छुआछूत, सती प्रथा, बाल विवाह, विधवा विवाह, जैसे कृतियां के लिए संघर्ष किया। मौके पर गीता देवी, चंदा देवी, रिंकी देवी, प्रतिमा देवी, चिंता देवी, रजवंती देवी, लीलावती देवी, प्रियंका कुमारी, फूल कुमारी देवी, कुमारी साक्षी, रामनाथ राम, विनेश्वर राम, संजय कुमार, अनिल कुमार, कन्हाई राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अबुआ आवास सत्यापन को लेकर मुखिया राजधन भगत ने की विशेष ग्राम सभा की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** बुधवार को बड़की चापि पंचायत भवन के प्रांगण में सरकार के सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 5355 दिनांक 16/12/ 2023 के आलोक में तथा कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू के ज्ञापांक 02 /सा. दिनांक 2 /1/ 2024 के निर्देश के आलोक में आपकी योजना आपकी सरकार के द्वारा अबुआ आवास योजना लागू के सत्यापित लाभुकों का सूची को अनुमोदन हेतु मुखिया राजधन भगत की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा की बैठक की गई ।जिसमें निम्न कमी,जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। इस मौके पर मुख्य रूप से कुडू प्रखंड प्रमुख सह बड़की चाँपि पंचायत समिति सदस्य मुनि देवी, बड़की चाँपि पंचायत के मुखिया राजधन भगत, उप मुखिया, पंचायत सचिव जीतबाहन उरांव, उप मुखिया हेना तिवारी, वार्ड सदस्य बड़की चापि पंचायत के गीता भगत, परमेश्वर उरांव, सुनील मुंडा, नीतू देवी, प्रण महतो, जैनुल अंसारी, आलोमानी देवी, सुनीता देवी, अनीता लकड़ा, स्वयंसेवक ओमप्रकाश प्रजापति, रोजगार सेवक मोहम्मद असदुल्ला, सुभाष साहू, ग्राम प्रधान बड़की चापि पंचायत के।

## विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कुम्बाखुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया विवेक कुमार ने किया। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के आगमन पर जेएसएलपीएस की महिलाओं ने पूजा अर्चना किया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम व मुखिया विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद धरती कहे पुकार के विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए गये योजनाओं के लाभुकों ने किस तरह अपनी समस्याओं का निदान किया, इसकी जानकारी दिया. कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ,अटल पेंशन योजना जैसे कई योजनाओं का ऑन स्पॉट लाभ दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस धनंजय कुमार, बीटीएम विजय यादव, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, रोजगार सेवक संजीत कुमार, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुर्व सैनिकों ने आर्मी दिवस मनाने का लिया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद इकाई के पुर्व सैनिकों की आज़ हुसैनाबाद स्थिति कार्यालय में बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से आर्मी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। हुसैनाबाद स्थिति कार्यालय के प्रांगण मे दिनांक 15 जनवरी दिन सोमवार को सुबह थल सेना दिवस मनाया जाएगा। प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने उपस्थित सभी पुर्व सैनिकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाए देते हुए कहा कि हम सभी फ़ौजी है और कार्यक्रम भी उसी तरह से, समय पर सम्पन्न करना हम सभी का उद्देश्य है उन्होंने सभी को कार्यक्रम कि जिम्मेदारी सौंपी जिसमें निमंत्रण पत्र छपवाई, सभी अतिथियों को बैठने की व्यवस्था,एन सी सी एवं स्कूली बच्चों के प्रोग्राम के लिए स्कूलों के प्रधानाचार्य से सम्पर्क करना, जलपान पान की व्यवस्था, फुल माला एवं दीप प्रज्वलित जैसे कार्य सामिल है। मौके पर उपस्थित संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि इस महत्वपूर्ण दिवस पर मुख्य रूप से क्षेत्र के विर नारीयों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही इस कार्य क्रम में बक्सी हाई स्कूल के एन सि सि कैडेट, कन्या हाई स्कूल के बच्चियां, मां बाल विकाश पुबलिक स्कूल के बच्चे, शिशु विद्या मंदिर एवं बुन पुबलिक स्कूल के बच्चें भी शामली किया जाएगा एवं सभी बच्चों द्वारा देश भक्ति का कार्य क्रम प्रस्तुत किया जाएगा।इस कार्य क्रम में क्षेत्र के विर नारी, सभी पेंशन समाज के लोग एवं क्षेत्र के सभी बुध्दिमान व्यक्ति को आमंत्रित किया जाएगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से कैप्टन दुखन सिंह लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, सुबेदार असर्फी पाल, प्रसाद सिंह, सुधीर सिंह, सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, सुमेर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## शहर में गरीब, असहाय व जरुरतमंद का एकलौता सहारा शौकत खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** शहर में गरीब, असहाय, जरुरतमंद लोगों एक मात्र सहारा शौकत खान ही है।यह हैम नही कहते यहां के मजलूम कहते है। जिन्होंने गरीबो के लिए निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक संचालित करते है। तभी तो लोग प्रतिदिन जिले के कोने कोने से पुरे यकीन और विश्वास के साथ शौकत ख़ान के निःशुल्क बैंक से कपड़ा, कम्बल, राशन, एवं बच्चों के लिए पठन पाठन सामग्री के लिए पहुचते रहते है। कड़ाके की ठंड की मार झेलते एक दिव्यांग भाई कंपकंपाते हुए पहुंचे और कहां कि वैसे तो आप गरीबों को सालों भर मदद करते रहते हैं। लेकिन कुछ कोरोना काल से देख रहे हैं कि आप अखबार बेचने वाले लोगों को भी लगातार मदद कर रहे हैं। आपके अंदर कि जज्बा को देखकर मैं आप से मिलने और अपने लिए भी कम्बल और अन्य जरुरत कि चीजें लेने आ गया। क्योंकि मैं भी 20 साल से अधिक समय तक भरत केशरी बस स्टैंड से अखबार लेकर गढ़वा समेत मेराल प्रखंड के विभिन्न गांव में जाकर अखबार बेचकर अपने परिवार का जीवन यापन करते थे। अभी हम उम्र के साथ लाचार हो गये है। जैसे तैसे जीवन कट रहा है। अपने जरूरत के सामग्री को पाकर बुजुर्ग अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान को आशीर्वाद देते हुए यह कहते हुए चलें गये कि बाबू गरीब वाला बैंक जो तू खोलले बड़ा वोकरा कहियो मत बंद करिहा, नहीं तो बहुत गरीब लोग लोग मू जाइहे।

## बीआरपी, सीआरपी व बिषय विशेषज्ञ संघ ने तीसरे दिन भी काला बिल्ला लगाकर किया विरोध प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बीआरपी, सीआरपी व बिषय विशेषज्ञ संघ ने अपनी मांगों को लेकर तीसरे दिन भी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रकट किया। सीआरपी संजय कुमार सिंह ने कहा कि बीआरसी में नियुक्त अनुसेवक से भी कम मानदेय पर बीआरपी, सीआरपी कार्य कर रहे हैं। विगत पाँच वर्षो में एक रुपया भी मानदेय में वृद्धि नहीं किया गया जो अत्यंत कष्टदायक हैं. झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव सह गढ़वा जिला अध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने कहा कि बीआरपी, सीआरपी शिक्षा विभाग के रीढ़ हैं। बीआरपी, सीआरपी विभाग के सभी कार्यो को समय पर निष्पादित करते है.उन्होंने सरकार से बीआरपी, सीआरपी के मानदेय में वृद्धि करते हुए तत्काल सेवाशर्त नियमावली कैबिनेट से पास कराने की मांग किया है. झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रमंडलीय संगठन सचिव खुशदिल कुमार सिंह ने कहा कि बीआरपी, सीआरपी व बिषय विशेषज्ञ संघ की मांग जायज है। बीआरपी, सीआरपी व बिषय विशेषज्ञ संघो का नैतिक समर्थन करते है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो बीआरपी, सीआरपी व बिषय विशेषज्ञ संघो के समर्थन में आंदोलन में भी सहयोग किया जायेगा।

## अबुआ आवास को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड के सभी पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंघानी पंचायत मुख्यालय में ग्राम सभा का आयोजन किया गया इस ग्राम सभा की अध्यक्षता राधिका देवी द्वारा किया गया इस ग्राम सभा में अबुवा आवास व कौशल विकास संबंधित बिंदुओं पर बात रखा गया। पंचायत सचिव स्वेता कुमारी ने बताया किकौशल विकास के तहत जो युवा 18 साल से ऊपर हैं वह अपना प्रशिक्षण लेकर अपना बिजनेस व सरकारी जॉब ले सकते हैं इस बैठक में करीब 300 से अधिक ग्रामीण जनता उपस्थित रहे अबूवा आवास की सूची को लेकर पंचायत सचिव स्वेता कुमारी ने बताया कि सरकार आपके द्वारा शिविर के द्वारा 450 के करीब आवेदन जमा किया गया था। जो जांच टीम के द्वारा 450 दिए आवेदन ग्राम सभा द्वारा पारित किया गया और सभी ग्रामीणों के समक्ष सूचीबद्ध तरीके से सभी लाभुको के नाम को पढ़कर सुनाया गया जिसे इस सूची को बाद में सचिवालय के दीवार पर चिपकाया जाएगा जिसे लाभुक अपना नाम सचिवालय के दीवारों पर अपना नाम आसानी से पढ़ सकते हैं। सरकार के गाइडलाइन और प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी के निर्देशानुसार सिंघानी पंचायत के साथ-साथ प्रखंड के पांचो पंचायत में एक हीं दिन ग्राम सभा कराया गया और सफल बनाया गया।नवाडीह पंचायत, बरवाडीह पंचायत नोनगांव पंचायत मेराल पंचायत शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रिड कंसल्टेंट में ईडी ने की छापेमारी




**रांची।** मेन रोड के रोस्पा टॉवर स्थित ग्रिड कंसल्टेंट में ईडी के करीब आधे दर्जन ईडी अधिकारी पहुंच कर छानबीन कर रहे थे। ईडी की टीम के द्वारा कागजात व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मशीन की जांच की जा रही है। हालांकि ईडी ने ऑफिस को सील कर दिया था लेकिन आज फिर की जांच कर रही है। बता दें कि ईडी ने छापेमारी के दौरान विनोद सिंह के रातू रोड स्थित घर से 25 लाख रुपये नकद और निवेश से संबंधित दस्तावेज बरामद किए थे। खबर लिखे जाने तक ईडी रोस्पा टावर में ही छानबीन कर रहे थे।

### पिस्टल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**रांची।** कोतवाली पुलिस ने बड़ा तालाब के पास से एक युवक को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है । युवक के पास से पिस्तौल भी बरामद किया गया है। युवक की पहचान गुलाम के रूप में हुआ है । युवक डोरंडा थाना क्षेत्र का रहने वाला है । पुलिस को खबर मिली थी कि कोई अपराधी घटना को अंजाम देने के लिए बड़ा तालाब के पास घूम रहा है , तो पुलिस वहां पर पहुंची । उस वक्त पुलिस को देखकर युवा भागने की कोशिश की तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया । पूछताछ के क्रम में उसके पास से हथियार भी बरामद किया गया है ।



रांची के एसडीएम उत्कर्ष कुमार से प्रभात मंत्र की खाश बातचीत

# सिविल सेवा की तैयारी के लिए छोड़ी लाखो रुपये की नौकरी : उत्कर्ष कुमार

**परवेज़ कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** जब आप समाज के लिए बेहतर करने की सोच रखते हैं तो आपको कोई भी हरा नहीं सकता। साथ ही आप अपने मकसद में भी सफल भी होते हैं। ऐसे ही मकसद के साथ 2017 बैच के आईएएस अधिकारी उत्कर्ष कुमार ने मल्टीनेशनल कंपनी में लाखों रुपए की नौकरी छोड़कर युपीएससी की तैयारी की और फिर सफलता हासिल की। आज वी रांची के एसडीएम हैं। प्रभात मंत्र ने रांची एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने विशेष रूप बातचीत की।



### अच्छे करियर के बावजूद सामाजिक बदलाव जरूरी

एसडीएम उत्कर्ष कहते हैं कि मन में समाज के लिए कुछ करने की इच्छा थी। इसलिए यूपीएससी की खातिर सालाना लाखों रुपये की नौकरी छोड़ दी। करीब दो साल तक तैयारी करने के बाद आईएएस बनने का सपना पूरा हुआ। अब जो जिम्मेदारियां मिली है उसे पूरा करना है। अच्छे करियर के बावजूद सामाजिक बदलाव भी बहुत जरूरी है।

#### कौन हैं उत्कर्ष कुमार

उत्कर्ष कुमार झारखंड के हजारीबाग सुरेश कॉलोनी के रहने वाले हैं। पिता महेश कुमार। वर्णवाल इंजीनियर और माता सुषमा वर्णवाल शिक्षिका हैं। प्रारंभिक शिक्षा डीएवी हजारीबाग, इंटरमीडिएट के बाद जेईई का एग्जाम क्लियर कर लिया और उन्हें इंजीनियरिंग के लिए आईआईटी बॉम्बे मिल गया। इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। फिर उन्हें एक अच्छी कंपनी में सालाना लाखों रुपये के पैकेज पर नौकरी मिल गई। कुछ साल नौकरी करने के बाद उन्होंने सिविल सेवा में आने का फैसला किया और नौकरी छोड़ दी। यह करना उनके लिए आसान नहीं था।लेकिन वह आईएएस बनने की ठान चुके थे। उनके इस फैसले को परिवार का भी सहयोग मिला। आइएएस बनने के बाद प्रशिक्षु के तौर पर गांडेय प्रखंड के स्वतंत्र रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी के तौर पर काम किए। इसके बाद रांची एसडीएम नियुक्त किए गए हैं।

### विधि व्यवस्था पर रहेगा ध्यान

2024 लोकसभा चुनाव की तैयारीयां को लेकर विधि व्यवस्था से लेकर संवेदनशील बूथों पर निगरानी एवं तीन बूथों को भी जोड़ा गया है। वहीं निर्वाचन विभाग के गाइडलाइन का अनुपालन कराना सभी बूथों तक वोटर पहुंचे, इसके लिए सुरक्षा दृष्टिकोण से विधि व्यवस्था को मजबूत बनाना। इसके अलावे धरना, प्रदर्शन, जुलूस इत्यादि जो निकलता है, उसमें किसी तरह का कोई अप्रिय घटना न हो इस पर निगरानी रखना। जमीन से संबंधित कोई विवाद नहीं हो। साथ ही कोर्ट लगातार चले। पीड़ित को जल्द से जल्द न्याय मिले। यह कोशिश रहेगी।


# रिम्स के सीटीवीएस विभाग ने किया सफल इलाज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के सीटीवीएस विभाग ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। साल के पहले दिन विभागध्यक्ष डॉ विनीत महाजन की टीम ने जटिल सर्जरी कर एक मरीज की जान बचायी है। यह सर्जरी रिम्स में पहली बार की गयी है। धनबाद निवासी यह मरीज दिसंबर महीने में रिम्स पहुंचा था। इस मरीज की हृदय की महाधमनी (महाधमनी) कई भाग से फट में रही थी। इस स्थिति को महाधमनी विच्छेदन कहा जाता है, इसमें मरीज की जान जाने का खतरा बढ़ जाता है। डॉ विनीत महाजन ने स्थिति को देखते हुए बिना विलम्ब के मरीज को सर्जरी का सुझाव दिया और उसे इस सर्जरी के लिए तैयार किया। इस सर्जरी में मरीज के हृदय के महाधमनी को कृतिम पाइप से बदलना होता है जिसके लिए शरीर के रक्त प्रवाह को 40 मिनट के लिए पूरी तरफ से बंद किया जाता है और शरीर का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक कम किया जाता है जिसमें काफी मुश्किल आती है। डॉ शिवप्रिय की टीम के संयुक्त प्रयास से इस मरीज़ का सफल आपरेशन किया गया। निजी अस्पताल में इस तरह की सर्जरी का खर्च 10 से 15 लाख तक आता है जो रिम्स में आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त में किया गया। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ्य है।

# रांची नागरिक समिति 13 जनवरी को मनाएगी लोहड़ी पर्व




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची नागरिक समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी 13 जनवरी को धूमधाम से लोहड़ी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम शाम छह बजे टेलीफोन एक्सचेंज रोड़ बडालाल स्ट्रीट अपर बाजार रांची चौराहे पर होगा। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह और निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय और चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि रांची नागरिक समिति के बैनर तले पिछले 35 साल से सार्वजनिक स्थल पर लोहड़ी का आयोजन हो रहा हैं।

# प्रमाण पत्रों की जांच के लिए अधिकारियों के प्रतिनियुक्ति पर दिशा निर्देश जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते ने विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए प्रमाण पत्र की जांच के लिए पदाधिकारी कर्मियों के प्रति नियुक्ति के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया है। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अब झारखंड लोक सेवा आयोग या झारखंड कर्मचारी सेवा आयोग में किसी अधिकारी या कर्मचारी के प्रतिनियुक्ति प्रमाण पत्र की जांच के लिए की जाती है, तो जिस विभाग की अधियाचना आयोग के भेजी गई तथा उसके विरुद्ध चयनित अभिव्यक्तियों के प्रमाण पत्र की जांच के लिए पदाधिकारी, कर्मी की मांग आयोग द्वारा किए जाने पर संबंधित विभाग के स्तर से ही पदाधिकारी कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं प्रातिनियुक्ति आदेश निर्गत होने की तिथि से निर्धारित अवधि के बाद संबंधित पदाधिकारी कमी स्वच्छता परमिट हो जाएंगे इसका उल्लेख प्रतिनियुक्ति आदेश में किया जाएगा। अभी तक धार्मिक विभाग या प्रतिनियुक्ति करता था लेकिन यह देखा जा रहा था कि इससे कई विभाग में कार्य प्रभावित हो रहा था।



# मैथिली पुस्तक पतरसेख का हुआ लोकार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर गुरुवार को मैथिली के वरिष्ठ डॉ महेंद्र की पुस्तक पतरसेख का लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए दूरदर्शन केंद्र रांची के पूर्व निदेशक और साहित्यकार प्रमोद झा ने कहा कि अपनी प्रवाहपूर्ण एवं प्रांजल भाषा तथा ठेठ मैथिली शब्दों से वह जिस तरह का दृश्य रचते हैं, वह पाठकों को मोहित कर लेता है। मैं डॉ. महेंद्र को इस नई पुस्तक के लिए हार्दिक बधाई देता हूं और प्रकाशक किसुन संकल्प लोक का आभार व्यक्त करता हूं कि मैथिली में इतनी आकर्षक साज-सज्जा में पुस्तक को पाठकों को उपलब्ध कराया। साहित्यकार और रांची यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर नरेंद्र झा ने कहा कि डॉ. महेंद्र ने जिस संवेदना और सौंदर्यबोध के साथ अपने संस्मरणों में साहित्यिक व्यक्तित्वों का शब्द चित्र उकेरा है, वह विरल है। मैथिली के सुपरिचित साहित्यकार और भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन , व्यंग्यकार राजकुमार मिश्र , कथाकार अमरनाथ झा, लोकार्पण समारोह में कृष्ण कुमार झा एवं झारखंड मैथिली मंच के सदस्य सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। अंत में झारखंड मैथिली मंच के कोषाध्यक्ष ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया।

# भाजपा किसी परिवार व समाज विशेष की पार्टी नहीं है : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल अरगोड़ा,रांची में प्रदेश भाजपा के सभी 7 मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा,सहित मोर्चा के अध्यक्ष गण, राष्ट्रीय पदाधिकारी गण एवम प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने किया।

**पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा:** बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा आज अपने नीतियों कार्यक्रमों के बल पर जनता का स्नेह आशीर्वाद प्राप्त करते हुए विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी परिवार और समाज विशेष की पार्टी नहीं बल्कि जन जन की पार्टी है।पार्टी की नीतियों ने इसे सर्व व्यापी सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी बनाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सात मोर्चों युवा ,किसान,महिला, एसटी, एससी,ओबीसी और अल्पसंख्यक में इस व्यापक स्वरूप का दर्शन होता है। उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं से जन जन तक पहुंचने, सुख दुःख में शामिल होकर आवाज बनने का आह्वान किया। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा पार्टी का प्रवेश द्वार है। संघर्ष का फ्रंट लाइन है। समाज के लोग विभिन्न मोर्चों के माध्यम से पार्टी की नीतियों एवम कार्यक्रमों को लेकर जाते हैं।प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह* ने मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न मोर्चों के द्वारा आने वाले दिनों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कहा कि युवा मोर्चा द्वारा युवा अधिवेशन,नव मतदाता सम्मेलन,नमो वारियर्स,युवती अधिवेशन,तथा शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन करेगा।




# जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी आज आयेंगे रांची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में सियासी हलचल के बीच सभी पार्टियां अपने अपने स्तर से तैयारी कर रही है। वहीं झारखंड में अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत करने में जुटा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) भी झारखंड के सियासी हालातों पर नजर बना कर रखा है। छह जनवरी को झारखंड जेडीयू भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक करेगा। इसके मद्देनजर झारखंड जदयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी पांच जनवरी को रांची पहुंच रहे हैं, जहां वह कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक करेंगे। उनके साथ सह प्रभारी व विधायक मनोज यादव भी रांची पहुंचेंगे। छह जनवरी को झारखंड जदयू ने कार्यकर्ता मंथन का भी आयोजन किया है, जिसमें राज्य भर के कार्यकर्ता और सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी आगमन होना है। उसको लेकर भी कार्यकर्ताओं को अहम दिशा निर्देश दिए जाएंगे। गौरतलब है कि जिस तरह से वर्तमान में झारखंड की राजनीतिक हालात बने हुए हैं, वैसे में राजनीतिक विशेषज्ञों के द्वारा कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां यह नजर बना कर रखी हुई है कि यदि किसी भी तरह की स्थिति बदलती है तो क्या बेहतर कदम उठाए जा सकते हैं। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो की तरफ से भी कार्यकर्ताओं को लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। सिर्फ रांची ही नहीं बल्कि विभिन्न जिलों में भी कार्यकर्ताओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है।



# रांची में युवक का शव मिला, हत्या के बाद निकाल ली आंखें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लापुंग थाना क्षेत्र के घघारी जंगल से बुधवार को एक युवक का शव मिला। आशंका है कि पत्थर से मारकर हत्या करने के बाद उसकी दोनों आंखें निकाल ली गई। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हालांकि, पुलिस को हत्या में प्रयुक्त पत्थर और कोई भी हथियार घटनास्थल पर नहीं मिला है। घटना की सूचना पाकर ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, बेड़ो डीएसपी रजत माणिक बाखला, बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम और लापुंग थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू की। लापुंग पुलिस ने डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक जांच की टीम भी बुलायी लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शव को गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस छह जनवरी से मधुपुर तक जायेगी

**रांची :** रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस का विस्तार मधुपुर तक किया गया है। अब यह ट्रेन रांची से मधुपुर तक चलायी जायेगी। मधुपुर से न्यू गिरिडीह होते हुए रांची जायेगी। इसकी सूचना रेलवे ने जारी कर दी है। ट्रेन संख्या 18617 और 18618 रांची-न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस छह जनवरी से मधुपुर तक जायेगी। ट्रेन संख्या 18617 रांची- मधुपुर एक्सप्रेस 06.00 बजे रांची से प्रस्थान करेगी और 1.50 बजे मधुपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 18618, मधुपुर-रांची एक्सप्रेस मधुपुर से अपराह्न तीन बजे प्रस्थान करेगी और रात 11.15 बजे रांची पहुंचेगी।

# 6 से 9 जनवरी को पुंदाग में होगा 151 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति रांची के तत्वाधान में 6 जनवरी से 9 जनवरी 2024 तक पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) मंदिर के प्रांगण में अपराह्न 2ः00 बजे से 5ः00 बजे तक परम पूज्य गुरुदेव स्वामी श्री सदानंद जी महाराज श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का रसपान कराएंगे। स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से यह 2223 वीं एवं रांची की 37 वीं श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा होगी।

स्वामी श्री सदानंद जी महाराज 6 जनवरी को कोलकाता से रेल मार्ग द्वारा सुबह 5ः30 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे इनके साथ स्वामी श्री जी के शिष्य गीता पाठ एवं वाणी बितक वाचक रवि कांत शास्त्री संगीतज्ञ श्री पवन जी तिवारी श्री विनय जी शुबा कोलकाता से रांची पहुंचेंगे। श्रीमद् भागवत कथा व्यासपीठ एवं व्यास पीठ एवं व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक परमहंस स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के चंदन वंदन एवं पूजन का कार्य इस वर्ष श्रीमती अमिता विशाल जालान एवं उनके परिवार को दी गई है।गरीबों के मसीहा परमहंस संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित एमज़आरज़ एसज़श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 7 जनवरी रविवार को प्रातः 8ः00 बजे से पुंदाग ज्ञ.ह्र.क्ष के पीछे निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा आश्रम (मंदिर) के प्रांगण में स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में 151 जोड़ों का आदर्श सामुहिक विवाह कराया जाएगा। स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के सानिध्य में अभी तक लगभग 11000 से भी अधिक कन्याओं का विवाह योग्य वर से कराया जा चुका है। उनके द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह का कार्यक्रम 2005 से कराया जा रहा है। निर्धन कन्याओं का विवाह गुरु जी के द्वारा भारत में बंगाल मे, राजस्थान, हरियाणा, उड़ीसा, झारखंड तथा नेपाल,भूटान आदि देशों में भी कराए जा रहे हैं। प्रति वर्ष लगभग 500 से 700 कन्याओं का विवाह स्वामी जी के सानिध्य में कराए जाते हैं। इस संवाददाता सम्मेलन में संस्था के सचिव मनोज कुमार चौधरी उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, विशाल जालान अरविंद अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत,सज्जन पाडिया, ओमप्रकाश सरावगी,नंद किशोर चौधरी,सुरेश चौधरी, मधु जाजोदिया, विष्णु सोनी पुरणमल सर्राफ एवं महिला समिति की उर्मिला पाडिया, सुनीता अग्रवाल, कविता चौधरी विमला जालान, कविता गाडोदिया, ललिता पोद्दार एवं संस्था के काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# माधुरी को देख एक्ट्रेस बनने का ख्याल आया : सिमरन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची की सिमरन गुप्ता साउथ फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमा रही हैं। हाल ही में उनकी तेलगू में आई फिल्म 'अन्वेशी' सुपरहिट रही। बचपन से ही अपने काम को पहचान कर इसमें करियर बना रही सिमरन ने गुरुवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी एक्टिंग यात्रा के बारे में बताया। कहा कि शुरू से ही डांस करना, गाना गाना, कैमरे के सामने पोज देना अच्छा लगता था। माधुरी दीक्षित को एक्टिंग करते देख उनके एक्सप्रेशन को कॉपी किया करती थी। मम्मी ने हमेशा सपोर्ट किया, हर जगह मेरे साथ जाती थीं। अपनी साउथ की फिल्मों में काम करने को लेकर कहा कि भाषा बैरियर नहीं बनी। शूटिंग के एक दिन पहले ही डयलॉग लेकर याद कर लेती थी और उसके अगले दिन शूट होता था। इस दौरान सिमरन ने तेलुगू और तमिल में डायलॉग भी बोला। सिमरन ने एक्टिंग की ट्रेनिंग कहीं से नहीं ली। अबतक 450 से भी ज्यादा ऑडिशन दे चुकी हैं। पत्रकारों के सवाल के जवाब में सिमरन गुप्ता ने कहा कि नेपोटिस्म हर फील्ड में है, सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री की ही बात नहीं है। और आज के युवा जो इस फिल्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं वो लगे रहें। पूरी लगन से काम करें।



सिमरन ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ काम करने की इच्छा भी जाहिर की। साथ ही बॉलीवुड के अक्षय कुमार भी उन्हें पसंद हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनकी मां सीमा और पिता लक्ष्मण प्रसाद भी मौजूद रहे। सिमरन ने रांची के जिन कोरियोग्राफर से डांस सीखा था, सभी वहां आए, जिनसे सिमरन ने आशीर्वाद लिया। इनमें नमिता, इंद्रजीत सिंह, सतीश शाहदेव, रवि तिग्गा, अनमोल व उज्वल मौजूद थे। इससे पहले द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत व कोषाध्यक्ष कुबेर ने सिमरन को सम्मानित किया और मंच संचालन वरीष्ठ पत्रकार कुंदन चौधरी व परवेज कुरैशी ने किया।

# राज्य मानवाधिकार आयोग से दो पुलिसकर्मी की लिखित शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सैयद शीश आलम अधिवक्ता सिविल कोर्ट रांची ने झारखंड राज्य मानवाधिकार से लिखित आवेदन से इंसाफ की गुहार लगाई है। सैयद ने लिखा है कि हिन्दपीढ़ी थाना के दारोगा अनिल कुमार और ए. एस.आई. अजय सिंह द्वारा मदरसा दारूल कोरान के छात्रों को क्रूरतापूर्वक पीटने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना एक जनवरी 2024 की है। जब ये दोनों बच्चे पास के एक घर से कुरान पढ़ कर अपने मदरसा लौट रहे थे। छोटे बच्चों को पीटना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। आखिर मासूम और छोटे बच्चों को पीटना दारोगा के किस मानसीकता को दर्शाता है ? पुलिस का काम जाति और धर्म से परे होकर समाज के सुरक्षा और भयमुक्त जीवन देने की जिम्मेदारी होती है, लेकिन उक्त दोनों पुलिस पदाधिकारियों ने नफरत के आधार पर दो मासुम बच्चों को बेरहमी से पीटा। ऐसे संकिर्ण मानसिकता रखने वाले पुलिस से समाज में शांति सुरक्षा स्थापित नहीं हो सकती है। और न ही ये समाज में भय-मुक्त वातावरण का माहौल बना सकते हैं। उक्त घटना की जांच हिन्दपीढ़ी थाना के दारोगा अनिल कुमार एवं ए.एस.आई. अजय सिंह पर विभागीय एवं कड़ी कानुनी कार्यवाई करने की कृपा की जाए।

## पिपरवार के अशोका मे मनाया गया युनाईटेड कोल वर्क्स यूनियन का स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना के व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र मे युनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन का 86 वा स्थापना दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत सेवानिवृत डोजर ऑपरेटर ललकू गंझु ने झंडोतोलन कर एवं शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर किया।समारोह की अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष धनेश्वर गंझु ने किया।जिसके बाद यूनियन के संस्थापक सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।मुख्य वक्ता मे यूनियन के सचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य



अरविंद शर्मा ने यूनियन के 85 वर्ष के कठिन दिनों के संघर्षपूर्ण यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि आजादी से पहले अंग्रेजों के शासनकाल में कोयला मजदूरों का जीवन शोषण के कारण नारकीय था।उन दिनों ज्यादातर कोयला खदान भूमिगत खदान थे।खदानों में निजी मालिकों का काला कानून चलता था।बगैर सुविधा एवं सुरक्षा मानकों के कोयला मजदूरों से जानवरों की तरह काम लिया जाता था।इन्ही भयावह परिस्थितियों से लड़ने का जज्बा झारखंड के गिरिडीह के इलाके में 1935 में कोयला मजदूरों के दिल में जागा और 4 जनवरी 1939 को बनियाडीह कोलियरी के वर्कशॉप में कामरेड तालों चौधरी,मोहम्मद अली जान मिया,लेखों राय,हरिलाल कामगार,झूलन बढ़ई, मोहम्मद जहूर के नेतृत्व में विधिवत यूनियन का गठन किया गया।उन्होने कहा यूनियन ने संगठित मजदूरों के साथ असंगठित मजदूर के लिए भी कारगर संघर्ष किया है उसी की देन है हाई पावर कमेटी का वेतन आउट सोर्स में लागू होना।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र के मजदूर और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ भी सभी को एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने की जरूरत है।इस मौके पर मनोज राम,दिलीप कुमार महतो, सेवक गंझु,ललकु गंझु, रामनाथ महतो,अमित कुमार, दिनेश दुसाध,प्रिया कुमारी, गीता देवी,नागिया देवी, लेंगियाया देवी,भारत नोनिया, कुंवर महतो, तेशलाल राम, आईडी मेहता, ऋषिकेश मिश्रा, संजय तुरी, शत्रुघ्न केसरी, कलामुद्दीन, अनिल सिंह, फेकला देवी, रमेश कुमार,बरजू गंझु,लाली देवी,सविता देवी,राज मुनि देवी,अशोक गंझु,बलराम भोक्ता सहित काफी संख्या में कोयला मजदूर उपस्थित थे।

## अलग बीरबांकी प्रखंड की मांग अब तेज होगी : सिंगराय टूटी

**खुंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती घने जंगलों से आच्छादित बीरबांकी के छौ- मेला टांड में गुरुवार को झारखंड सरकार के पुर्व अभियंता प्रमुख सिंगराय टूटी की अगुवाई में अलग बीरबांकी प्रखंड की मांग को लेकर दक्षिणी अड़की के सात पंचायत तिरला,तिनतिला, बोहण्डा,मदहातु कोचांग,बीरबांकी और तोडांग के ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से अलग बीरबांकी प्रखंड की मांग को तेज करने और इसे मुकाम पर पहुंचाने को लेकर अड़की प्रखंड उप प्रमुख जोसेफ कंडीर की अध्यक्षता में एक कमिटी का गठन किया गया जिसमें सचिव मुचिराय मुंडा,उपाध्यक्ष फिलिप सोय,कोषाध्यक्ष गीता समद,उप कोषाध्यक्ष जागराम मुंडा,संयोजक सागर मुंडा,संरक्षक पुर्ण चंद्र सिंह मुंडा,संरक्षक प्रहलाद महतो, कार्यकारिणी सदस्य बोगान मुंडा बनाया गया।मौके पर सिंगराय टूटी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2005 में अलग बीरबांकी की मांग को लेकर दक्षिणी अड़की में एक कमिटी का गठन किया गया था जिनके अगुवाई में तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भौगोलिक आर्थिक और दूरस्थ इलाकों में जनजातीय समुदायों लोगों की परिस्थितियों को देखते हुए अलग बीरबांकी प्रखंड की मांग का अनुसंशा कर फाईल अग्रसारित कर दिया गया था इस मांग को लेकर कमिटी के लोग दिशोम गुरु शिबु सोरेन और तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का से मिलकर दक्षिणी अड़की के जनभावनाओं से अवगत कराया पर पता नहीं अलग बीरबांकी प्रखंड की मांग की फाईल कहां अटक गई समझ से परे है खैर तब मैं संवैधानिक पद के दायरे में बंधा था अब मैं सेवानिवृत्त होकर स्वतंत्र हो गया हुं अब बीरबांकी प्रखंड हर हाल में बनकर रहेगा इसके लिए हम सब को मिलकर आंदोलन तेज करना होगा।

## नयाधौड़ा बुकबुका में बजबजाती नाली से परेशानी

**खलारी :** बुकबुका पंचायत अंतर्गत नयाधौड़ा में बजबजाती नाली से आम लोग परेशान हैं। नाली का गंदा पानी नाली से बाहर निकलकर आसपास फैलकर जमा हो गया है. वहां से गुजरने वाले रास्ते पर भी नाली का पानी फैला हुआ है.स्थानीय लोगों ने बताया कि नयाधौड़ा बस्ती से निकलने वाला यह नाली सड़क के नीचे



पाइप से होकर दक्षिण की ओर बड़ा नाले में मिल जाता है. परंतु सड़क के नीचे लगे पाइप का व्यास कम होने के कारण वह जाम हो गया है और पानी उससे पार नहीं हो पा रहा है.लोगों का कहना है कि उस जगह बड़े व्यास का पाइप लगाकर एक छोटा कल्वर्ट बनाने की आवश्यकता है ताकि नाली का पानी बिना रूकावट दक्षिण की ओर नाली से बहते हुए बड़े नाले तक पहुंच जाय. बस्ती के लोगों ने स्थानीय मुखिया सहित खलारी बीडीओ से इस समस्या का निराकरण कराने के लिए गुहार लगाया है.

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में कर्रा में बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों की बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय, खूंटी के सभागार में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 60-खूंटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों के प्रपत्र-6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र-8 का सुपर चेकिंग किया गया। बैठक में 60-खूँटी के ई0आर0ओ0-सह अनुमंडल पदाधिकारी, खूंटी अनिकेत सचान, प्रखंड विकास पदाधिकारी,खूंटी सहित संबंधित बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक शामिल थे। उपायुक्त ने सभी



बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को फॉर्म-6 के द्वारा अधिक से अधिक नये मतदाता (18 एवं 19 आयु वर्ग) का नाम जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के दौरान मतदाता सूची में नाम नहीं रहने के कारण कोई भी पात्र मतदाता अपने वोट देने के अधिकार से वंचित ना रह जाय। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की अवधि से पूर्व प्राप्त प्रपत्र 6, 7 एवं 8 तथा फोटो सिमिलर इन्ट्री एवं डेमोग्राफिकल सिमिलर इन्ट्री के लंबित कार्यों का 12 जनवरी 2024 तक निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया कि ई-विद्यावाहिनी में पंजीकृत विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के दौरान विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि किसी भी विद्यार्थी का नाम छूट ना जाय। उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि मतदाताओं से संबंधित सभी प्रपत्रों को भरने में विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए। सभी प्रपत्रों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करने का निर्देश दिया गया। निर्देशित किया गया कि बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक डोर टू डोर जाकर मतदाताओं के नाम का सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे ताकि मतदाता सूची त्रुटि रहित हो। उन्होंने निर्देश दिया कि गलती से किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित हो जाने की स्थिति में प्रपत्र-6 का उपयोग कर उसका नाम पुनः मतदाता सूची में अवश्य ही जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि नये योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के कार्य में विशेष जोर दिया जाना चाहिए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बीएलओ एव बीएलओ पर्यवेक्षक अपने स्तर से प्रपत्रों का सुपर चेकिंग सुनिश्चित करें।

## रैयतों का धरना 96 वें दिन भी रहा जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच खदान से सटे जामुनदोहर के निकट 9 6 दिनों से बेमियादी धरना जारी है.धरना पर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले रतिया गंझू पिछले एक अक्तूबर से नौकरी, मुआवजा और विस्थापन की मांग को लेकर रैयतों के साथ बैठे हैं. धरना पर बैठे रतिया गंझू ने बताया



कि नौकरी, मुआवजा, विस्थापन सहित अन्य मांगों को लेकर जारी धरना की तीन माह से ज्यादा हो चला है, बावजूद अबतक एनके प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा धरना समाप्त कराने को लेकर कोई उचित पहल की नही की जा रही है. उन्होंने बताया कि चार दशक पूर्व में इस जमीन को सीसीएल के द्वारा अधिग्रहण तो किया गया, परंतु सीसीएल प्रबंधन द्वारा आरआर पॉलिसी के तहत न तो मुआवजा मिला है और न ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है. उन्होंने कहा कि पिछले दिनों इसका प्रयास किया भी गया तो मीटिंग स्थल पर सीओ नहीं पहुंच पाए. जिसके कारण वार्ता स्थगित कर दिया गया. कहा कि यह धरना तबतक जारी रहेगा जबतक हमारी मांगे पूरी नही की जाती है. धरना में रतिया गंझू के अलावा संतोष कुमार गंझू, करमा तुरी, देवराज गंझू, रोशन गंझू, महावीर गंझू, संजय गंझू, अंकित टोप्पो एवं विमल कुमार उपस्थित थे.

## अबुआ आवास योजना को लेकर विशेष ग्राम सभा की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के कराँजी पंचायत सचिवालय में गुरूवार को अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन को लेकर विशेष ग्राम सभा की बैठक मुखिया फ्रांसिसका मिंज की अध्यक्षता में किया गया। पंचायत के कार्यकारिणी सदस्यों, पंचायत समिति सदस्य समेत पंचायत के लोगों के साथ बैठक कर आवास के लिए योग्य लाभुकों के चयन प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी।

बैठक में पंचायत के सुयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने का निर्णय लिया गया।



मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान ने लाभुक चयन कि प्रकिया, दावेवारी कि प्रक्रिया को विस्तार से जानकारी दिया। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अमीन अंसारी ने अबुआ आवास के पंचायत स्तरीय सत्यापन दल द्वारा दिये गये, लाभुकों की सूची को पढ़कर सुनाया। सत्यापन दल द्वारा दिये सूची में -574 योग्य व 100 अयोग्य लाभुक पाये गये थे। बैठक में 12 ग्रामीणों ने आपती दावा दर्ज कराया। मौके पर मुखिया फ्रांसिस्का मिंज ने कहा कि अबुआ आवास का लाभ योग्य और जरूरतमंद लाभुकों को मिले। लाभुकों का कागजी प्रक्रिया जल्द पुरा कर आवास लाभ दिया जाय। जिनको पूर्व में इंदिरा, अंबेडकर, पीएम आवास मिला हो वैसे लाभुकों को दोबारे अबुआ आवास का लाभ नहीं दिए जाने की बात कही। इस मौके पर पूर्व मुखिया साजर तिर्की, ग्राम प्रधान ऑस्कर तिर्की, वार्ड सदस्य, अनु देवी, रमेश तिर्की, संगीता देवी, करमा लोहरा, रिता देवी, सुभाष बेक, जुबेदा खातुन, आसमा खातुन, रेखा उराँव,सोयब अंसारी, सफिक अंसारी, नौसाद आलम, मजहर अंसारी सहित लाभुक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरगड़ी पोस्ट मास्टर ने गरीब किसानों के बीच कंबल का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत बरगड़ी पंचायत के मेधा दुग्ध संग्रहण केंद में बरगड़ी पोस्टमास्टर जावेद अंसारी ने गुरुवार को गरीब दुग्ध किसानों के बीच ठंड से बचाव के लिए कम्बल का वितरण किया। इस दौरान जावेद अंसारी ने कहा कि



पंचायत क्षेत्र के वैसे किसान जो लाचार बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उनलोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप ओर ज्यादा बढ़ने की संभावना है। मौके पर पंचायत समेत आसपास के किसान उपस्थित थे।

## ग्राम प्रभारियों की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सिठियों एवं चेट्टे पंचायत में राँची जिला सचिव जोन तिग्गा के नेतृत्व में बैठक कर ग्राम प्रभारीयों को निर्देशित करते हुए प्रकाश लकड़ा ने कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है आजसू पार्टी पार्टी नहीं परिवार है आइए सभी लोग एक मंच पर आकर आजसू



पार्टी का संगठन को बेहतर मजबूती प्रदान करें। राज्य का विकास की संभावनाएं अनेक है,और माननीय श्री सुदेश कुमार महतो जी के नेतृत्व में हीं झारखण्ड राज्य का सर्वांगीण विकास हो सकता है।मुख्य रूप से आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,महिला मोर्चा राँची जिला अध्यक्ष श्रीमति वीणा कुमारी, महिलौंग पंचायत प्रभरी अमृत महतो,सकील अन्सारी,सहजाद अन्सारी,अईनूल अन्सारी,हसनैन अन्सारी,मोज्मोविउदिन अन्सारी,जोन बखला वैगरह उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस नेता को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की बधाई दिया

**सिल्ली :** युवा कांग्रेस नेता सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक को सिल्ली के कांग्रेस जनों ने उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई के साथ शुभकामनाएं दिए! इस मौके पर जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो ,कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी ,मणिराम दास, बलराम महतो, मंजूर मोमिन, नीताय महतो ,प्रकाश मुंडा, सकरुद्दीन, पिनाकी बैनर्जी, सदानंद सोनार, शिशुपाल रजक इन सभी ने बधाई दिया!

## गांव घूमकर लोगों को जल, पर्यावरण, कृषि और स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे

**अनगड़ा :** 21-दिवसीय सामुदायिक विसर्जन के दौरान, पीरामल फाउंडेशन के गांधीफेलो, मुगीश, ग्रामीणों के साथ उनके घरों का दौरा करके, स्वयं सहायता समूहों, किसानों, स्कूली बच्चों और सामान्य आबादी जैसे विभिन्न समूहों के साथ बैठ कें आयोजित करके सक्रिय रूप से जुड़ते हैं। वह उन्हें पानी, स्वच्छता,पर्यावरण संबंधी चिंताओं और कृषि के महत्व के बारे में शिक्षित करते हैं।मुगीश जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हैं, न्यूनतम पानी के उपयोग के साथ उत्पादन बढ़ाने के लिए ड्रिप सिंचाई जैसी प्रथाओं को अपनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित और जागरूक करते हैं। इसके अतिरिक्त, वह मासिक धर्म स्वच्छता और ठोस एवं तरल कचरे के उचित निपटान जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करते हैं, एस.बी.एम.-द्वद्व ग्रामीण और जे.जे.एम के घटकों के प्रति ग्रामीणों के बीच स्वामित्व की भावना पैदा करने के लिए गतिविधियों और खेल खुद का उपयोग करते हैं। वह आगे बताते हैं कि मेरा अंतिम लक्ष्य जागरूकता और सक्रिय भागीदारी के माध्यम से गांव को एक आदर्श समुदाय में बदलना है।

## डालसा सभागार में मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**खूंटी :** झालसा के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में डालसा सभागार भवन खूँटी में मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, 2019 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि मोटर दुर्घटना के मामले अत्यन्त गंभीर होते हैं इसमें जिन्दगी और मौत का सवाल होता है यदि उस गोल्डन आवर में उसकी तुरंत मदद ना किया जाय तो व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसलिए हम सबको अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी और इसका निर्वाह करना होगा। सभी पी.एल.वी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पी0एल0वी पीड़ित व्यक्ति को घटना स्थल से लेकर अस्पताल एवं प्रशासनिक मदद दिलाने के लिए त्वरित कर्रवाई करने के लिए तत्पर रहें ताकि बहुमूल्य जान बचाया जा सके। एलएडीसी चीफ राजीव कमल ने कहा कि सही वक्त पर दवा एवं निःशुल्क इलाज होना अति आवश्यक है। मोटर वाहन दुर्घटना में ए.आई.आर. सभी पुलिस जॉच अधिकारी को 30 दिनों के अन्दर जमा करना है और यह माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आदेश है जिसे सबको पालन करना है। एलएडीसी अस्सिटेंट अमरदीप कुमार ने कहा कि एफएआर 48 घंटे के अन्दर एमएसीटी न्यायालय में जमा कराएँ। इस कार्यशाला में डालसा के डेप्युटी चीफ नम्रता कुमारी, सभी पी.एल. वी. आदि उपस्थित रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 311276 Building(23-24)D है, जो क्रमांक 1, 2, 3, 8, 9, 10, 12, 13, 14 एवं 15 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 315145 (Building) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़**

**संविदा आधारित प्रारंभिक मेधा सूची प्रकाशन रद्द संबधी सूचना**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ के अधीन प्रखण्ड स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित प्रारंभिक मेधा सूची **Block WASH Coordinator** का प्रकाशन जिसका PR No. 275319 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है। जिसकी सूचना NIC Ramgarh पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
रामगढ़।

PR.NO.315133 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता ग्रमण्डल, रामगढ़**

**(संविदा आधारित प्रारंभिक मेधा सूची प्रकाशन रद्द संबधी सूचना)**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ के अधीन जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित प्रारंभिक मेधा सूची **लेखापाल (Accountant)** का प्रकाशन जिसका PR No. 273395 (Drinking Water and Sanitation) 22-12 (D) को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है। जिसकी सूचना NIC Ramgarh पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ

PR 315132 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़।**

**(संविदा आधारित अंतिम मेधा सूची प्रकाशन रद्द संबधी सूचना)**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ के अधीन जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित अंतिम मेधा सूची MIS Coordinator, IEC Coordinator एवं SBM –cum-SLWM Coordinator का प्रकाशन जिसका PR No. 305623 Drinking Water and Sanitation (23-24)D को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है। जिसकी सूचना NIC Ramgarh पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR 315130 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

(तृतीय आमंत्रण)

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/सिमडेगा/16/2023–24
दिनांक–03.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत कुरडेग (MDR-044 पर)– करमडीह–गरियाजोर–छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ (कुल लंबाई 11.85 कि.मी.) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपया में) | रूपया 7,13,22,244.00 (सात करोड़ तेरह लाख बाईस हजार दो सौ चौलाईस रू0) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह। |
| 4. | बेबसाईड पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 11.01.2024 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से। |
| 5 | ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.01.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 6. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.01.2024 के अपराह्न 12:30 बजे। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा–835223 |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 82358–16924 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

- विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
- निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

PR 315074 (Simdega) 23-24 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन कर वापस शहर लौटे भटली परिवार के 46 सदस्य



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्याम भटली परिवार टाटानगर के 46 सदस्यों की टीम रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकुशाल गुरूवार को वापस शहर लौटी। ललित डाँगा के नेतृत्व में 11 दिवसीय यात्रा के दौरान कर टीम ने रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग के बाद मदुरै में मिनाक्षी मंदिर का दर्शन किया। कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद मेमोरियल भ्रमण एवम केरल के अल्लेप्पी, मुनार में नेचर्स का आनंद लिया। इस यात्रा में जाने वाले प्रमुख सदस्य क्रमशः जवाहर लाल डाँगा, ललित डाँग, प्रवीण भालोटिया, मदन अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, देवाशीष चौधरी, बिस्सू नरेडी, मोहन केडिया, हरिकिशन अग्रवाल, राम कृष्ण कुइला, अजय गोयल आदि हैं।

## कांठा सिंह के निधन पर क्षेत्र में शोक व्याप्त, आम से खास लोगो ने दी श्रद्धांजलि



**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला प्रखंड के दामपाड़ा अंतर्गत लेदा गांव के बहुत चर्चित समाजसेवी कांठा सिंह के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, घाटशिला के जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह, देवयानी मुर्मू, लखन मार्डी अनाथालय पहुंचे एवं उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह ने कहा कि कांठा सिंह तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल के हाथों सम्मानित होने वाले घाटशिला के लेदा निवासी कांठा सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। दिल्ली तक लोग उन्हें जानने लगे थे। इस मौके पर मुखिया फागु सोरेन, उप मुखिया बिशु टुडू, भाजपा नेता संजय तिवारी, ब्रजेश सिंह समेत अन्य लोगो ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

## निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 7-8 को, पोस्टर लॉन्च



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 7 एवं 8 जनवरी 2024 को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन (आम बागान मैदान के पास) में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम दोनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। शाखा की महिलाओं ने गुरूवार को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का पोस्टर लॉन्च किया। मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका उषा चौधरी एवं खुशबू कांवटिया ने बताया कि श्री भगवान महावीर विकालांग सहायता समिति के सहयोग से इस निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हो रहा हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से सचिव कविता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, पिंकी केडिया, पूजा अग्रवाल, प्रियंका, बिंदिया नरेडी, चंदा चौधरी, अनीता खेमका, श्वेता आदि मौजूद थी।

## आरोहण फाइनेंशियल ने पेश की डिजिटल ऋण सुविधा आरोहणप्रिविलेज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित कोलकाता स्थित एनबीएफसी-एमएफआई, आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड अब देश भर के सभी योग्य माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों के लिए अपनी पहली डिजिटल माइक्रोफाइनेंस सेवा, आरोहणप्रिविलेज पेश किया है। 18 राज्यों में काम कर रही कंपनी जल्द ही भारत के दक्षिणी हिस्सों में भी अपना विस्तार करेगी। आरोहणप्रिविलेज ऋण का टिकट आकार 5,000 रुपये से 75,000 रुपये तक है। ग्राहक इस सेवा का लाभ घर बैठे कर सकते है। इस चैनल द्वारा 100 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा ऋण वितरित किए जा चुके हैं। आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की हेड ऑफ डिजिटल ग्रोथ रीमा मुखर्जी ने कहा, हम देश भर में योग्य ग्राहकों के लिए उद्योग में अपनी पहली डिजिटल ऋण सुविधा के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, यह भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है।




## डिमना लेक में स्माइल क्लब कुटिमाकुली का वनभोज संपन्न



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के भादुडीह, कुटिमाकुली समेत कई गांवों के युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने के लिए बनाई गई स्माइल क्लब वर्तमान में क्षेत्र की एक चर्चित फुटबॉल टीम बन गई है। टीम के मैनेजर उमेश महतो की ओर से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए गुरुवार को डिमना लेक परिसर में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित अतिथियों में पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, समाजसेवी लुलु बहादुर, शंकर कच्छप व लवकिशोर हांसदा एवं हलुदबनी के ग्राम प्रधान विनय नरेश मुर्मू ने क्लब के तीनों (ए, बी व सी) टीमों से जुड़े खिलाड़ियों की प्रशंसा की। खिलाड़ियों में मुख्य रूप से पूर्ण चन्द्र महतो, सोना मुर्मू, राजू सिंह, बिन्दा सिंह, पूर्ण सिंह, लीचु सिंह, रवि मुर्मू, सत्या टुडू, सुनील माहली, मटू मार्डी, ईश्वर हांसदा व तपन महतो दर्जनों की संख्या में लोग शामिल थे।

## दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी पूरी

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड के प्रसिद्ध चोकेगाडिया फुटबॉल मैदान में आगामी 6 एवम 7 जनवरी को आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारियों पूरी कर ली गयी है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में फुटबॉल प्रतियोगिता को पूस माह में पर्व के तर्ज पर मनाया जाता है। पूरे महानिने प्रतिदिन कही न कही फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया ही जाता है। इस प्रतियोगिता में झारखंड, बंगाल के आलावा ओडिसा के खिलाड़ी भी भाग लेते हैं। वही हजारों की संख्या में दर्शक मैच का को देखने आते है।


# जिप अध्यक्ष ने किया कांड्रा हाट बाजार का निरीक्षण स्थिति देख कहा उच्च अधिकारियों से करेंगी बात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** ज़िप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा अपनी टीम के साथ गुरुवार को कांड्रा हाट बाजार पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाजार परिसर में निर्मित शेड की जर्जर अवस्था तथा वहां दुकानदारों और ग्राहकों के लिए उपलब्ध सुविधाओ, गंदगी, जल निकासी व प्रकाश की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने दुकानदारों को बताया कि बाजार परिसर की स्थिति काफी दयनीय है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वे इस बाबत राज्य के कृषि मंत्री और जिले के उपायुक्त से मिलकर त्वरित कार्रवाई किए जाने की मांग करेंगे। इस दौरान मौजूद ज़िप सदस्य पिंकी मंडल ने बताया कि आगामी 6 जनवरी को होने वाले बोर्ड की बैठक में इन सभी मुद्दों को रखा जाएगा। गौरतलब है कि विगत दिनों पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रकाश कुमार राजू ने कृषि मंत्री बादल चित्रलेख समेत जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला व ज़िप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा को ज्ञापन सौंपकर कांड्रा बाज़ार की समस्याओं से अवगत कराते ज्ञापन सौंपकर इसके समाधान की मांग की गई थी। तत्पश्चात गुरुवार को ज़िप अध्यक्ष ने कांड्रा बाजार का दौरा कर परिसर में व्याप्त समस्या का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ ज़िप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो उपाध्यक्ष, प्रकाश कुमार राजू, लाल बाबू सरदार समेत सभी दुकानदार मौजुद थे।



# हाथी भगाने के क्रम में गिरा कुआं में, रेस्क्यू जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** चांडिल वन क्षेत्र अधीन आंडा गांव में चौका पालना एलिफेंट ड्राईव टीम द्वारा एलिफेंट को ड्राईव कराने दौरान एक एक छः फिट का हाथी सूखे कुआ में गिरा। घटना अंडा गांव के रोहिन सिंह मुंडा के घर के सिंचाई कुआ के पास घटी। कुआं में 20 फीट नीचे हाथी भागने के दौरान गिर पड़ा। इस घटना में हाथी गंभीर रूप में घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि हाथी के झुंड में 15 से 20 हाथी थे जिसे जयराम महतो चौका पालना टीम द्वारा गजराज की झुंड को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला के मुनीबाबा जंगल की ओर खदेड़ रहा था ।उसी दौरान झुंड में से एक हाथी सूखे कुआं में गिर गया। आज सुबह चांडिल वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से हाथी को निकालने की प्रयास किया जा रहा है।

# अबुआ आवास को लेकर पारगामा में आम सभा का आयोजन

**तिरुलडीहः** कुकडु प्रखंड के पंचायत पारगामा के गांव पारगामा में गुरुवार को अबुआ आवास योजना को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें गांव के ग्रामीण एवं पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव,पारगामा गांव के ग्रामप्रधान, उपमुखिया,पंचायत समिति सदस्य,रोजगार सेवक,कनीय अभियंता सभी के उपस्थिति एवं सहमति से अयोग्य आवेदक को निरस्त किया गया। साथ ही योग्य लाभुक जो आवेदन नही दे सके उनका आवेदन लिया गया। वहीं योग्य आवेदकों को आवास योजना का लाभ दिलवाने हेतु ग्राम सभा किया गया।अंतिम सूची विभाग के अधिकारी को अग्रसारित किया गया।

# नशाखोरी के खिलाफ हाटम्हरिया प्रभारी से जनता खुश, सरकार से सम्मानित करने की अपील की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जगन्नाथपुर :** हाटगम्हरिया थाना प्रभारी बालेश्वर उरांव के प्रयास से जगन्नाथपुर अनुमंडल क्षेत्र के अलावे झारखण्ड व ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रतिबंधित विंसरेक्स कफ सिरफ के रुप में युवाओं को नशाखोरी से बर्बाद करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है. इस क्रम में एक पिकअप वैन (जेएच05डीएच-2946) पर 50 पेटियों में लदा 6000 सिरप का बोतल के साथ चालक अनीस (27 वर्ष) मौलानागोड़ा, चम्पुआ (क्योंझर, ओडिशा) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस कारोबार में शामिल बिहार, झारखण्ड व ओडिशा के संगठित गिरोह का नाम सामने आया है. इसके खिलाफ चालक के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है. वहीं लोगों का कहना है कि जो काम आज तक जगन्नाथपुर थाना नही कर पाया वह काम हाटगम्हरिया प्रभारी ने कर दिखाया, जो की काफी सहनीय कार्य है. कहा सरकार और जिला प्रशासन से अनुरोध है कि हाटगम्हरिया प्रभारी को सम्मानित करना चाहिए. सूत्रों के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार चालक ने पुलिस को चम्पुआ निवासी मो. इस्राफील आलम, जैतगढ़ का सागर बेहरा, जगन्नाथपुर का कोटे, मिंटू, हसन ईमाम, बड़का, बड़ाजामदा का डॉन षाड़ंगी, नोवामुण्डी का विशाल प्रसाद आदि लोगों का नाम बताया है, जो ड्रग्स के इस अवैध कारोबार में शामिल हैं. पुलिस इनके खिलाफ भी जांच कर रही है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बालेकर उरांव, एसआई मुकेश हेम्ब्रम, आरक्षी मोलाराम हाईबुरु, विपिन कुमार भगत, रतिलाल सोरेन, हरिओम राम आदि शामिल थे.

# करीम सिटी कॉलेज बीएड में प्राथमिक चिकित्सा सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के शिक्षा संकाय में प्राथमिक चिकित्सा सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। डिसिप्लिन सेल की कन्वेनर डॉक्टर सुचेता भूईयां, को-कन्वेनर डॉ परवीन उस्मानी और अन्य सदस्य ने इस कार्यशाला का आयोजन करवाया। फर्स्ट ऐड सेफ्टी एंड डिजास्टर मैनेजमेंट के असिस्टेंट अमृतलाल इस कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन थे। उन्होंने अग्नि सुरक्षा सड़क सुरक्षा एवं सामान्य सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मोहम्मद रियाज भी कार्यशाला में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुचेता भूईयां ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर पंकज कुमार ने किया। बी.एड. और डी.एल.एड. के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं इस कार्यशाला से जागरूक हुए।



## सीओ व जगन्नाथपुर पुलिस ने मुन्दुई व गुमुरिया बालू घाट में की छापेमारी, बैरंग लौटे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** जगन्नाथपुर थाना अन्तर्गत जैतगढ़ क्षेत्र के मुन्दुई और गुमुरिया बालू घाट का अंचल अधिकारी मनोज मिश्रा व जगन्नाथपुर थाना प्रभारी राकेश रंजन के नेतृत्व में गुरुवार की अहले सुबह छापेमारी की. इस छापेमारी के दौरान बालू की तस्करी करते कोई भी पाया नहीं गया. पुलिस-प्रशासन की टीम बैरंग वापस लौट आयी. पुलिस-प्रशासन की इस कार्यवाही से माफियाओं में खलबली मची हुई है. मालूम हो कि भारतीय जनता पार्टी के जगन्नाथपुर प्रखंड अध्यक्ष राईभूमिज ने अपने पार्टी के वरीय पदाधिकारी से इनकी शिकायत की थी. श्री राईभूमिज ने बताया कि जिस अवैध बालू की तस्करी की वजह से देर शाम से देर रात तक जैतगढ़ बाजार में जाम की स्थिति हो जाती है. उक्त दोनों बालू घाट से एक मात्र सड़क भंगा पुलिया व जैतगढ़ के रास्ते है, जहाँ से खुलेआम बालू की तस्करी होती है.

# जेबीवीएनएल के विचित्र नियमों से परेशान हैं गांव से शहर तक उपभोक्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** एक और जहां सरकार हर घर में बिजली पहुंचाने का अभियान चला रही है, और उपभोक्ताओं को सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा कर चुकी है, वहीं झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कर्मचारियों की लापरवाही एवं मनमानी से शहर से गांव तक उपभोक्ता विविध समस्याओं से परेशान हैं। बिजली वितरण के मामले सरकार की घोषणा के आधार पर लाभान्वित होने की अपेक्षा अनेक उपभोक्ता काफी नुकसान उठाने को बाध्य हैं। कुछ ग्रामीण उपभोक्ताओं के अनुसार कनेक्शन लेने के बाद अपना कंजूमर नंबर और बिजली बिल जमा करने के लिए वर्षो से स्थानीय विद्युत कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। कंजूमर नंबर के नहीं मिलने पर बिल नहीं जमा हो रहा है। दूसरी ओर बिल ब्याज के साथ निरंतर बढ़ते जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया जब लंबे अंतराल के बाद एकमुश्त बिल इन्हे थमा दिया जाएगा तो घर की जरूरत की वस्तु बेच कर बिल भरनी पड़ेगी। जिले में बड़ी संख्या में ऐसे विद्युत उपभोक्ता हैं जो अपना कंजूमर नंबर लेने के लिए झारखंड बिजली वितरण निगम के स्थानीय कार्यालय का चक्कर महीनों से लगा रहे हैं। कार्यालय के कर्मचारियों का कहना है कि हम लोगों ने बिजली का कनेक्शन कर दिया है अब कंज्यूमर नंबर देना हम लोगों का काम नहीं वह रांची से पोर्टल में आएगा। कब आएगा यह पता नहीं हम लोगों का काम हमने कर दिया है। जबकि शहरी क्षेत्र के अनेक उपभोक्ता सही समय पर मीटर रीडिंग नहीं लेने के कारण परेशान हैं। कुछ उपभोक्ताओं के अनुसार प्रतिमाह निर्धारित तिथि को एजेंसी द्वारा प्रतिनियुक्ति कर्मी मीटर रीडिंग लेने नहीं आते हैं। कभी कभी एक साथ दो महीने में भी आते हैं। इस प्रकार सही समय पर बिल नहीं बनने से अधिक यूनिट दर्ज हो जाती है। जिसके कारण सब्सिडी मिलने की अपेक्षा अधिक दर से उन्हे बिल प्राप्त होता है। अनेक उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि अगर सौ यूनिट बिजली की छूट सरकार दे रही है तो इसका लाभ बड़े एवं छोटे दोनो उपभोक्ताओं को मिलनी चाहिए। जो सौ यूनिट से अधिक बिजली खर्च करते हैं उन्हें भी सौ यूनिट घटा दिया जाना चाहिए।

# दुर्लभ सिक्कों की प्रदर्शनी जैमकॉइन 2024 साकची बंगाल क्लब में आज से शुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कॉइन कलेक्टर्स क्लब जमशेदपुर द्वारा 5 से 7 जनवरी 2024 तक बंगाल क्लब, साकची, 29वीं राष्ट्रीय स्तर की दुर्लभ सिक्कों की प्रदर्शनी की जैमकॉइन 2024 का आयोजन कर रही है। प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है, और यह प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक खुला रहेगा। यह कार्यक्रम 1996 से लगातार आयोजित की जा रही हैं। स्कूली छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए 6 जनवरी को दोपहर 03:00 बजे से मुद्राशास्त्र पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी । सदस्य और स्कूली छात्र ब्रिटिश भारत के सिक्के, प्रमाण सिक्के, हैदराबाद रियासत के सिक्के, छोटे द्वीपों के सिक्के और बहुत कुछ जैसे विषयों पर आधारित अपने सिक्के प्रदर्शित करेंगे। इसके अतिरिक्त, विश्व बैंक नोटों पर तानाशाहों, पॉलिमर मुद्राओं, उच्च-मूल्य अवमूल्यन वाली मुद्राओं, त्रुटि मुद्राओं और अन्य जैसे विषयों पर आधारित मुद्राओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें 15 से अधिक स्कूलों की भागीदारी की उम्मीद है, जिसमे 20 से अधिक क्लब सदस्य अपने सिक्कों और मुद्राओं का प्रदर्शन करेंगे। इसके अतिरिक्त, 15 से अधिक डीलर इस प्रदर्शनी में भाग लेंगे।




# आप के गौरडीह पंचायत अध्यक्ष बने निपेन सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड की गौरडीह पंचायत के गौरडीह गांव में गुरुवार को आम आदमी पार्टी की एक जरुरी बैठक प्रखंड अध्यक्ष दिलीप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती के अलावे अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ ने कहा कि 2024 चुनावी वर्ष है। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में जुगसलाई विधानसभा से आप प्रत्याशी को भारी मतों से जीता कर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के हाथों को मजबूत बनाना है। इसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दें कार्यकर्ता। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में निपेन सिंह, उपाध्यक्ष में आरती रुहिदास, सनातन सिंह, धीरेन माझी समेत 15 सदस्यों एवं महिला मोर्चा की अध्यक्ष सेफाली सहिस, सचिव नयन मनी महतो, कोषाध्यक्ष पुर्णिमा महतो समेत 13 सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष सुधांशु महतो, मंटू सिंह, कैलाश सिंह, फूलचांद सिंह, सुभाष सहिस, सुखु सिंह, शालिग्राम मिश्रा व अनिल मांझी आदि उपस्थित थे।



# सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) के अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए आवेदन शुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) एसआईयू ने अपनी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीखों की घोषणा कर दी है, ये परीक्षाएं युनिवर्सिटी के संस्थानों में विभिन्न अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए ली जाती हैं। इन परीक्षाओं में शामिल हैं एसईटी- जनरल (सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट), एसईटी- लॉ सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (एसएलएटी) और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (एसआईटीईईई)। परीक्षाओं का संचालन देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट (सीबीटी) मोड में किया जाता है। एसईटी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन 13 दिसम्बर 2023 से 12 अप्रैल 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। एसईटी का आयोजन रविवार 5 मई 2024 और शनिवार 11 मई 2024 को होगा। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाईट **www.set-test.org**/के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (एसएलएटी 2024) का संचालन 5 मई 2024, रविवार और 11 मई 2024 शनिवार को सीबीटी मोड में एसएलएटी 2024 टेस्ट सेंटरों में किया जाएगा। पुणे, नोएडा, हैदराबाद और नागपुर में सिम्बायोसिस के सभी लॉ स्कूलों के लिए सिम्बायोसिस टेस्ट सेक्रेटेरियट ने 13 दिसम्बर 2023 को एसएलएटी आवेदन प्रक्रिया 2024 शुरू कर दी है। एसआईटीईईई 2024 की आवेदन प्रक्रिया कई बीटेक प्रोग्रामों के लिए ऑनलाईन की जाएगी। इसके लिए टेस्ट की 5 मई 2024 (टेस्ट 1) और 11 मई 2024 (टेस्ट 2) है। वे उम्मीदवार जो एसआईटीईईई 2024 में हिस्सा लेना चाहते हैं वे अंतिम 12 अप्रैल 2024 से पहले ऑफिशियल वेबसाईट पर विज़िट करें। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) की कई राज्यों और शहरों जैसे पुणे, नोएडा हैदराबाद, नागपुर और बैंगलुरू में मौजूदगी है।

## जन कल्याण समिति महुलडीह ने जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरीत किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत चमारू पंचायत के नेंगटासाई ग्राम में जन कल्याण समिति, महुलडीह टोला की ओर से उन जरूरतमन्दों को गर्म वस्त्र व कंबल वितरण उपलब्ध कराया गया। इस दौरान एक सौ से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म वस्त्र व कम्बल वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी सह समिति के सदस्य गोपाल महतो ने बताया कि मानवता की रक्षा हेतु हम सभी का यह दायित्व है कि हमारे आसपास समाज में कोई भी इस मौसम की पीड़ा का शिकार न हो। इस दौरान लालटू महतो, रंजीत कैबर्त, विष्णु कैबर्त, राजेश महतो समेत सभी सदस्य व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कितना सफल होगा राहुल का भारत जोड़ो न्याय यात्रा

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालेगी. इस यात्रा को राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण कहा जा रहा है. कांग्रेस ने दावा किया था कि भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक रूप से सफल रहा. अब पार्टी 14 जनवरी 2024 से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत करेगी. मणिपुर से मुंबई तक होने वाली इस यात्रा में कांग्रेस 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. भारत न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से होकर गुजरेगी. राहुल गांधी इन राज्यों में कांग्रेस पार्टी की किस्मत पलटने की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन इससे तृणमूल कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी,एनसीपी और शिवसेना (उद्धव गुट) जैसे उसके सहयोगी दल इस यात्रा को लेकर कितना सहज महसूस करेंगे, यह तो वक्त का तकाजा है. कयास लगाए जा रहे हैं कि इस यात्रा के बाद कांग्रेस के सहयोगी पार्टियों के साथ तालमेल और ज्यादा बेहतर हो सकता है. उत्तर प्रदेश राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण राज्य है. क्योंकि यह सूबा 80 लोकसभा सीटों का प्रतिनिधित्व करता है. यूपी को लेकर बीजेपी काफी आश्वस्त है, क्योंकि जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन से उसे भारी समर्थन मिलने की संभावना है. वहीं, विपक्षी गठबंधन के लिए भी 2024 की डगर कम मुश्किल भरा नहीं है. समाजवादी पार्टी ने मायावती की बहुजन समाज पार्टी के साथ किसी भी तरह के गठबंधन से इनकार किया है. बसपा के बिना भी अखिलेश यादव राज्य में बड़ी संख्या में सीटें मांग रहे हैं.राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब यूपी में एंट्री करेगी, तो वहां राजनीतिक समीकरण फिट बैठाना आसान नहीं होगा.पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपने राज्य में आक्रामक भारतीय जनता पार्टी का सामना करना पड़ रहा है.पूर्वोत्तर राज्यों को पार करने के बाद भारत न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल में प्रवेश करेगी तो यह देखना दिलचस्प होगा कि टीएमसी द्वारा इसका कैसा स्वागत किया जाएगा. अभी तक पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कोई बातचीत आगे नहीं बढ़ी है और इसकी बहुत कम संभावना है कि टीएमसी जैसी मजबूत पार्टी कांग्रेस को बहुत सीटें देगी, जिसकी केवल कुछ ही इलाकों में मौजूदगी है. दूसरी ओर ममता बनर्जी ने हाल ही में दिल्ली में विपक्षी गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में प्रस्तावित किया था. अभी इसे लेकर भी तस्वीर साफ नहीं है कि वाम दलों का क्या होगा जो वर्तमान में कांग्रेस के सहयोगी हैं. राहुल गांधी को बिहार में एक अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ सकता है. दरअसल बिहार कांग्रेस के 2 मजबूत सहयोगियों जेडीयू और आरजेडी का गढ़ है. यहां तक कि सीपीआई-एमएल और सीपीआई जैसे वामपंथी दल भी राज्य में कांग्रेस के सहयोगी हैं. बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं. ऐसे में कांग्रेस के बहुत कम जगह बची है.अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में एक बैठक के दौरान पार्टी नेताओं ने आलाकमान से कहा था कि उनके पास चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त जीतने योग्य सीटें नहीं हैं. कांग्रेस के लिए एक और समस्या नीतीश कुमार जैसा अप्रत्याशित साथी हैं, जो बार-बार पाला बदलते हैं और यहां तक कि वह बीजेपी के साथ जाने से भी गुरेज नहीं करते. कांग्रेस की बिहार इकाई कमजोर है. इसलिए जब राहुल की यात्रा बिहार में एंट्री करेगी, तो यह अपने सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं के समर्थन पर बहुत अधिक निर्भर करेगी. पिछली बार जब इंडिया गठबंधन के नेता दिल्ली में मिले तो इस बैठक में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन शामिल नहीं हुए. अफवाह ये है कि वह सीट बंटवारे के फैसले में देरी से खुश नहीं हैं. हालांकि झारखंड में केवल 14 लोकसभा सीटें हैं, लेकिन आम चुनाव के ठीक बाद 2024 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं. 2019 में कांग्रेस ने राज्य में जेएमएम की तुलना में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा. लेकिन इस बार आदिवासी नेता के रूप में सोरेन का दबदबा काफी बढ़ गया है और वह सीटों का बड़ा हिस्सा मांगे सकते हैं. इसलिए जब राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा झारखंड में एंट्री करेग तो इसकी सफलता जमीन पर झामुमो के साथ उनकी पार्टी के समीकरण पर निर्भर करेगी. भारत न्याय यात्रा का समापन 20 मार्च 2024 को मुंबई में होगा.भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में चले थे और उन्हें एनसीपी और शिवसेना (उद्धव गुट) से समर्थन मिला था. लेकिन इस बार हालात अलग हो सकते हैं. यह यात्रा जमीन पर महाविकास अघाड़ी गठबंधन की ताकत को परखेगी. जिसे बीजेपी के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा. राहुल गांधी पर शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे क्षेत्रीय क्षत्रपों को जगह देने का दबाव होगा. चुनौतियों के अलावा कांग्रेस को लगता है कि यह यात्रा भारत की सभी पार्टियों को एक साथ लाने का एक बड़ा मौका हो सकती है. जिसका फायदा उनके सभी सहयोगियों को मिल सकता है. पार्टियों को यह भी भरोसा है कि सीट-बंटवारे की बातचीत के नतीजे जल्द ही निकलेंगे और जब तक राहुल गांधी अपनी भारत न्याय यात्रा शुरू करेंगे, तब तक सीट शेयरिंग के फॉर्मूले को अंतिम रूप दे दिया जाएगा. जिससे जमीन पर बेहतर तालमेल बनेगा. अगर राहुल गांधी भीड़ लाने में सफल होते हैं, तो अन्य सहयोगी दल भी हिंदी पट्टी में अभियान में ऊर्जा लाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में तकनीकी बदलाव- नवाचार के माध्यम से विकास को गति



**जी किशन रेड्डी**

**पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री**

एक दशक पहले, विशाल वन क्षेत्र और भूमि से घिरी भौगोलिक स्थिति के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति को क्षेत्र के विकास और परिवहन संपर्क के लिए एक प्राकृतिक बाधा के रूप में माना जाता था। दस साल बाद, पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिरीबाम-इम्फाल में दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे घाट पुल एक जीवंत तकनीकी चमत्कार है, जो स्थलाकृति की चुनौतियों के बावजूद निर्बाध परिवहन संपर्क की सुविधा प्रदान करता है। 2014 के बाद से, क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 5 लाख करोड़ से अधिक खर्च किए गए हैं। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गए हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है। मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए, सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के तत्वावधान में सभी राज्यों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र; आपदा प्रबंधन; वन, पारितंत्र और पर्यावरण; जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार कीं हैं।कृषि और बागवानी इस क्षेत्र के दो सबसे संभावना वाले क्षेत्र हैं, जिनमें आर्थिक विकास और आजीविका सृजन की अपार संभावनाएं हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग भू-क्षेत्र व बागवानी अवसंरचना को मापने, स्थल उपयुक्तता के मूल्यांकन, किसानों के लिए मोबाइल ऐप आदि के लिए किया जा रहा है। पूर्वोत्तर भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसटीआईएनईआर), जो एनईआर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) के तहत एक समर्पित योजना है, के माध्यम से 600 से अधिक उद्यमियों, हजारों किसानों और कारीगरों को विभिन्न प्रौद्योगिकियों से लाभ हुआ है।उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय परियोजनाओं की निगरानी के लिए भी प्रौद्योगिकी का गहनता से उपयोग कर रहा है। लगभग सभी परियोजना स्थलों को जियो-टैग किया गया है और एक परियोजना निगरानी पोर्टल लॉन्च किया गया है। डिजिटल नवाचार परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन और कुशल निगरानी में मदद कर रहा है। पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ सहज सहयोग के लिए सभी राज्यों में अपनी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित की हैं। क्षेत्रीय इकाइयों के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से इकाइयां परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन और राज्य सरकार तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेंगी। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, टेलीमेडिसिन और मोबाइल डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से डिजिटल उपायों का समन्वय चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। धरातल पर किए जाने वाले एक महत्वपूर्ण विकास में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और टाटा ट्रस्ट के सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। इन सहयोगात्मक प्रयासों का लक्ष्य सभी पूर्वोत्तर राज्यों में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित करना है। डोनर ने पहले ही गुवाहाटी में उच्च तकनीक वाले डॉ. बी. बोरूआ कैंसर संस्थान के लिए पीएम-डिवाइन पहल के तहत 129 करोड़ रुपये का पर्याप्त अनुदान आवंटित किया है। इसके अलावा, 5जी आधारित स्वास्थ्य अनुप्रयोगों को इस क्षेत्र के सभी राज्यों में शुरू किया गया है ताकि घर-घर निदान, टेलीमेडिसिन आदि जैसी सुविधाओं को संभव बनाया जा सके। इन उपलब्धियों में नई कड़ी जोड़ते हुए, असम के गुवाहाटी में एक अत्याधुनिक 3डी प्रिंटिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है जो स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है।तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली व कुशल युवाओं के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। हाल ही में, हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में भारत की पहली 5-जी प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं शुरू कीं। ये प्रयोगशालाएं डिजिटल खाई को पाटने और भविष्य के अनुकूल कौशल हासिल करने में युवाओं की सहायता करेंगी। सिक्किम और असम में 75 सरकारी स्कूलों और 4 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) में स्मार्ट वर्चुअल क्लासरूम सुविधाएं स्थापित करके टेली-एजुकेशन की एक सफल परियोजना क्रियान्वित की गई है। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य इस इलाके के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। डोनर भविष्य में ऐसी और पहलों को वित्तपोषित करेगा। प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों की अगली कतार तैयार करने हेतु एमईआईटीवाई देशभर में विशिष्ट डोमेन से जुड़े उत्कृष्टता केन्द्र भी स्थापित कर रहा है। इस क्षेत्र के सभी आठ राज्यों की राजधानियों में स्वास्थ्य सेवा, कृषि में आईओटी, ग्राफिक डिज़ाइन, गेमिंग, जीआईएस आदि से संबंधित उत्कृष्टता केन्द्र खोले जा रहे हैं।यह क्षेत्र जल्द ही शुरू होने वाले पूर्वोत्तर के लिए राष्ट्रीय डेटा सेंटर से भी लाभान्वित होने के लिए तैयार है। कुल 348 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा यह डेटा सेंटर इस क्षेत्र की डिजिटलीकरण क्षमता को बढ़ाएगा, सभी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और सभी क्षेत्रों में सेवाओं की आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा।हाल के वर्षों में, पूर्वोत्तर ने डिजिटल सुविधाओं को अपनाने की दिशा में काफी संभावनाएं दर्शायी हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में, 47 प्रतिशत लोगों के पास स्मार्टफोन हैं, जो 48 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत लगभग बराबर है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्वोतर क्षेत्र में मोबाइल और बैंक खातों का लिंकेज भी 86 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत के बराबर है। हम सामान्य सेवा केंद्रों के विकास, आधार की पहुंच में वृद्धि और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण व भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु इस अवसर का उपयोग करके इसका लाभ उठाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की रणनीति बना रहे हैं।देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के पास प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से अपने विकास को गति देने का जबरदस्त अवसर है। माननीय प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप, नीति निर्माताओं, व्यवसाय जगत तथा व्यक्तियों को एक साथ आना चाहिए और इस अवसर का लाभ उठाने तथा व्यापक जन कल्याण के उद्देश्य से इसे अपनाने के लिए प्रभावी ढंग से सहयोग करना चाहिए। निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से अपने कामकाज में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के अवसरों की तलाश करनी चाहिए और अपनी दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने हेतु डिजिटलीकरण, स्वचालन और डेटा विश्लेषण को अपनाना चाहिए। पूर्वोत्तर क्षेत्र में हो रहे इस बदलाव का हिस्सा बनने का यह एक रोमांचक समय है और इस क्षेत्र को तकनीकी-नवाचार और तकनीक-आधारित उद्यमिता के पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

**(लेखक भारत सरकार में केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री हैं)**

दृष्टि कोण

## सीजन के सौदागर आते रहेंगे, समाधि की 'उस' स्थिति से बचना है मुश्किल

**साधारण** चीजों को जटिल बना देना आम बात है, जटिल को सरल बना देना कला है। वाइल्ड ने ही कहा है, हमारे तमाम आधुनिक कैलेंडर हमारी जिंदगी की खूबसूरत सादगी को भंग कर देते हैं - यह याद दिलाकर कि हर दिन जो गुजरता है, वो किसी बेहद बेस्वाद वाकये की 'एनीवर्सरी' है। जब साल जाने लगता है तो आप अचानक या तो भावुक हो उठते हैं या चिंतित। अलबत्ता लोगों में यह बताने का चलन है कि इस साल में जो न हुआ आते साल में होना तय है। कुछ लोग भय और आशंकाओं के मैन्यू तैयार करते हैं गोया यही भविष्य के रेस्टोरेंट में मिलने वाला है। कई तो उसमें से चुनाव भी कर लेते हैं कि कौन सी कम तकलीफदेह 'डिश' ज्यादा मुफीद होगी। मजा यह है कि रेस्टोरेंट भी उन्हीं का, शेफ भी वही और ग्राहक भी वही। यह अपने आप में बड़ी मुसीबत है कि आप समाधि की इस स्थिति में पहुंच जाएं - जहां आप ही बनाएं, आप ही खाएं, आप ही बिल चुकाएं और आप ही बजट के घाटे पर अर्थशास्त्रियों को ज्ञान भी दें। मगर लोग हैं कि हर बार इसी मुसीबत को मुहब्बत कर



बैठते हैं। इसका फायदा 'सीजन के सौदागर' उठाते हैं। यह साल ऐसे सौदागरों की चांदी का साल था। आप जानते हैं - सीजन के सौदागर का कोई एक धंधा नहीं होता। जिस मौसम में जिसकी मांग होती है, वही चीज खड़ी कर देते हैं। कंस के दिनों में कंस की, कृष्ण के दिनों में कृष्ण की। यहां तक कि स्कूलों के वार्षिक उत्सव के दिनों में फैंसी ड्रेसों के किराए का धंधा भी चला लेते हैं। अगर कत्ल होने लगें तो वे चाकू बेचना शुरू कर दें, शांति में मुनाफा ज्यादा हो तो कबूतर बेचने का बोर्ड लगा दें। पिछले साल जाते-जाते हमने दो शब्दों पर बात की थी, जो उस साल के सबसे ज्यादा प्रतीकात्मक शब्द बन गए थे - गैस लाइटिंग और मून लाइटिंग। पहले का अर्थ था कि किसी को गलत न होते हुए भी उसे गलत होने का अहसास दिला देने की चालाकी, और दूसरे का अर्थ था - पूरी तनख्वाह एक जगह लेकर गुपचुप दूसरी जगह से भी कमाई पीट लेना। दोनों में बेईमानी और बेईमानी की स्वाभाविक नैतिक जरूरत पर पर्याप्त कागज रंगे गए थे। अब बात कुछ आगे बढ़ गई है। इस साल ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने साल का शब्द घोषित किया है - रिज़ (RIZZ)। ये करिज्मा (Charisma) या करिश्मा का संक्षिप्त रूप है। सूची में दूसरे नंबर पर आया है - प्रॉम्प्ट (Prompt)। इसका मतलब है एआई उर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्राम के निर्देश। तीसरा इन सबको बराबर कर देता है - सिचुएशनशिप (Situationship)। ये सिचुएशन (Situation) और रिलेशनशिप (Relationship) का जोड़ है। अहा ! सीजन के सौदागर अति प्रसन्न हैं। यह परिस्थिति के अनुसार रिश्ते बना लेने का प्रतिज्ञाविहीन समय है जब आप अपने 'रिज़' का इस्तेमाल किसी लूट के लिए कर लें और 'एआई' को प्रॉम्प्ट दे दें कि चलो अब एक नया चमत्कारिक धोखा खड़ा करते हैं। वेबस्टर डिक्शनरी में इसीलिए इस साल दो दूसरे शब्द 'ऑथेन्टिक' (प्रामाणिक) और 'डीप फेक' टॉप पर हैं। जब सबसे ज्यादा 'डीप फेक' यानी असली लोगों के झूठे वीडियो बनने लगें तभी हमें प्रामाणिकता की प्यास भी उतनी ही शिद्दत से सताने लगती है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे हमारी चिंताएं बढ़ चली हैं और प्रामाणिकता की पवित्रता को हम ज्यादा समर्पित होते चले जा रहे हैं। सीजन के सौदागर हमेशा आपकी चिंता और आपकी प्यास दोनों को समझते आए हैं। तो इस साल क्या खास हुआ? ध्यान से देखिए इस साल कुछ ज्यादा ही खास हुआ। पहले सीजन के सौदागर मांग के हिसाब से दुकान का माल बदल दिया करते थे। कत्ल का सीजन तो चाकू और शांत सीजन तो कबूतर। अब वे एक ही दुकान में दो काउंटर बना कर दोनों एक साथ बेचने लगे हैं। और तो और, पड़ोस में ही एक 'बहस-बार' भी चलाते हैं जहां पहले दोनों काउंटर के दोनों के जियाले एक-दूसरे के खिलाफ बोलते हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## अबुआ आवास को लेकर सोसो कलां पंचायत सचिवालय में हुआ ग्राम सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां, चाडी, हेसापोडा, कोरांबे, बंदा, संग्रामपुर पंचायत सचिवालय में गुरूवार को अबुआ आवास के संबंध में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य खुद कई पंचायतों में पंहुचकर ग्राम सभा में शामिल हुए।इस दौरान सोसो कलां पंचायत सचिवालय में आयोजित ग्राम सभा में मुख्य रूप से प्रखंड के जनसेवक सह प्रभारी पंचायत सचिव महादेव महतो, रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार,मुखिया नीता देवी, उपमुखिया लईक आलम, पंचायत समिति



सदस्य अमीरून निशा शामिल थे। इस दौरान आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत् लाभुकों के द्वारा दिए गए ऑनलाइन आवेदन के द्वारा डाटा एंट्री में रिकार्ड सूची के अनुसार नाम को उपस्थित ग्रामीणों के बीच लाउडस्पीकर के द्वारा जनसेवक सह प्रभारी पंचायत सचिव ने पढ़ कर सुनाया। इस दौरान उपमुखिया लईक आलम ने बताया कि जिस व्यक्ति को सरकार के द्वारा आवास योजना का लाभ पहले मिल चुका है वैसे लोगों का नाम सूची से हटाकर उसके जगह योग्य एवं सक्षम व्यक्ति का नाम जोड़ा जायेगा। वहीं मुखिया नीता देवी ने उपस्थित ग्रामीणों के बीच कहा कि सूची के अनुसार धीरे धीरे योग्य लाभुकों को सरकार की योजना का लाभ हर जरूरत मंदों को दिया जायेगा। मौके पर स्वयं सेवक विवेक कुमार महतो,वार्ड सदस्य इंदु देवी, सविता देवी, सुनीता देवी, समीर अंसारी,रिमा देवी,पिंकी देवी, शबाना खातून, रेणुका देवी, रेखा देवी,पूर्व उप मुखिया नीता देवी, हसन इमाम, शम्मा प्रवीण, राजेश महतो, तेजनाथ महतो सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## पूर्व विधायक के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री गंभीर बिमारी राहत कोष से 50 हजार का चेक सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** रामगढ़ विधानसभा की पुर्व विधायक ममता देवी के अनुसंसा से गोला प्रखंड के बड़की कोइया में महादेव महतो के मां को मुख्यमंत्री गंभीर बिमारी राहत कोष से 50 हजार का चेक वितरण विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के हाथों दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा की क्षेत्र के हर एक गंभीर से गंभीर रोगों का ईलाज के लिए भटकना नहीं होगा राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन हमेशा झारखंड में गंभीर से गंभीर लोगो का सेवा करने का काम किए हैं और आगे भी कार्य करते रहेंगे।मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो, बीस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो, महादेव महतो, मंटू महतो, कार्तिक महतो, गणेश सहित कई लोग शामिल थे।

## लोकल सेल सिरका में कोयला लोडिंग के लिए गाड़ी घुसना आरंभ, लोगों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सिरका परियोजना में करीब 4 साल 7 माह के बाद लोकल सेल गुरुवार अपराह्न साढे तीन बजे से ट्रकों के एंट्री और कांटा के साथ आरंभ हुआ। जबकि दो दिन पूर्व से ग्रामीण व आस पास के क्षेत्र के लोगों का लोकल सेल में रोजगार को लेकर उत्साह देखने को ही बन रही था। पहले दिन लोकल सेल में करीब 36 गाड़ियों से भी अधिक ट्रक कोयला लोडिंग के लिए पहुंची थी। जिससे लोकल सेल से जुड़े बेरोजगारों का इंतजार समाप्त हुआ हैं। मौके पर सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम, हवलदार गंगाराम समेत प्रबंधन के अधिकारी कर्मचारी व्यवस्था में लगे हुए थे।

## अरगड्डा के विभिन्न मजदूर कॉलोनी में 48 घंटे से बिजली गुल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयला नगरी अरगड्डा के विभिन्न कॉलोनी में बीते 48 घंटे से भी अधिक समय से बिजली सप्लाई पूरी तरह बाधित हैं। जिससे क्वार्टर में रहने वाले कामगारों के परिवार सदस्यों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हुई हैं। बच्चों, वृद्धो एंव बीमार लोगों को घर में रोशनी नहीं रहने से परेशानी बढ़ी हैं। बिजली नहीं रहने के कारण नीचे धौड़ा, सुभाष नगर, बाजार समेत कई इलाके अंधकार में डूब गए हैं। वही सीसीएल बिजली विभाग तीन केवी के ट्रांसफार्मर पावर हाउस अरगड्डा में लगाने व तेल डालने के बाद बिजली चार्ज करने में लग रहा। समाचार लिखे जाने तक अरगड्डा के कई इलाकों में बिजली बहाल नहीं हो पाई थी।



## चार सालों से बंद पड़ी सिरका लोकल सेल आज से चालू हुई : भुनेश्वर बेदिया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकल सेल सिरका के बंद होने और चार सालों तक बंद रहने से करीब सात हजार मजदूर बेरोजगार हो गए थे। जिसके खिलाफ रोजगार के लिए बंद पड़ी सिरका लोकल सेल को चालू करने की मांग को लेकर लगातार भाकपा-माले ने आंदोलन चला रखी थी। इधर हाल के दिनों एक महीने से राजनीतिक दलों एवं विस्थापितों की संयुक्त रुप से मिटिंग, बैठकें,आंदोलन चलाया जा रहा था।हर रोज सुबह-शाम विचार विमर्श, पुराने नीति-निर्धारण,सेल संचालन,लिफ्टर और मजदूरों के साथ बैठक करना ,दबाव बनाना और कोलडिओ मालिकों के साथ वार्तालाप कर सहमति बनी आज सिरका लोकल सेल स्थल में हजारों मजदूर,लिफ्टर,सेल संचालन, प्रभारी की उपस्थिति में जो घोषणा की गई हैं। जिसमें मजदूरों का लोडिंग मजदूरी पिछले समय 1600 रुपया था, जो इस बार 2400 रुपये मजदूरों को लोडिंग मजदूरी मिलेगा। पुराने सेल संचालन कमेटी के द्वारा ही विधिवत वर्तमान में संचालन की जाएगी। इन्हे सेल संचालन के द्वारा 2400 रुपया मजदूरी की घोषणा की गई है। आने वाले समय के लिए बृहद पैमाने पर मजदूरों की रोजगार के लिए आंदोलन जारी रहेगा।



## संयुक्त मोर्चा की बैठक में गिद्दी सी की वर्तमान स्थिति पर हुई चर्चा पीओ से मिलने का निर्णय

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिद्दी सी दुर्गा मंडप में सभी श्रमिक संगठनों के नेताओ की आपात बैठक हुई जिसमें गिद्दी सी के वर्तमान हालात को बहुत ही गंभीरता से लिया गया और सयुक्त रूप से कहा गया की गिद्दी सी में अधिकारी जिस तरह से एक आतंक का माहौल के निर्माण कर रहे है और अखबार बाजी किया जा रहा है वह बेहद निंदनीय है हम सभी लोग इसका कड़ा विरोध करते हैं क्यों की इससे ना सिर्फ अधोगिक शांति बिगड़ रही है बल्कि इसका असर आने वाले समय में उत्पादन पर भी पड़ेगा। इसी स्थिति को देखते हुए सयुक्त मोर्चा ने निर्णय लिया है की कल शुक्रवार को सयुक्त मोर्चा परियोजना पदाधिकारी से मिलेगा और पूरे परिपेक्ष में जरूरी करवाई करने के लिए कहेगी और वार्ता संतोषजनक नहीं रहा तो अगली करवाई के यूनियन अगली रणनीति तय करेगी। बैठक में मुख्य रूप से बैजनाथ मिस्त्री, पुरुषोत्तम पाण्डेय, अरुण यादव, गौतम बनर्जी, शशि सिंह, जन्मजय सिंह, गुड्डु यादव, मधुसूदन सिंह, कृष्णा सिंह, निकेश प्रताप सिंह, अजय सिंह, चंदन सिंह, सावरमल शर्मा इत्यादि मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### बलबल मेला सफल संचालन को लेकर 6 जनवरी की होगी बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखणड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में स्थित बल बल में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर10 दिवसीय लगने वाला पशु मेला को सफल संचालन को लेकर 6 जनवरी को 11 बजे मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया है। बैठक में गिद्धौर पत्थलगड्डा प्रखंड एवं कटकमसांडी तथा शाहपुर पंचायत के जिला परिषद सदस्य प्रमुख, मुखिया, बुद्धिजीवी ग्रामीण धर्म प्रेमी तथा मीडिया कर्मी को बैठक में उपस्थित होने की बात बलबल न्यास ने कही है।

# सांसद सुनील कुमार सिंह ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र का सांसद सुनील कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। वरीय वैज्ञानिक डॉ रंजय कुमार सिंह ने सांसद सुनील कुमार सिंह का स्वागत करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा किये जा रहे कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण कराया। निरिक्षण के क्रम में सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, शिवबालक सिंह, भीम कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, राकेश झा. शुभम सिंह, अभिषेक केशरी इतयादि थे। सांसद सुनील कुमार सिंह ने कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्य की काफी सराहना की। निरीक्षण के दौरान सांसद ने कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा में स्थापित मृदा जाचं प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया। सांसद ने मृदा जॉच प्रयोगशाला को देखकर काफी खुशी जाहीर की और कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा जिला स्तर पर किसानों के हित में काफी कार्य कर रही हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र की चर्चा राज्य एवं देश स्तर पर भी काफी बार सुनने को मिला है। उन्होने कहा कि चतरा जिला में स्थापित मृदा जांच प्रयोगशाला चतरा के अलावा 12 अन्य जिलो का भी मिट्टी जांच कर रही है।सब्जी दलहन के क्षेत्र में भी कृषि विज्ञान केन्द्र ने बेहतरीन कार्य की है। केन्द्र में 21 धान का बीज का पेटेंट प्राप्त किया जो काफी सराहनीय है। कार्यरत वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों की मेहनत का फल ही है। सांसद ने कहा कि जिला स्तरीय कृषि मेला का आयोजन जल्द ही कृषि विज्ञान केन्द्र चतरा में किया जायेगा। जिससे की किसानों को काफी लाभ होगी। सांसद महोदय ने मोटे अनाज पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारी मौजुद थे।

# ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर एवं मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव के निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर एवं मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। हैंड्स ऑन प्रशिक्षण कौशल विकास सह प्रशिक्षण केन्द्र डीएमएफटी में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा और सिमरिया, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं कर्मियों को दिया गया। उपायुक्त ने प्रशिक्षण में भाग लेनेवाले पदाधिकारियों, कर्मियों से हैंडस ऑन प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होने कहा कि ईवीएम, वीवीपैट में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें एवं न तो ईवीएम, वीवीपैट का फोटो और न ही वीडियो बनाएंगे। साथ ही उन्होंने ईवीएम, वीवीपैट की विस्तृत जानकारी दिया। आयोजित प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राम नारायण खलको एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर निदेशक डीआरडीए सह उप निर्वाचन पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का के द्वारा संयुक्त रूप से ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर एवं मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन से संबंधित हैंड्स ऑन की विस्तृत जानकारी दी गई। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त कर आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाएंगे।

## अबुआ आवास को लेकर क्रियान्वयन हेतु पंचायत स्तरीय की गई ग्राम सभा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत तीन पंचायत में अबुआ आवास योजना क्रियावन को लेकर बृहस्पतिवार को पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के निर्देशानुसार गिद्धौर, पहरा, बारिसाखी पंचायत में संपन्न हुआ। पंचायत के मुखिया निर्मला देवी, बेबी देवी, सुमीरा देवी के अध्यक्षता में ग्राम सभा किया गया। ग्राम सभा का संचालन पंचायत सेवक गिद्धौर में प्रियंका कुमारी बारिसाखी में दिगंबर पांडेय पहरा में चितरंजन शर्मा ने किया। बताते चलें कि लाभुकों को चयन करके अबुआ आवास का लाभ दिया जाएगा। सर्वप्रथम विधवा विकलांग और मिट्टी के घर में रह रहे लोगों को प्रार्थमीकी दी जाएगी। और इन लोगों का अबुआ आवास के लिए चयन किया जाएगा। मौके पर उपस्थित पहरा पंचायत उप मुखिया शान अहमद बारिसाखी पंचायत उप मुखिया विकास पांडेय गिद्धौर पंचायत उप मुखिया मंजू देवी पंचायत के वार्ड सदस्यों के साथ-साथ ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## ब्राउन शुगर और नकदी के साथ तीन की गिरफ्तारी भेजे गए जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** जिले में चल रहे नशे के सौदागरों को फिर से एक बार पुलिस का सामना करना पड़ा है। नशे के कारोबार से जुड़े दो जिलों के कुल तीन लोगों को पुलिस ने बड़ी ही चालाकी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ज्ञात हो कि चतरा पुलिस अधीक्षक को पिछले कुछ दिनों से गुप्त सूचना मिल रही थी कि जिले में ब्राउन शुगर का कारोबार फिर से फल फूल रहा है।चतरा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर डीएसपी केदार राम की अगुवायी में मयूरहंड पुलिस ने छापामारी करते हुए थाना क्षेत्र के ढोढी गांव से सुरेंद्र दांगी पिता श्यामलाल दांगी को 85 ग्राम ब्राउन शुगर और 45000 रूपए नकदी के साथ धर-दबोचा। पुलिस ने तीनों नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में चतरा उपकारा भेज दी।

### सांसद प्रतिनिधि ने वंचित विधवा, असहाय को दिया कम्बल

## गरीब विधवा, असहाय को मदद करते हुए मिलती है आत्मसंतुष्टि : सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सिसई के खूंटी टोला में वंचित विधवा, असहाय लोगों के घर पहुंच कर सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के द्वारा कम्बल वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड से गरीबों के पोर पोर में जाड़ा के चुभन को महसूस करते हुए सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने कहा कि यह गरम कपड़ा, कम्बल जाड़े से निजात के लिए काफी उपयोगी साबित होता है। ये वंचित विधवा, असहाय लोगों के बीच सहयोग प्रदान कर आत्मसंतुष्टि होती है। करीब बीस लाचार लोगों के घर सांसद प्रतिनिधि के द्वारा अपने शिष्टमंडल के साथ उन वंचित विधवा असहाय के घर पहुंच कर कंबल वितरण किया गया, जिनमें प्रमुख रूप में मसो, फगुनी देवी, मसो. जानकी देवी, मसो. सखिया देवी, मसो. तेतरी देवी, मसो.रूदनी देवी, लकवा ग्रसित युगेश्वर भुईयां व अन्य थे। प्राप्त करने वाले सभी लाचार, असहाय लोगों ने सांसद प्रतिनिधि के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विशेष रूप से उदय पांडेय, भाजपा मंडल महामंत्री संजीव कुमार पांडेय, धनंजय कुमार पांडेय, मंटू भुईयां उपस्थित थे।

## अर्धवार्षिक योगात्मक मूल्यांकन को लेकर किया जा रहा है कॉपी जांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर सीआरसी केंद्र में इनदिनों अर्धवार्षिक योगात्मक मूल्यांकन का कार्य को लेकर कॉपी की जांच कार्य किया जा रहा है। बृस्पतिवार को गांगपुर सीआरसी केंद्र में 11 विद्यालय के शिक्षक पहुंचकर अंतर विद्यालय कॉपी की जांच किया। शिक्षक यह मूल्यांकन कार्य सभी सीआरपी के निगरानी में किया जा रहा है। योगात्मक मूल्यांकन कार्य प्रखंड के सभी विद्यालय के शिक्षक द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में सीआरपी शंभू पांडेय प्रेमचंद साव नवनीत सिन्हा राजकुमार पाण्डेय के साथ साथ शिक्षक उपस्थित थे।

## लातेहार की खबरें

# मोदी की गारंटी को साकार करने में लगे भाजपा कार्यकर्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखण्ड में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आगाज प्रखंड मुख्यालय से हो चुका है। जहां कार्यक्रम की शुरुआत जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद,उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल मुखिया कालो देवी, मुखिया जितेन्द्र सिंह व अन्य लोगों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए एल ई डी स्क्रीन का फीता काट कर किया गया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद प्रतिनिधियों के द्वारा केंद्र सरकार के माध्यम से चलाई जा रही सभी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाई गई। वहीं कार्यक्रम के माध्यम से उज्ज्वला योजना के तहत इंडियन और एचपी गैस एजेंसी के मार्फ़त दर्जनों महिलाओं के बीच निशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन करते टंकी व चूल्हा वितरण किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा सभी संचालित योजनाओं उज्ज्वला योजना , राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना, स्वास्थ्य से संबंधित योजना आपूर्ति विभाग से निशुल्क राशन गरीब कल्याण योजना समेत कई अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिला है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा के चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं में काफी उमंग है साथ ही कार्यकर्ता मोदी की गारंटी को साकार करने में जुट गए हैं। वहीं कार्यक्रम में शिविर के माध्यम से पंचायतों में विभागों के स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं जिसके माध्यम से ग्रामीणों को उसका लाभ मिल सके। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से दोनों पंचायत में गोद भराई की रस्म मुह जूठी का कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान मौके पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अनुज शरण, जनसेवक अरविंद कुमार आवास समन्वयक दीपक कुमार, भाजपा कार्यकर्ता सुनील कुमार सिंह नन्देव सिंह, अजय प्रसाद, शिबू प्रसाद, दिलीप कुमार पासवान उप मुखिया सुनीता देवी, सुमित्रा देवी, आशा देवी, शोभा देवी, स्वास्थ विभाग के प्रीति कुमारी समीरा एक्का, श्वेता कुमारी, विक्रम उरांव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत साल्वे पंचायत के एग्री स्मार्ट विलेज रेंची मे जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक आत्मा) डॉ. दिनेश कुमार सिंह, वरिय सह प्रधान वैज्ञानिक डॉ मिश्रा जी, उद्यान वैज्ञानिक डॉ एस पी सिंह, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे व एटीएम मो शमीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानो एवं कृषि वैज्ञानिको के बीच वार्तालाप करना, कषि कार्य मे आने वाले समस्याओं के संबन्ध में विचार विमर्श कर उसका निदान के संबन्ध में जानकारी देना था।, सभी पदाधिकारीगण कृषको को कृषि के संबन्ध में महत्पूर्ण जानकारीयां दी। यह विशेष कार्यक्रम जिला कृषि पदाधिकारी लातेहार व सभी सम्मानित अतिथियों के गरिमापुर्ण उपस्थिति मे संपन्न हुआ, इस अवसर पर सभी अतिथियों को गाजे बाजे के साथ पारंपरिक रिति-रिवाज से स्वागत किया गया। मौके पर भारी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## आदिम जनजाति परिवारों के बीच किया गया कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिले में इन दिनों बढ़ती ठंड को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गई है। स्थानीय ग्रामीण एवं राहगीर ठंढ कि चपेट में न आये इसलिए जिला प्रशासन के द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था सभी चौक चौराहों पर की गई है। वहीं जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देशानुसार गुरुवार को सामाजिक सुरक्षा एवं जिला कल्याण पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी मनिका प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र उच्चवाबाल ग्राम पहुचें। जहां आदिम जनजाति परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं परहिया समाज के लोगों ने अपनी समस्याओं को उनके बीच रखा उनके समस्याओं को सुनने के बाद श्री मरांडी ने उन्हें आश्वासन दिया कि आपकी सभी समस्याओं के बारे में जिले के उपायुक्त को अवगत कराया जाएगा ताकि आपकी समस्याओं का सामाधान जल्द से जल्द हो सके उनके इस आश्वासन के बाद सभी लोगों ने उनका साधुवाद दिया।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में श्रीराम मंदिर के स्थापना दिवस को लेकर बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में एक बैठक अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर में मंदिर परिसर में कई कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।उक्त तिथि को मंदिर में आकर्षक विद्युत सजावट की जायेगी। इसके अलावा संध्या में दीपोत्सव कार्यक्रम किया जायेगा। दिन में भजन व कीर्तन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। बैठक में मंदिर का 30 वां स्थापना दिवस भी धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। 20 फरवरी को कलश यात्रा 21 फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं 22 फरवरी को पुर्णाहुति के बाद नौ कन्या पूजन व भंडारा तथा रात्रि में भगवती जागरण करने का निर्णय लिया गया। आयोजन की सफलता के लिए इसके लिए दायित्वों का बंटवारा किया गया। अध्यक्ष श्री गुप्ता ने इस अनुष्ठान मे तन, मन व धन से सहयोग करने की अपील नगरवासियों से की। वहीं संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, त्रिभुवन पांडेय व विनोद कुमार साहु ने कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई भी बड़ा आयोजन सफल नहीं होता है। उन्होने अपने-अपने दायित्वों का निर्वह्न पूरी निष्ठा के साथ करने की बात कही, सचिव आशीष टैगोर ने स्थापना दिवस होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, राजीव कुमार साहु, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, सतीष कुमार, संतोष कुमार दुबे, आकाश कुमार जायसवाल, राजेश पाठक, सुनील कुमार, संजय प्रसाद, संतोष प्रसाद पिंटू व विवेक शुक्ला आदि मौजूद थे।

## श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने का किया आग्रह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के पथ निर्माण विभाग के विश्रामागार में गुरुवार को राजकुमार पाठक कि अध्यक्षता में व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष एवं सचिव कि उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता कर रहे श्री पाठक ने आगामी 21 और 22 जनवरी को युवा भारत द्वारा श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित दो आनन्दोत्सव के बारे में बताया तथा कार्यक्रम में शामिल होने और सहयोग की अपील की। खाद्य व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें सेवा करने का अवसर मिल रहा है। लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के जिला सचिव ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि ईश्वर ने हमें ऐसा अवसर दिया है हम सभी मिलजुल कर इस आनन्दोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का कार्य करेंगे। वहीं कपड़ा व्यवसायी संघ के सचिव सतीश प्रसाद ने युवा भारत द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सरहाना करते हुए हर प्रकार से सहयोग करने की बात कही। नाई समाज के अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने कहा कि हमारा समाज हर कार्य मे बढ़चढ़कर हिस्सा लेगा और सहयोग करेगा। इसके निमित सामाजिक बैठक करने की भी बात कही। खाद्य व्यवसायिक संघ ने महाप्रसाद का वितरण एवं आतिशबाजी में कपड़ा दुकानदार संघ ने सहयोग करने की बात कही। बैठक में हेमू सिंघल, राजेश सवारियां, दीपक निषाद, आदर्श रवि राज, जागृति प्रसाद, मनीष गुप्ता, कृष्णा कुमार, दीपक भगत, कमलेश प्रसाद आदि शामिल थे।

## मृतक के घर पहुंचा भाजपा टीम, सहयोग राशि देकर परिवार को बंधाया ढाढ़स



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेरेगड़ा पंचायत के बुकारु ग्राम में गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जीप सदस्या प्रियंका कुमारी समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता दिवगंत अकाल गंझू के घर पहुँच कर उसके परिवार वालो से मुलाकात किया व ढाढ़स बांधाते हुए इस दुख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार उनके साथ होने की बात कही इसके साथ ही भाजपा टीम ने 50 किलो चावल, आटा समेत नगद राशि सहयोग में दिया।वही बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने सरकार से मांग किया की पीड़ित परिवार अत्यंत ही गरीब है और परिवार पालने पोसने में असमर्थ है। सरकार पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आवास और अन्य सरकारी सुविधा दे ताकि अपना जीवन आसानी से व्यतीत कर सके। ज्ञात हो कि अकाल गंझू छत की सीढ़ी से गिर गया था जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी ।मृतक अपने परिवार में एकलौता कमाने वाला था जिसके मौत के बाद परिवार वाले काफी सदमे में है। मौके पर महामंत्री विजय यादव, बूथ अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मोहन पाण्डेय, उदय गंझू, विजय गंझू, लक्ष्मी देवी, बूथ अध्यक्ष विजय राम समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बारियातू में हाथियों का आतंक जारी

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. बिते रात साल्वे पंचायत अंतर्गत रेंची ग्राम निवासी विकास गंझु पिता बालेश्वर गंझू व करमा उरांव पिता राजदेव उरांव गुरु साल्वे निवासी का दो सूअर को हाथी ने कुचल दिया। जिससे पशुपालको को आर्थिक क्षति हुआ है। इधर कृषक भुनेश्वर यादव, नरेश गंझु . कईल भुइयाँ, करमु भुइयाँ, सोहराय भुइयाँ, जगदीश भुइयाँ, रामजीत गंझु, मोहन गँझू सहित आधा दर्जन लोगों का खेत में लगे टमाटर, आलू को खाकर नस्ट कर दिया वहीं भुनेश्वर यादव खलिहान में रखे धान का बोझा खाकर बर्वाद कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही वनरक्षी संतोष उरांव ने स्थल पहुँच कर जायजा लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### समाजसेवी अशोक अग्रवाल के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के प्रसिद्ध व्यवसाई, वरिष्ठ समाजसेवी सह मारवाड़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल का निधन बीते 31 दिसंबर को इलाज के दौरान हो गया था। 1 जनवरी को खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन किया गया।

इनकी निधन के बाद सांसद, विधायक समाज के सभी गणमान्य लोगों ने शोक प्रकट किया। वहीं गुरुवार को अग्रसेन भवन के सभागार में मारवाड़ी समाज के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें मारवाड़ी अग्रवाल समाज, अग्रवाल युवा मंच, खंडेलवाल वैश्य पंचायत, दिगंबर जैन पंचायत, अग्रवाल महिला मंडल, रानी सती मंदिर समिति, नारी शक्ति, मारवाड़ी युवा मंच, हजारीबाग यूथ विंग, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी ब्राह्मण समाज सहित कई सामाजिक संस्था एवं समाज के कई गणमान्य लोगों ने अशोक अग्रवाल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इसके पश्चात शांति पाठ किया गया। इसके उपरांत समाज के गणमान्य लोगों ने अशोक अग्रवाल के साथ बिताए गए कुछ पल को लोगों के साथ साझा किया पूरी सभागार नम आंखों से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रही थी। अंत में 2 मिनट का मौन रखा गया जिसके साथ श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई।

### बच्चों के बीच पोशाक का किया गया वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना में संचालित मदरसा अजीजिया जेया ऊल उलूम में कक्षा प्रथम व द्वितीय के बच्चों के कुल 53 बच्चो के बीच पोशाक का वितरण किया गया। जिसमें स्वेटर, जूता, मौजा आदि शामिल है। वितरण कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी मौजूद थे। मौके पर उन्होंने बच्चों को कहा कि प्रत्येक दिन साफ सुथरा कपड़े पहनकर स्कूल आना है और अच्छे से पढ़ाई भी करना है। मौके पर सेक्रेट्री मो. मुमताज अंसारी, अध्यक्ष मो. सेराज अंसारी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो. शमशाद अंसारी, समाज सेवी मो. मोईन, मो. तबरेज अंसारी, प्रधान मौलवी मो. अख्तर, सहायक शिक्षक मो. सरफराज अहमद, मो. गुलाम सरवर, मो. इलियास अंसारी आदि उपस्थित थे।

### पकड़ा गया मोबाइल छिनतई का आरोपी

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत मटवारी गांधी मैदान के समीप से मोबाइल चोर विक्की कुमार पिता अशोक मसीह तिर्की गांधी मैदान थाना कोर्रा जिला हजारीबाग को मोबाइल छीनते हुए पकडा गया। जिसके विरुद्ध कोर्रा थाना कांड संख्या 03/24 दिनांक 04.01.24 धारा 356/382/414 ipc के तहत कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अभियुक्त के पास से दो मोबाइल को विधिवत जप्त किया गया ।

### सैनिक स्कूल तिलैया में वार्षिक एथलीट प्रतिस्पर्धा शुरू

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैनिक स्कूल तिलैया में वार्षिक एथलीट प्रतिस्पर्धा 2023-24 का आरंभ हो चुका है। विद्यालय के बारह जाबाज़ गृहों के बीच प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाली इस एथलीट प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन, जय हिन्द आवासीय विद्यालय के पूर्व छात्र, डीडीसी ऋतुराज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के द्वारा मशाल-प्रज्ज्वलन कर किया गया।

सैन्य छात्र- छात्राओं के उत्कृष्ठ मार्च पास्ट परेड के द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। जिसमें सारी टीमों ने अपने- अपने गृह-ध्वज के साथ परेड किया तथा खेल-भावना की शपथ ली। इसके साथ ही 'वार्षिक एथलीट प्रतिस्पर्धा 2023-24' के बैनर तले, आज विद्यालय के बारह गृहों के कुल 408 सैन्य-छात्र, बालक एवं बालिका के विभिन्न वर्गों में अपने शौर्य-प्रदर्शन के लिए मैदान में उतर गए हैं। 03 जनवरी से 06 जनवरी तक चलने वाले इस चार दिवसीय आयोजन में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस एवं 4ग100 रीले रेस, 4ग400 रीले रेस, 800 मीटर रेस के समानांतर गोला-क्षेपण, भाला-क्षेपण, ऊंची कूद व लंबी कूद इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू हो गया है।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने सैन्य-छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 'वार्षिक एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा' के रूप में किया जा रहा यह खेल-उत्सव छात्र-जीवन का एक बहुत बड़ा उत्सव है।

छात्र इसमें स्वयं को पहचानने का अवसर पाते हैं। इतने बड़े आयोजन के निहितार्थ यही हैं कि सभी छात्र खेल-भावना से खेलते हुए अपनी मूल प्रतिभा को पहचानें और निखारे। वहीं भारतीय थल सेना के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्राचार्य कर्नल एस. मोहनराव आर. ने अपनी शुभेच्छा प्रेषित कर सैन्य-छात्रों को उत्कृष्ठ खेल भावना के साथ खेलने व सर्वोच्च मानदंडों के अनुरूप प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस दौरान उप-प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लालनुन सियामा, प्रशासनिक अधिकारी विंग कमांडर अनंत श्रीवास्तव के साथ अन्य लोग मौजूद थे। यह वार्षिक स्पर्धा सरफराज अख्तर के निर्देशन में जारी है। जबकि इस कार्यक्रम का समग्र समन्वयन राष्ट्रीय पुरष्कार प्राप्त, वरिष्ठ अध्यापक मनोरंजन पाठक के द्वारा किया गया।

## जयपाल सिंह मुंडा खेल प्रोत्साहन पुरुस्कार से सम्मानित हुए किशोरी राणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उम्मीद फाउंडेशन के द्वारा मरांग गोलके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर राँची के सी.एम.पी.डी. के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में समाज मे उत्कृष्ट कार्य एंव युवाओं को खेल में बढ़ावा को देखते हुए किशोरी राणा को जयपाल सिंह मुंडा खेल प्रोत्साहन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी के द्वारा दिया गया। बताते चले कि किशोरी राणा ने अपने संस्था के माध्यम से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन इनके द्वारा किया जाता है साथ ही खेल सामग्री का भी वितरण किया जाता है। सचिव निरंजन हज़ारीबाग स्थित नव झारखंड उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने कहा हमारा संस्था खेल के क्षेत्र में युवाओं को अग्रसर करने का प्रयास करती है।

## बरही डिविजन के बिजली ऊर्जा मित्र ने की बैठक

### बकाया मानदेय राशि के साथ मानदेय बढ़ाने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** डिविजन के बिजली ऊर्जा मित्र ने की चकुराटांड़ में बैठक की। बैठक में ऊर्जा मित्र ने अपना समस्या बताते हुए कहा कि साई कंप्यूटर एजेंसी में जुलाई 2017 में आई और ऊर्जा मित्र को रखा गया। जिसके शुरूआती दौर 2017 से 2021 तक बिजली स्पॉट बिलिंग कार्य ऑन लाइन चला। जिसमें प्रत्येक बिल पर4.25 रूपये दिया जाता था। इसके अलावा 100 रूपये अतिरिक्त मोबाइल नेट खर्च भी दिया जाता था। लेकिन कोरोना काल 2021में 2 माह तक बेस बिलिंग कार्य ऑल लाइन चला। जिसमें ऑफिशियल बिलिंग आता था,जिनमें ऊर्जा मित्र का मानदेय कम कर 2.81 प्रति बिल कर दिया और इसके अतिरिक्त कोई खर्च भी नहीं मिला। लेकिन बाद में पहले की तरह ही स्पॉट बिलिंग कार्य करवाया जा रहा है और मानदेय बेस बिलिंग का दिया जा रहा है, जो ऊर्जा मित्र के साथ साई कंप्यूटर एजेंसी अन्याय कर रही है। ऊर्जा मित्र के लोगों ने बताया कि महंगाई के दौर में मानदेय बढ़ना चाहिए लेकिन मानदेय और कम कर दिया गया है, जो वर्तमान स्थिति में ऊर्जा मित्र के लिए परिवार का भरण पोषण नहीं किया जा सकता है। मौके पर बरही डिविजन के बरही,चौपारण, पदमा, बरकठ्ठा के ऊर्जा मित्र में संजय कुमार, शेखर कुमार, विपिन कुमार, प्रकाश यादव, मो रवानी, कौशल कुमार, संतोष चौधरी, मनीष यादव, नवल डांगी, अभिषेक कुमार, राजेश साव, नरेश कुमार, मो वाहिद मनोज ठाकुर, राजेश, आशीष कुमार, दिलीप कुमार, विनय, रवि,मनोज सहित कई ऊर्जा मित्र उपस्थित थे।

## जदयू महानगर अध्यक्ष पहुंचे वार्ड 26, समस्याओं का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड के महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी गुरुवार को नगर के वार्ड 26 पहुंचे और वहां के निवासियों की समस्याएं सुनी। इसी क्रम में निवासियों की ओर से जनता दल यूनाइटेड के जिला प्रवक्ता मोहल्ले के निवासी राकेश ठाकुर ने उन्हे अनियमित जलापूर्ति की व्यथा महानगर अध्यक्ष को बताया कि विगत 4 दिनों से जीवन पथ कुम्हार टोली में जलापूर्ति ठप है या फिर एक-दो मिनट के लिए आता है।इस संदर्भ में महानगर अध्यक्ष ने कहा कि अगर इस समस्या का शीघ्र निदान नहीं होता है तो जनता दल यूनाइटेड प्रजातांत्रिक तरीके से आंदोलन को बाध्य होगा इसकी सारी जिम्मेवारी संबंधित पदाधिकारी की होगी।

## अबुआ आवास को लेकर खैरा पंचायत भवन में हुआ आम सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के पंचायत भवन खैरा में गुरुवार को आम सभा का आयोजन किया गया. जिसमें ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना की सूची को देखकर हंगामा कर दिया. खैरा पंचायत भवन में मुखिया कुमारी माधुरी की अध्यक्षता पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद के संचालन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया. पंचायत भवन में नारायणपुर ,खैरा , बेडमक्का, सिमराढाव,महुआटांड़, सहित अन्य गांवों से लोग सूची में अपना नाम सुनने के लिए पहुंचे थे. जैसे ही ग्राम सभा में चयनित सूची को पढकर सुनाया गया वैसे ही लोगो ने हंगामा शुरू कर दिया. लोगो ने कहा की जिसका नाम सुची में है उसके घर को जाकर देखा जाए सच्चाई सामने आ जाएगी ग्रामीणों ने इस आम सभा को बहिष्कार कर दिया । अबूवा आवास मुखिया संग जनप्रतिनिधियों का सिर दर्द बन गया है। हमारे खैरा पंचायत क्षेत्र में लाभुको का सूची ठीक है इसमें लगभग सभी योग्य लाभुक है।लेकिन हमारे खैरा पंचायत आदिवासी बहुल क्षेत्र है।यहां कई गांव के योग्य लाभुको का नाम सूची से गायब है जो गरीब परिवार से है और मिट्टी के मकान में ही अपना जीवन आपन कर रहे है। मौके पर पंसस विनय कुमार दास , रोजगार सेवक संतोष दास ,उपमुखिया प्रतिनिधि सोबरन महतो, मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार वर्मा,राजेंद्र रजक, अरविंद केशरी,पप्पू कुमार दास, सुरेंद्र राणा,उमेश कुमार, चुन्नूलाल मांझी,सुरेश मुर्मू, अशोक मुर्मू, सौरभ सिंह ,विजय पांडेय,सुरेश रजक, दीपू प्रसाद,रेखा देवी , सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बामसेफ ऑफ शूट विंग विद्यार्थी छात्रा प्रकोष्ठ ने देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का मनाया जन्मोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पदमा :** प्रखंड के बंदर बेला पंचायत अंतर्गत दोनई खुर्द गांव में बुधवार को बामसेफ ऑफ सूट विंग विद्यार्थी छात्रा प्रकोष्ठ के छात्राओं ने भारत के प्रथम शिक्षिका शिक्षा के ज्योत जलाने वाली माता सावित्रीबाई फुले का जन्मोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बामसेफ ऑफ सूट विंग विद्यार्थी छात्रा प्रकोष्ठ की अध्यक्षा कुमारी रंजन राज के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित कर माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए एक से बढ़कर एक गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में शमा बांध दिया जिसका संचालन छात्रा भावना कुमारी ने किया।मौके पर कुमारी रंजना राज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा आज वह दिन है जब केवल सावित्रीबाई फुले का ही जन्म नहीं हुआ बल्कि जन्म हुआ नारी शिक्षा और नारी मुक्ति आंदोलन का। जन्मोत्सव में मुख्य रूप से कुमारी रंजना,राज भावना कुमारी, अपर्णा कुमारी, आकृति कुमारी, आकांक्षा कुमारी, सलोनी कुमारी, शिवानी कुमारी, आंचल कुमारी, सोहवा देवी, रीना कुमारी, अजमेरी खातून, सबा प्रवीण, मीना देवी, रानी खातून, सोनिया खातून, असमीना खातून,रूबी खातून, समेत सैकड़ो छात्राएं शामिल रही।

## महिलाएं मिनी ट्रैक्टर के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में बनेगी आत्मनिर्भर : राजेन्द्र प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 80 फीसदी अनुदान पर बरही प्रखण्ड के धनवार पंचायत की ज्योति सखी महिला मंडल के बीच मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया। वितरण कार्यक्रम स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद महिला संगठन के बीच ट्रेक्टर के चाभी का वितरण किया गया। कृषि यंत्र प्राप्त करनेवाली समूह की महिलाएं इसे लेकर काफी खुश थीं। महिलाओं ने कहा कि इससे उनलोगों की आय में वृद्धि होगी। इस मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि इससे समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि इस मौसम में महिलाओं को मिनी ट्रैक्टर दिए जा रहे हैं, जिसके जरिए वह खेतों में अपनी फसल आसानी से लगा सकेंगी। 6 महीना के अंदर धनवार पंचायत में फिर से 1 मिनी ट्रैक्टर सखी मंडल के बीच देने का प्रयास किया जाएगा, मिनी ट्रैक्टर के साथ साथ केजुअल, रोटर भी दिया गया। महिला नेत्री सह समाजिक कार्यकर्ता ममता देवी ने कही कि महिला सखी मंडल की महिलाएं अब कृषि क्षेत्र में आगे आई हैं। समाज की महिलाओं के लिए वे प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि मिनी ट्रैक्टर के उपयोग से न सिर्फ किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा बल्कि अन्य कृषि कार्य में भी सुगम होंगे। महिला मंडल में संजु मेहता, रंजना देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी, पायल देवी शामिल है। वहीं ट्रैक्टर

## अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा दिन हर मंदिर को राम मंदिर, हर गांव अयोध्या स्वरूप बने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्य श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की देख-रेख में तीव्र गति से चल रहा है। वहीं श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र बरही की प्रखंड समिति,विश्व हिंदू परिषद से गुरुदेव गुप्ता, इंद्रदेव गुप्ता ,चंदन केसरी, नंदकिशोर कुमार, कैलाश ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, किरण वर्मा ,मुन्ना सोनी, नितेश कुमार, निरंजन केसरी, संजय राणा, धर्मेंद्र प्रजापति, एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सन्तोष प्रजापति,प्रभु राणा, राहुल राणा, संघ के स्वयंसेवक आम जनमानस को अयोध्या चलने का आमंत्रण देने के लिए हर सनातन परिवार के घर जा रहे हैं उन्हें अयोध्या में पूजित अक्षत ,राम मंदिर का चित्र और पत्रक भेंट कर अयोध्या चलने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। साथ ही आह्वान कर रहे हैं कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन गांव का हर मंदिर श्रीराम मंदिर की तरह सुसज्जित हो ।मंदिर में भजन कीर्तन, पूजन अर्चन आरती तथा भंडारे का आयोजन करें।रात्री में घर व मंदिर में दीपोत्सव मनायें तथा मिठाइयां बांटे,आतिशबाजी करें। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रखंड के सभी बीस पंचायत बेंदगी, रसोइया धमना,बरही पश्चिमी, बरही पूर्वी, करसो, खोड़ाआहर, केदारूत, गौरियाकरमा, कोनरा, बसरिया, करियातपुर, बरसोत, धनवार, दुल्माहा, रानीचुंआ, मलकोको, बिजैया, कोल्हुआकला, एवं भंडारो के अलावा सभी एक सौ पच्चीस गांव में तीर्थ क्षेत्र की समिति गठित की गई है। सभी समिति में संयोजक सह संयोजक के अलावा ग्यारह सदस्य हैं, जो एक जनवरी से ही महाजागरण में लगे हैं। वार्ड सदस्य संतोष ठाकुर पूर्वी पंचायत के संयोजक मनोज उपाध्याय संजू देवी, संगीता देवी,पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, नंदकिशोर बरनवाल, अशोक केसरी, सुनीता कुमारी, बीना देवी, माधवी गोयल, नेहा बरनवाल, डिलो पासवान केदार यादव, भुवनेश्वर पासवान ,पिंटू सिंह, नारायण यादव, रमेश यादव ,रामेश्वर राम ,परमेश्वर पंडित, विक्की कुमार, संतोष यादव, जुगल चंद्रवंशी ,रामदेव यादव, संजय कुमार, संतोष कुमार राणा ,प्रमोद केसरी ,राजेश कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा ,अशोक कुमार यादव ,दिनेश रविदास, अजय प्रजापति,संतोष केसरी ,सचिन पांडे ,सुरेंद्र यादव ,राजदेव ठाकुर ,कृष्ण भुईयां,संजय यादव ,प्रकाश ठाकुर ,भोला ,सिंह सत्येंद्र सिंह ,संतोष चंद्रवंशी ,संदीप चंद्रवंशी, सुधांशु चंद्रवंशी ,पप्पू ,सिंह उपेंद्र सिंह ,मनोज यादव ,राजदेव यादव ,शंकर कुमार, जयप्रकाश प्रजापति, अर्जुन यादव, संतोष यादव को बनाया गया।

## शैक्षणिक भ्रमण के क्रम में छात्रों ने औद्योगिक केंद्रों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली के एकादश वाणिज्य के बच्चों ने शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण गुरुवार को किया द्य भैया- बहनों ने दो कंपनी भंडारी फीड्स प्राइवेट लिमिटेड, बबनभै एवं सिद्धधात्री,आहार प्राइवेट लिमिटेड, डेमोटांड़ हजारीबाग में जाकर फैक्ट्री मैनेजमेंट, सेल्स, प्रोडक्शन, डिस्पैच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कीद्य भंडारी फीड्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नीरज भंडारी एवं एचआर हेड जसवंत कुमार गुप्ता के सहयोग से बच्चों को कंपनी के बारे में जानकारी दी गई द्यकंपनी के मैनेजर शैलेंद्र सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन किया एवं फैक्ट्री मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से बताया द्य वही सिद्धिधात्री आहार प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, संगीत सोनल, एचआर हेड, हुकुम सिंह चौहान, अकाउंट्स मैनेजर, निलेश सिन्हा एवं प्रोडक्शन एंड डिस्पैच हेड, यश सिन्हा के द्वारा बच्चों को काफी सहयोग प्राप्त हुआद्य उपर्युक्त दोनों कंपनियों के सहयोग से बच्चों ने कंपनी मैनेजमेंट के बारे में जानकारी प्राप्त की द्य भैया- बहनों ने औद्योगिक एवं शैक्षिक भ्रमण विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन एवं वाणिज्य विभाग के आचार्य विनीत कुमार वर्मा के दिशा निर्देश पर प्राप्त की ।

## बड़कागांव के डीलरों का हड़ताल जारी, अनाज उठाव व वितरण बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** डीलर एसोसिएशन झारखंड से जुड़े डीलर अपनी मांगों को लेकर पहली जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं एवं अनाज उठाव बंद कर दिया है। हड़ताल से सम्बन्धित बैनर को जविप्र दुकानदार अनुमंडल तथा प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगाया है। इस बाबत डीलरों ने नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार से मांगों को पूरा करने की अपील की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रखंड के सभी पीडीएस एवं महिला समूह सहित 122 डीलर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कहा कि सरकार नये नियम लागू करके हम सब को परेशान कर रही। केन्द्र एवं राज्य सरकार के उपेक्षाामक रवैया के खिलाफ ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल जारी है। वर्तमान में 1 रूपये का जो कमीशन मिल रहा है वह चार चार महीने तक नहीं दी जाती है। इसलिए जब तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान राशन वितरण बंद रहेगा। साथ ही 16 जनवरी 2024 को देश के 5 लाख 38 हजार पीडीएस दुकानदार दिल्ली जाकर संसद का घेराव करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने बताया कि जिन मांगों को लेकर पीडीएस दुकानदार हड़ताल पर हैं उसमें प्रति क्विंटल अनाज में 300 रूपया कमीशन देने या 30000 हजार रूपए वेतन देने, अनुकम्पा के नियमों को पुर्व की भांति लागू करने, कोरोना काल में बांटे गए पीएमजीकेवाई का 10 से 13 माह का बकाया कमीशन भुगतान शीघ्र करने, कोरोना काल में डीलरों से खरीदे गये जूट बोरा का भुगतान करने, ई- पॉश मशीन को 2जी के जगह 5जी करने आदि मांग शामिल है। इस दौरान डीलर संघ के सचिव बालेश्वर कुमार, जयप्रकाश राम, रामेश्वर राम, सोनू कुमार गुप्ता, खुदन राम, सुरेंद्र तुरी, बिनोद राणा, राजेंद्र कुमार, शहादत हुसैन, चरण राम, जुगेश्वर महतो, एतवा तुरी, पवन सिंह सहित सैकड़ों डीलर हडताल पर है।

## अदाणी फॉउंडेशन के स्वास्थ्य शिविर में दो सौ से अधिक ग्रामीणों की जांच की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। अदाणी फॉउंडेशन के बैनर तले पिछले मंगल और बुधवार को सुकुलखपिया और महुगाई कला में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं समेत दो सौ से अधिक ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। हजारीबाग के डॉक्टर विजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के अधिकतर ग्रामीणों में एनीमिया, उच्च रक्तचाप, गठिया, पॉलीआर्थराइटिस, एक्जिमा, बुखार, सामान्य दर्द, सरदर्द, सर्दी और अन्य पोषण संबंधी कमियां लगातार मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि कई ग्रामीणों में ग्लूकोज का स्तर भी सामान्य से अधिक पाया गया है। सभी ग्रामीणों को डॉक्टर ने आवश्यक परामर्श और उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाईयां दी। इस दौरान एसपीओ त्रिलोक कुमार झा, एएनएम संगीता देवी और ननकू प्रसाद दांगी मौजूद थे। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से चलायी जा रही मेडिकल मोबाइल हेल्थ यूनिट बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रही है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं।

**39 ग्रामीणों को प्रदान किया गया चश्मा :** अदाणी फॉउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर भी लगाए जा रहे हैं। इस क्रम में चंदौल गांव में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुमार सौरभ और ऑप्थेल्मोलॉजि़ट्स विनय कुमार ने लगभग 65 ग्रामीणों की जांच की। इस दौरान 39 ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। इन सभी में नेत्र दोष पाया गया था।

**बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत है अदाणी फॉउंडेशन :** अदाणी फॉउंडेशन समाज की बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी सिलसिले में टीबी के 130 मरीजों को फॉउंडेशन द्वारा अब तक गोद लिया जा चुका है। स्वास्थ्य के अलावा शिक्षा, खेल और स्वरोजगार की दिशा में भी अदाणी फॉउंडेशन ने कई सफल पहल किए हैं। विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे फुटबॉल का आयोजन और महिलाओं के सेल्फ हेल्फ ग्रुप %गंगा% का भी सफलतापूर्वक क्रियान्वन हो रहा है।

## श्री राम मंदिर से आए पूजित अक्षत वितरण वा निमंत्रण में मातृशक्ति में दिखा काफी उत्साह

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के करियातपुर पंचायत में पूजित अक्षत वितरण के प्रखंड संयोजक चंदन कुमार केसरी वा सह संयोजक संतोष कुमार प्रजापति की उपस्थिति में श्री राम मंदिर तिर्यक्षेत्र से आए पूजित अक्षत को करियातपुर में दिनांक 4 जनवरी को प्रत्येक घर में वितरण वा निमंत्रण दिया जा रहा है निमंत्रण पाकर राम भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है आज 151 घर पूजित अक्षत वितरण किया गया वहीं पूजित अक्षत वितरण में चंदन कुमार केसरी ने कहा कि बरही प्रखंड के मातृशक्ति में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है साथ ही साथ इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा भी ले रही है वहीं प्रखंड सहसंयोजक संतोष प्रजापति ने कहा कि हमारा लक्ष्य है की अक्षत (निमंत्रण) को सभी के घर तक जल्द से जल्द पहुंचे । करियातपुर में मातृशक्ति द्वारा अयोध्या से आए पूजित आमंत्रण अक्षत वितरण गांव के सभी घर में वितरण किया जा रहा है और बताते चले की यह अक्षत को घर के मंदिर में रखना है राम मंदिर के चित्र को अपने घर के मंदिर में रखना है वहीं 22 जनवरी को अपने आस पास के मंदिर में पूजा , हरी कीर्तन,हवन करना है साथ ही साथ घर को सजाकर रंगोली वा भगवा ध्वज लगाकर दीप जलाना है और पटाखों के साथ दीपावली मनना है वा 22 जनवरी के बाद अयोध्या चलना है, वहीं मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी जी ने कहा कि इस मंदिर को देखने के लिए हमारे पूर्वजों ने जो संघर्ष किया किंतु वे नहीं देख पाए वह आज हम देख रहे हैं ये हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है, वहीं पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रजापति ने कहा कि आज पूरा विश्व राममंदिर को देखने के लिए व्याकुल हो रहा है और हमारा सौभाग्य है की हमलोग बनते हुए देख रहे है ।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड यूनिवर्सिटी ने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन शुरू किए

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) एसआईयू ने अपनी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीखों की घोषणा कर दी है, ये परीक्षाएं यूनिवर्सिटी के संस्थानों में विभिन्न अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए ली जाती हैं। इन परीक्षाओं में शामिल हैं एसईटी- जनरल (सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट), एसईटी- लॉ जिसे सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (एसएलएटी) कहते हैं और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (एसआईटीईईई)। इन परीक्षाओं का संचालन देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट (सीबीटी) मोड में किया जाता है। वे उम्मीदवार जो इन परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे हर टेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ नीचे दिए गए ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिंक को एक्सेस कर सकते हैं। एसईटी- जनरल (सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट) सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने 13 दिसम्बर 2023 को एसईटी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की। इसके लिए आवेदन तकरीबन चार महीने तक जारी रहेंगे, और महत्वाकांक्षी उम्मीदवार 12 अप्रैल 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। एसईटी का आयोजन रविवार 5 मई 2024 और शनिवार 11 मई 2024 को होगा। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाईट 222.set-test.org/के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।




## पुर्व सीसीएलकर्मी नर्श तारा सिंह का निधन,शोक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल स्टाफ कालोनी निवासी शत्रुघ्न सिंह की पत्नी पुर्व सीसीएलकर्मी नर्श तारा सिंह 72 वर्ष का निधन रांची में इलाज के दौरान गुरुवार को हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रही थी। वहीं गुरुवार शाम उनका अंतिम संस्कार सयाल दामोदर नदी तट पर किया गया जहां मुखाग्नि पुत्र आलोक सिंह ने दिया। तारा सिंह अपने पीछे एक पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पुरा परिवार छोड़कर गई है। दुर्गेश तिवारी, संजय सिंह, कल्याण सिंह, अनिल तिवारी,वहीं शोक व्यक्त करने वालो में रामबिलास यादव,फुलन तिवारी, सतेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, रमेश राय, मंटू राय, राजीव रंजन,पुनिल सिंह, मंटू सिन्हा, सतीश वर्मा, सुधीर यादव,अन्तेश्वर प्रसाद,दीपक अरोड़ा, पिंटू सिंह, ब्रजेश पाठक, राकेश सिन्हा,बलराज फुलडिया आदि लोग थे।

## कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी का आगमन हुआ पतरातु लेक रिजॉर्ट में

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार सह कोडरमा के सांसद अन्नपूर्णा देवी का पतरातु लेक रिजॉर्ट में आगमन हुआ। जिनका स्वागत महेंद्र कुमार महतो ने बुके देकर उनका स्वागत किया। अन्नपूर्णा देवी एक भारत श्रेष्ठ भारत के कार्यक्रम में पतरातू आई थी यह कार्यक्रम ट्रिपल आईटी रांची झारखंड के तत्वावधान में यह कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में हरियाणा और झारखंड के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और झारखंड के छव नृत्य एवं झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य वातावरण के साथ पर्यटन क्षेत्र का भ्रमण किया।

## अबुआ आवास में जिसका कच्चा मकान है उसे प्राथमिकता दिया जाएगा : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड होन्हे पंचायत पोटमदगा पंचायत सिरु पंचायत मे अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें होन्हे पंचायत में मुखिया राजीव मेहता के अध्यक्षता में पोटमदगा पंचायत में रंजु देवी के अध्यक्षता में सिरु पंचायत में वीणा देवी के अध्यक्षता में किया गया जिसमें रुप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि ग्राम सभा में सर्व सहमति से अबूआ आवास जिसका कच्चा मकान मिट्टी का है उसी को पहला प्राथमिकता दिया जाएगा।। इसमें किसी तरह का कोई भेद भाव या गलत नहीं किया जाएगा यदि कोई व्यक्ति गलत करते हुए पाया जाता है तो इस पर सक्त से सक्त कानूनी कारवाई की जाएगी।इस ग्राम सभा कार्यक्रम में पंचायत सचिव ममता कुमारी प्रकाश चटर्जी झमनलाल महतो रोजगार सेवक मनोज कुमार कलाम अंसारी आशीष कुमार पंचायत समिति सुधीर महतो सुमन कुमारी सुनिता देवी व सौकंडों ग्रामीण मौजूद थे।



## स्पेल बी प्रतियोगिता मे विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र अपने कौशल की खोज के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। इस पाठ्यक्रम में कक्षा 3-8 के 122 छात्रों ने स्पेल बी इन स्कूल प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें से 74 छात्रों ने अंतर स्कूल प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त की। छात्रों ने अपने प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र अर्जित किए।प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के कारण छात्र शिक्षा में अच्छे परिणाम के लिए प्रतिस्पर्धा करना सीखते हैं और अपने भाषा कौशल का विकास करते हैं। ये प्रतियोगिताएं युवा दिमागों को वर्तनी कौशल, संचार कौशल, शब्दावली, अवधारणाओं को समझने, उच्चारण में सुधार करने के लिए प्रेरित करती हैं और इस तरह अंग्रेजी भाषा के सही उपयोग के लिए प्रेरित करती हैं।विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जगी ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें इंटर स्कूल के लिए शुभकामनाएं दीं।



## बिजली मिस्त्री को कार्य के दौरान करंट लगने से मौत

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लाईन कर्मी राजेंद्र कुमार रवि उम्र 46 वर्ष पिता स्वर्गीय राम स्वरूप राम शांति मोहल्ला पतरातू निवासी को कार्य के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। बताया जाता है कि राजेंद्र कुमार रवि उर्फ राजेंद्र राम गुरुवार सुबह साई नर्सिंग होम हॉस्पिटल के पीछे कॉलोनी में एलटी लाइन में काम कर रहे थे । इस दौरान अचानक राजेंद्र राम 11000 वोल्टेज की तार के चपेट में आ जाने से वे पोल से नीचे गिर गए। इस बात की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जंहा डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि राजेंद्र राम पिछले कई वर्षों से झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मेसर्स आई पी एस जी प्राइवेट लिमिटेड में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत थे। इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अलावे काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग के साथ क्षेत्रीय प्रतिनिधि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचे। वहीं मृतक की पत्नी गणिता देवी का रो -रो बुरा हाल था। मौके पर मृतक के परिजनों की ओर से मुआवजा के रूप में 20 लाख रुपये और एक सरकारी नौकरी सहित अन्य मांगों पर अड़े गए और शव ले जाने से इनकार करने लगे उसके बाद आउटसोर्सिंग कंपनी कि अधिकारियों एवं विद्युत बोर्ड के अधिकारियों को मौके पर आने के लिए बुलाया गया समाचार लिखे जाने तक शाम को अंचल कार्यालय में बिजली विभाग एसडीओ पुरण राम घांसी आई पी एस जी लिमिटेड के अधिकारी सीओ शिव शंकर पांडे प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता पतरातू मुखिया गिरजेश कुमार प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा जिला पार्षद राजाराम प्रजापति भाजपा नेता दुर्गा चरण प्रसाद आजसू से रोशन लाल चौधरी एवं जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी झारखंड पार्टी के बिट्टू सिंह एवं परिजनों के साथ वार्ता हो रही थी।



# अपने कार्यक्षेत्र में किसी की भी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं करेंगे : दशई मांझी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के बिरसा परियोजना कैंटीन के समीप गुरुवार को विस्थापित समिति की बैठक हुई।वहीं इस बैठक की अध्यक्षता सुखू मांझी व संचालन दिनेश करमाली ने किया।वहीं इस बैठक में बिरसा परियोजना प्रबंधन से प्रतिदिन पच्चास गाड़ी का कोयला सेल में उपलब्ध कराने तथा बिरसा रेलवे साइडिंग में रोजगार मुहैया कराने की मांग की गई। इसदौरान विस्थापित समिति के दशई मांझी ने कहा कि विस्थापित समिति विस्थापितों को रोजगार दिलाने हेतु सदैव प्रतिबद्ध है और हमारे अपने कार्यश्रेत्र में किसी को भी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दशई मांझी ने यह भी कहा कि पुर्व में भी हमने पांच सुत्री मांग पत्र के माध्यम से प्रबंधन को अवगत कराया गया था।



विस्थापित बेरोजगारो को रोजगार सुचारू रूप मिलता रहे उसके लिए पच्चास गाड़ी का आवंटन के साथ कोयला देना अति आवश्यक है। बिरसा रेलवे साइडिंग में रोजगार संबंधित कार्य को बिना विस्थापित समिति के वार्ता किये नहीं करने दिया जाएगा। रोजगार सृजन हेतू सभी सेल समिति अपने अपने क्षेत्र में प्रबंधन से मांग करें तो कोई भी विस्थापित बेरोजगार नहीं रहेगा। वहीं इस मौके पर कार्तिक मांझी, रैना टूडू, सुरेश मुर्मू, खेपन मांझी, संतोष प्रजापति, नकुल प्रजापति, तालो हंसदा, शिकारी टुडू, मनोज सिंह, लालजी पवारिया, सुरेश हंसदा,बसंत सोरेन,पूरन टुडू, सुबित राम किस्कू, बुधन करमाली, भनदु करमाली, भादो करमाली, अनिल मुर्मू, चौपेलाल मांझी, मच्चू हंसदा, विनोद सोरेन, धनलाल बेदिया, रामलाल बेदिया, फूलचंद बेदिया, जूगेश बेदिया, देवन बेदिया, गणेश मुर्मू, मजूमदर किस्कू, बरीयात किस्के, बिरजू पावरीया, सोमरा पावरीया, मुकेश कुमार, राजू पावरीया,अजय बेसरा, राजू टुडू, संजूल मांझी, मनोज टुडू, प्रेम पावरीया, मंजीत मुर्मू, दिनेश प्रजापती, नरेश पावरीया, टुला करमाली, जितेन्द्र यादव, जितेन्द्र हांसदा, डहरू करमाली, सुरज बेसरा, खेमलाल बेसरा, पंकज बास्के, राजू हांसदा, विशाल पावरीया, एवन्त पावरीया, तालो टुडू, अभिजित हांसदा, कल्लू हांसदा,महालाल टुडू,सावन बेसरा, प्रकाश हांसदा, जितेन्द्र टुडू आदि लोग मौजूद थे।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में निर्वाचन के मद्देनजर गठित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों/ प्रभारी पदाधिकारियों के साथ बैठक की । बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों आदि की जानकारी सभी को दी गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन समन्वय कोषांग सहित अन्य कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों एवं प्रभारी पदाधिकारियों को उनके उनके कार्यो से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई पुस्तिका व मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जल्द से जल्द अपने-अपने कोषांग की बैठक आयोजित कर कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यो से संबंधित कार्य योजना आदि तैयार करने का निर्देश दिया। सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराने व शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग श्रीमति कनक तिर्की को स्वीप के तहत किए जाने वाले प्रचार प्रसार व आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित कैलेंडर तैयार करने का निर्देश दिया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त, विभिन्न कोषागों के वरीय पदाधिकाइयों/ प्रभारी पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

*यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 86वां स्थापना दिवस सिरका में हर्षोउल्लास के साथ मना*

# बरसों से यूनियन कामगारों के लिए संघर्षरत : सुशील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल सिरका ट्रैक्टर स्टैंड के समीप गुरुवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 86वां स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। अवसर पर यूनियन के वरीय श्रमिक नेता सुशील कुमार सिन्हा ने संगठन का ध्वजारोहण किया। इसके बाद कार्यालय के प्रांगण में स्थापित चार शहीद मजदूरों के प्रतिमा पर सभी ने फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दिया। अवसर पर कांमरेड सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की स्थापना बीते 4 जनवरी 1939 में कामरेड चतुरानंद मिश्रा, कामरेड ललित बर्मन के द्वारा किया गया था, तब से लगातार कोयला क्षेत्र समेत तमाम प्रतिष्ठानों देश के कोने- कोने में यूनियन के प्रतिनिधि, सदस्य श्रमिकों के हक, अधिकार की लड़ाई लगातार लड़ती आ रही हैं। आज जो भी अधिकार मजदूर को मिला हैं, वह यूनियन की देन हैं। लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार मजदूरों के ऊपर लगातार प्रहार कर रही हैं, कोयला खदानों को ठेकेदारी प्रथा में लाने का प्रयास जारी हैं, जिससे मजदूरों का शोषण लगातार बढ़ता जा रहा हैं। इसे रोकने के लिए मजदूरों को गोल बंद होकर आंदोलन की जरूरत हैं। मौके पर गोपाल बेदिया, ललन यादव, राजेश कुमार, जब्बार, मनराज, मंजन, सहदेव सागर,आकाश बेदिया, सुखलाल बेदिया, सुनील यादव, कामेश्वर महतो, पूरन, मनोज, धर्मनाथ, मनोज यादव, नागेश्वर ठाकुर समेत कई उपस्थित थे।

## सहायक श्रमायुक्त कुमार अमृतेश ने उप श्रमायुक्त धनबाद को लिखा पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** सहायक श्रमायुक्त कुमार अमृतेश ने उप श्रमायुक्त धनबाद को एक पत्र लिखा है पत्र में लिखा है की गोला प्रखंड क्षेत्र में फैक्ट्रियों से हो रहे प्रदुषण तथा उससे होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई है। यह पत्र मुख्य श्रमायुक्त (कें) के अनुमोदन से जारी किया गया है। पत्र की एक प्रतिलिपि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी युवा टाइगर बीनू कुमार महतो को प्रेषित किया गया है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि युवा टाइगर बीनू कुमार महतो के द्वारा पूर्व में भेजी गई आवती पत्रांक 90/बी के एम वाई टी 23 दिनांक 04-12-23 के अवलोकन करते हुए उस पर आवश्यक करवाई हेतू बातें लिखी गई है। साथ ही पत्र के जरिए कुमार अमृतेष ने उप श्रमायुक्त धनबाद को अनुरोध करते हुए कहा है कि आवेदन पत्र में वर्णित तथ्यों को छानबीन करके उचित कारवाई करते हुए रिपोर्ट आवेदक के साथ साथ कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। उक्त बातों की जानकारी बीनू कुमार महतो के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई।

# बिरसा परियोजना चिप मैनेजर रामेश्वर मुंडा का हुआ तबादला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना में मैनेजर पद पर कार्यरत रामेश्वर मुंडा का तबादला मगध संघ मित्रा परियोजना में किया गया है। वहीं उनके जगह पर मगध संघ मित्रा के मैनेजर राजेश प्रियदर्शी को बिरसा परियोजना मैनेजर बनाया गया है। मृदुल भाषी व स्वभाव के धनी व्यक्ति में शूमार है बिरसा परियोजना के मैनेजर रामेश्वर मुंडा, उनके तबादले कि खबर से विस्थापितों व परियोजना में कार्यरत कर्मीयों में मायुसी छा गई है।

# भाकपा माले ने हेसला में कामरेड लक्ष्मण बेदिया की प्रथम स्मृति दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी के सदस्य कामरेड लक्ष्मण बेदिया की प्रथम वर्षी के अवसर पर ग्राम महुआ टोला में स्मृति करते हुए श्रद्धाजंलि दी गई। सर्वप्रथम कामरेड लक्ष्मण बेदिया के चित्र पर जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया ने माल्यार्पण किया और उनके परिवार गीता देवी दीप प्रज्वलित कर पुष्पाजंलि अर्पित कर दो मिनट का सामूहिक श्रद्धाजंलि अर्पित की गई, इस कार्यक्रम में भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया, सोहराय किस्कू,लाली बेदिया,सरयू बेदिया, जयनंदन गोप, देवानंद गोप, अमल कुमार, छोटन मुंडा, लाल कुमार बेदिया, जगदीश बेदिया, मोदी बेदिया, महादेव राम, लालचंद बेदिया, कांति देवी, रामबृक्ष बेदिया, लाका बेदिया, रुपन गोप, चंद्रिका राम, रसीद अंसारी, तृतियाल बेदिया, बृजनारायण मुंडा, सकलदेव राम,मनाराम मांझी, दिलीप भुंईया, कांता मित्रा सहित सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे। वक्ताओं में जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया,अमल कुमार, कांति देवी, देवानंद गोप,दिलीप भुईया, महादेव राम अन्य अपने वक्तव्य में कहा कि भाकपा-माले पार्टी 1970 के दशक से संयुक्त हजारीबाग जिला में महाजन,सूदखोरों,सामंती, ठेकेदारों,वन व थाना पुलिस के द्वारा जुल्म अत्याचार के खिलाफ लड़ाई में भाकपा-माले पार्टी की विस्तार हुई और इस क्षेत्र गरीब,दलित, आदिवासियों,मजदूर, किसानों का स्वाभिमान मिलने लगा,हक अधिकार मिलने लगा, सामाजिक शक्ति में एक बदलाव आया है। आज देश के सामने नई चुनौती आई है सम्प्रदायिक फासीवादी जो कारपोरेट घरानों के साथ देश की संविधान को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। आज देश के संविधान को बचाना है, लोकतंत्र को बचाना है। भाजपा को शिकस्त देना है,इस संकल्प के साथ पार्टी को मजबूत करना है,व्यापक आंदोलन खड़ा करना है। लक्ष्मण बेदिया मजदूरों के यूनियन कार्यभार संभाला और लड़ाई लड़ रहा था। हेसला में स्पंज फैक्ट्री द्वारा फैलाए जा रहे जहरीली प्रदूषण के खिलाफ हमेशा लड़ाई लड़ते रहे हैं। सिरका लोकल सेल में मजदूरों को काम और मजदूरी की गारंटी के लिए लड़ाई जारी रखें। श्रद्धाजंलि संकल्प सभा का संचालन-कामरेड़ सरयू बेदिया ने किया। अंत में समापन भाषण में छोटन मुंडा ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का हुआ वितरण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या से आए पूजित अक्षत और श्रीराम जी की तस्वीर को प्रत्येक घरों में आमंत्रण पत्र के साथ वितरित करने का कार्य 1 जनवरी से प्रारंभ किया जा चुका है साथ हीं सभी सनांतनियो से 22 जनवरी दीपोत्सव मनाने के साथ अपने नजदीकी मंदिरों में आयोजित होने वाले हवन कीर्तन में शामिल होने की अपील की जा रही है। उक्त बातों की जानकारी प्राचार्य, सह जिला प्रमुख (मातृशक्ति) सिंधु झा ने विज्ञप्ति जारी कर दिया।उन्होंने कहा की वितरण हेतु मिले अक्षत और आमंत्रण पत्रिका लेकर वो स्थानीय महिलाओं के सहयोग से टोली बनाकर मरार क्षेत्र के सभी टोले मोहल्लों के घरों में जा रहीं है जहां गृहणियों द्वारा पूजित अक्षत की आरती उतार उनका स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने बताया की उनके द्वारा सभी निवासियों को 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने गली मोहल्लों और मंदिरों में दीप ज्योति जलाकर भव्यता से दीपावली मनाने हेतु आग्रह किया जा रहा हैं,साथ हीं प्रति दिन उस अक्षत कलश को मरार स्थित हनुमान मंदिर में रख कर संध्या आरती एवं भजन कीर्तन का कार्य अभी से हीं प्रारंभ किया जा चुका है जिसमे भारी संख्या में स्थानीय महिला पुरुष भी शामिल हो रहें है। अक्षत वितरण के इस कार्य में उनके साथ मुख्य रूप से प्रगति कुमारी,प्रियंका देवी,नेहा देवी,गीता देवी, मनिया देवी,शुशीला देवी,फूलकुमारी देवी,सुगिया देवी, ढकोचन देवी,डोली देवी,सोनी कुमारी,मंजू देवी, ज्योति,मंजू देवी, सरिता देवी,गुड़िया,सबिता,आरती देवी,मनीसा इत्यादि महिलाएं शामिल रहीं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से आमंत्रित ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सं0–04/2023-24/RWD/LOHARDAGA दिनांक 14.12.2023 PR No. 313603 (Lohardaga) 23-24(D) द्वारा प्रकाशित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना के कमांक– 2 में वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय 29.12.2023 के स्थान पर दिनांक 06.01.2024 कमांक–3 में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 05.01.2024 अपराहन् 5.00 बजे के स्थान पर दिनांक 15.01.2024 अपराहन् 5.00 बजे एवं क्रमांक –4 में निविदा खोलने की तिथि एवं समय 08.01.2024 अपराहन् 3.30 बजे के स्थान पर 17.01.2024 अपराहन् 3.30 बजे पढ़ा जाय।

अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का0 वि0
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा ।

PR.NO.315096 Lohardaga(23-24):D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, गुमला (निर्वाचन शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

आसन्न लोकसभा (आम) निर्वाचन–2024 में कार्यालय कार्य के उपयोग हेतु निम्न सामग्रियों की आवश्यकता है :–

1- i 7 with 16 GB Ram -1 TBSSD - 3 अदद
2- i 5 with 08 GB Ram -1 TBSSD - 3 अदद
3. Printer Epson EcoTank L 6064 - 1 अदद
4. Scanner Epson DS-770 II - 1 अदद

उपरोक्त सामग्री की आपूर्ति के लिये अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक **11.01.2024 को अपराह्न 12.00 बजे तक** जिला निर्वाचन पदाधिकारी,–सह–उपायुक्त, गुमला के कार्यालय में मुहरबंद निविदा दे सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की जाएगी। प्राप्त मुहरबंद निविदायें उसी दिन अर्थात **दिनांक 11.01.2024 को अपराह्न 03.00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी एवं शर्तें गुमला जिले के वेबसाईट https://gumla.nic.in से डाउनलोड कर अथवा जिला निर्वाचन शाखा, गुमला से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकरी
–सह–उपायुक्त, गुमला

PR 315107 Election(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला**

**अप्रेन्टिसशिप मेला संबंधी सूचना**

निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के आदेशानुसार दिनांक– 08.01.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक पॉलिटेक्निक कॉलेज चन्दाली गुमला में आई0टी0आई0 पास / डिप्लोमा / इंजीनियरिंग / **Short Term Skill etc** गैर तकनीकी छात्रों 5वीं से स्नातक आदि अभ्यर्थियों के लिए अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले अभ्यार्थी सभी कागजातों के साथ मेला में भाग ले सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR.NO.315100 Labour Employment and Traning(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची**

Un-Tied मद अन्तर्गत

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 30/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :– दिनांक **10.01.24 को** 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान :– दिनांक **11.01.24 को 3.00** बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक **12.01.24 को 3.00** बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नगड़ी | Construction of PCC Road from Babu General Store to Swati Nest at Piska Nagri (1243) Feet | 18,32,600.00 | 37,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | नामकुम | आरा पंचायत में थाना टाटसिल्वे आरा सिंधाटोली के विभिन्न गलियों में 2470 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 44,00,000.00 | 88,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | शहरी क्षेत्र | शहरी क्षेत्र अन्तर्गत बरियातु सरहुल नगर में माननीय मंत्री डा0 रामेश्वर उराँव आवास के समीप गौतम बृद्धा चिल्ड्रेन पार्क में मूलभूत सुविधायें एवं सौंदर्यीकरण कार्य। | 24,98,000.00 | 50,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :
1. Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0/विविध 06–33/2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR 315157 NREP(23-24).D

## संक्षिप्त खबरें

### एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में नव वर्ष पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा नव वर्ष के शुभ अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ऐसा माना जाता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो पूरा साल इसी उत्साह और खुशियों के साथ बीतेगा। हमें नया साल नई आशाएं, उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य और नई योजनाओं की उम्मीद देता है, इसलिए सभी लोग खुशी से इसका स्वागत करते है। विद्यार्थियों में नव वर्ष के अवसर पर नया सकारात्मक उत्साह भरने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के मध्य नव वर्ष आधारित ग्रीटिंग कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा अपने माता-पिता को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपने द्वारा लिए गए नव संकल्पों को भी वर्णित करना था। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बड़ी ही उत्साह व सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# बीडीओ की अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

## लंबित योजनाओं को 15 जनवरी तक पुर्ण कर करें अभिलेख बन्द : पवन कुमार महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 जनवरी गुरुवार को कार्यालय प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रविपदा0 पवन कुमार महतो की अध्यक्षता मे किया गया विकास योजनाओं का समीक्षा बैठक। बैठक मे प्रविपदा0 श्री महतो ने 15 जनवरी तक मनरेगा योजनाओं मे 100 प्रतिशत प्रगति लाने का निर्देश बैठक मे उपस्थित लोगों को दिया, वही प्रतिदिन 10-10 योजनाओं का क्रियान्वयन, प्रतिदिन प्रत्येक पंचायत में 100-100 मानव दिवस का सृजन, पुर्व के सभी कच्ची एवं छोटी योजनाओं का कार्य पुर्ण कर 15



जनवरी तक अभिलेख बन्द करने का निर्देश दिया। वही बैठक मे पोटो हो खेल मैदान के कार्य, बागवानी योजना के तहत निकाई-खबाई, एवं जल कुंड निर्माण, दीदी बाडी योजना, विरसा सिंचाई कुप योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनजीटी के तहत नाडेप टैंक योजना की 100 प्रतिशत भौतिक रूप से पूर्णता, 2021-22 मे समाजिक अंकेक्षण का अनुपालन व 15 जनवरी तक साक्ष्य प्रतिवेदन का एमआईएस मे अपलोडिंग इत्यादि अन्य विन्दुओं पर प्रविपदा0 ने बैठक मे आवश्यक निर्देश उपस्थित कर्मियो को दिया। उक्त बैठक मे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा, प्रखंड समन्यवक अमन शिखर, कनीय अभियंता, सभी पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक हिफ्फजूर रहमान, नन्दा भगत, पंचम एतवा पहान, परवेज अंसारी, इत्यादि उक्त बैठक मे उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारीयों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की तैयारी से संबंधित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों का राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत आज गुरूवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को दिये गये दायित्वों की जानकारी दी गई। कार्मिको कोषांग को कर्मियों का डेटाबेस तैयार करने का निदेश दिया गया। वाहन कोषांग को रूट चार्ट अनुसार वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता-सह-रूटचार्ट कोषांग को संबंधित तैयारी किये जाने का निदेश दिया गया। सामान्य प्रशिक्षण-सह-ईवीएम एवं वीवीपैट प्रशिक्षण कोषांग को प्रशिक्षण की समय-सारिणी तैयार कर प्रशिक्षण आयोजित कराने का निदेश दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण के समय आवश्यक बैनर व स्टैंडी भी अधिष्ठाापित किये जाने का निदेश दिया गया। ई0डीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग को ससमय सुविधा केंद्र तैयार कर लिये जाने का निदेश दिया गया। सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को ससमय अपनी तैयारी व कार्यों का निष्पादन समय-समय पर किये जाने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण काफी ध्यानपूर्वक प्राप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रशिक्षण में आवश्यक बुकलेट व हैंडबुक भी कोषांग के वरीय पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# लोहरदगा के खिलाड़ी ने राष्ट्रीय ताइक्कांडो में जीता कांस्य पदक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के आर्यन कुमार पाल ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैतूल मध्य प्रदेश में चल रहे राष्ट्रीय स्कूली खेल के ताइक्कांडो प्रतियोगिता में झारखंड के लोहरदगा जिले के ताइक्कांडो खिलाड़ी आर्यन कुमार पाल ने कांस्य पदक जीता। आर्यन ने पहले मैच में जम्मू और कश्मीर को 2-0 से, दूसरे में उत्तराखंड को 2-0 से क्वार्टर फाइनल में विद्या भारती को 2-0 से हराया है। वहीं सेमीफाइनल में मणिपुर के खिलाड़ी के हाथों पराजित हो गया। बता दें की आर्यन कुमार पाल लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र के चंदलासो का रहने वाला है और यह चंदलासो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल का पूर्व छात्र है।



2023 बैच में आर्यन कुमार पाल ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक लाकर अपना स्कूल टॉप किया था। इस मौके पर ताइक्कांडो प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव ने बताया कि आर्यन एक होनहार खिलाड़ी हैं। आर्यन ने कांस्य पदक जीतकर पुरे जिले एवं राज्य का नाम रौशन किया है। साथ ही सरकार से मांग किया है कि खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य से के लिए सरकार ध्यान दें,तथा उन्होंने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। केवल उन्हें मौका देने की आवश्यकता है जिसमे ऐसे और भी कई खिलाड़ी उभरकर सामने आ सकते हैं। इधर डिवाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह ने बताया कि आर्यन खेल के साथ -साथ पढ़ाई में भी काफी होनहार हैं। वही आर्यन के बारे में बताया जाता है कि आर्यन का परिवार खेती किसानी पर आश्रित होने बावजूद भी बहुत मेहनत करता है।

# एक कार्यकर्ता बनता है भविष्य में क्षेत्र का सबसे बड़ा जननायक : प्रियांक भगत

- भारत है युवाओं की सबसे बड़ी शक्ति वाला देश : लक्ष्मण बड़ाईक
- देश के स्वर्णिम निर्माण में होगी युवाओं की भूमिका : अजय कुमार सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भाजयुमो की बैठक जिला कार्यालय सिमडेगा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में महती भूमिका निभाएं, देश के स्वर्णिम निर्माण में होगी युवाओं की महत्वपूर्ण। बैठक में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रियांक भगत ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में युवाओं



की महत्वपूर्ण भूमिका है भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इसके लिए तैयार हो एक कार्यकर्ता बनता है भविष्य में क्षेत्र का सबसे बड़ा जननायक। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भारत युवाओं की सबसे बड़ी शक्ति वाला देश है और भारतीय जनता पार्टी में सबसे अधिक युवा कार्यकर्ता है इसीलिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संगठन मजबूती में लग जाए मंच संचालक में अनिरुद्ध सिंह श्री लाल साहू अमित अग्रवाल रूपेश बड़ाईक विद्या बड़ाईक लक्ष्मण साहू मनीष कुजुर विवेक कु श्रीवास्तव शिव साहू महावीर मेहर सोमलाल बेसरा गणेश्वर साहू अभिषेक कु साहू महेश सिंह आर्यन कु गुप्ता यशवंत रावत राहुल कुमार राहुल मिश्रा संजय नाग आलोक प्रसाद रामप्रसाद राम धन्यवाद ज्ञापन सुभाष महतो ने दी

# ग्रामीणों के आग्रह पर टूटे हुए पुल का निरीक्षण करने पहुंचे प्रखंड प्रमुख

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा पंचायत अंतर्गत भवनाडीपा गांव जाने वाले मार्ग पर पिछला बरसात में अत्यधिक वर्षा के कारण गर्डवाल को तोड़ते हुए ह्यूम पाइप पुल का सारा मिट्टी बहा दिया है, इसके कारण ग्रामीणों को जाने आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ,ना ऑटो जा रही है, ना बाइक जा रही है, ना कोई छोटा वाहन, इसी के मद्दे नजर दिनांक 4 /1/ 2024 दिन बृहस्पतिवार को ग्रामीण एवं कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज के कार्यालय



आए एवं आग्रह किए की आप एक बार देखिए वहां किस तरह से हम लोगों को समस्याएं हो रही है। प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज तुरंत तैयार हो गये एवं संबंधित स्थान पर गए , जाकर वहां देखा कि निश्चित ही यहां पर आवागमन में काफी परेशानी हो रही है, संबंधित स्थान में ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आप लोग एक निश्चित तिथि एवं समय निर्धारित कीजिए, सभी मिलकर के श्रमदान कर इस टूटा हुआ पुल को मरम्मत करेंगे एवं आवागमन को किसी तरह से हम लोग शुरू करेंगे, क्योंकि इस स्थान पर एक स्पेन या दो स्पेन का पुल बनेगा तभी टिकेगा अभी फिलहाल काम चलाउ बनाते हैं। ग्रामीण प्रमुख की बातें सुनकर काफी उत्साहित हुए एवं एक बैठक कर तिथि निर्धारित करने की बातें कही गई, अंत में सभी ने प्रखंड प्रमुख को धन्यवाद दिया एवं इसी तरह से क्षेत्र में घूमते रहने एवं सभी से मिलते जुलते रहने का आग्रह भी किया मौके पर कांग्रेस पार्टी के अमृत चिराग तिर्की, मो. वाहिद, गाब्रिएल कुल्लू, एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# अरुणाचल प्रदेश कमाने गया मजदूर हुआ लापता परिजन चिंतित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के एकागुड़ी निवासी राजेश उराँव पिता स्वर्गीय महरंग उराँव अपने परिवार का पालन पोषण करने के उद्देश्य से कमाने के लिये अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिला अंतर्गत तजु थाना क्षेत्र के लिए 17 दिसम्बर को अपने निवास स्थान एकागुड़ी से पुसो नवाटोली निवासी कैलास सिंह,एवं लालू उराँव तथा अन्य लोगो के साथ निकला था। जो 20 दिसम्बर को अरुणाचल प्रदेश में गंतव्य स्थान पर पँहुचा। जिसकी सूचना



परिजनों को भी प्राप्त हुआ लेकिन दो दिन बाद परिजनों द्वारा समचार पूछने के लिए फोन से संपर्क किया गया तो फोन बंद बता रहा था तभी साथ मे गए साथियों से बात हुआ तो उन लोगो द्वारा बताया गया कि राजेश उराँव का मानशिक स्थिति ठीक नही है। और मोबाइल को फेकर कहीं चला गया। जिसकी सूचना किसी को नही मिल रहा है। यह बात सुन परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस से घटित घटना को बताते हुए सहयोग का गुहार लगया गया है। लेकिन दूसरे प्रदेश व जिला तथा थाना होने के कारण परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही बताया जा रहा है कि राजेश उराँव अपने पत्नी के सहारे छोटे छोटे बच्चों को छोड़ काम का तलास में अरुणाचल प्रदेश गया था जो मानशिक स्थिति खराब होने के कारण लापता हो गया है।

### आज वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पतंजलि परिवार मनाएगी स्थापना दिवस

**लोहरदगा :** 5 जनवरी 2024 को पतंजलि भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति एवं पतंजलि के सभी प्रकल्पों के जिला स्तरीय पदाधिकारी गण, प्रखंड स्तरीय एवं योग साधकों व अन्य अनुषांगिक संगठनों जिनमें वनवासी कल्याण आश्रम, आर्यवीर दल आदि की पदाधिकारियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण लोहरदगा में वैदिक मंत्रों के साथ हवन कर स्थापना दिवस मनाई जाएगी। इस मौके पर पतंजलि के सभी प्रकल्पों के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं योग साधकों को प्रातः 9:00 बजे सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में ससमय पहुंचने की अपील की गई है।

# सुखदेव भगत ने कांग्रेस के गद्दावर नेता हरिनारायण साहू का प्रथम पुण्यतिथि में कहा

## हरिनारायण साहू का पूरा जीवन कांग्रेस के लिए समर्पित रहा है



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सह कांग्रेस के कद्दावर नेता स्वर्गीय हरिनारायण प्रसाद साहू जी के प्रथम पुण्यतिथि गौतम नर्सिंग होम परिसर में मनाई गई। पुरोहित परमानंद मिश्रा के द्वारा विधि विधान से पूजा संपन्न कराया गया। सर्वप्रथम ज्येष्ठ पुत्र लोहरदगा जिला कांग्रेस के महासचिव पवन गौतम, कनिष्ठ पुत्र राहुल देव गौतम, परिजनों के साथ-साथ उपस्थित अतिथियों द्वारा चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि स्वर्गीय हरिनारायण प्रसाद साहू जी का पूरा जीवन कांग्रेस के लिए समर्पित रहा कांग्रेस के प्रति उनका किया गया कार्य हम सभी कांग्रेसियों के लिए प्रेरणा देने का काम करेंगे। श्रद्धांजलि देने वालो में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, आलोक कुमार साहू, मोहन दुबे, जगदीप भगत, शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, लालमोहन केसरी, राजेश रंजन सहाय, सुबोध कुमार साहू, अनिल कुमार, सानू आलम, डॉक्टर अशोक ओड़िआ, डॉक्टर बीके पांडे, गोपाल साहू सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अबुआ आवास योजना का ऑनलाइन सत्यापन नही करने पर ग्रामीणों ने जताया आपत्ति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत के ग्रामीणों ने गुरूवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा के नाम आवेदन देकर कहा है कि सरकार द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार, आप के द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास का ऑनलाइन कराए थे मैसेज भी मिला था लेकीन घर घर घूम कर भौतिक सत्यापन करना था जो गठित टीम द्वारा नही किया गया। टीम में पंचायत सचिव प्रमोद कुमार साहू, संदीप रजक, उगरा मुखिया, पंचायत समिति सदस्य को आवेदन की सत्यापन की जिमेवारी दिया गया था। इन टीम के सदस्यो द्वारा घर घर जाकर सत्यापन नही किया गया जिसके कारण अबुआ आवास के अति जरूरत मंदो जैसे दिव्यांग, विधवा असहाय का नाम ग्राम सभा में पढ़ा गया सूची में नही है जिसे पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण असंतुष्ट है।

# अबुआ आवास आवेदकों का प्राथमिकता सुचि सुचिबद्ध करने को लेकर किया गया ग्रामसभा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो, लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 जनवरी को पंचायत भवन कैरो मे कैरो पंचायत के मुखिया वीरेंद्र महली के अध्यक्षता मे पंचायत सचिव गुहा उराँव पेयजल स्वच्छता प्रखंड समन्यवक खालिक अंसारी व अवुआ आवास के सभी ऑनलाईन आवेदन किये गये आवेदको की उपस्थिति मे ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा आयोजन को सम्बोधित करते हुये पंचायत सचिव गुहा उराँव ने कहा कि अबुवा आवास के जितने भी ऑनलाईन आवेदक पिछ्ले दिनो 22 दिसंबर 2023 को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आवेदन दिये हैं। वैसे सभी आवेदकों का 2023.24 ए 2024.25 ए



2025.26 तक के लिये प्राथमिकता सुचि तैयार करने हेतू ग्राम सभा का आयोजन किया गया हैएपंचायत सचिव ने कहा कि जैसे जैसे सरकार से आवंटन प्राप्त होगाएसभी ऑनलाईन आवेदकों का योजना का लाभ मिलेगा। आप सभी योजना का लाभ पाने के लिये विचौलिये या दलाल के चक्कर मे न पड़ें। आवंटन के आधार पर सभी आवेदको को बारी-बारी से योजना का लाभ अवश्य ही मिलेगा इसी को लेकर वार्षिक कार्ययोजना को लेकर आज ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। ग्राम सभा मे पेयजल स्वच्छता प्रखंड समन्यवक खालिक अंसारी ने भी स्वच्छता विभाग से संचालित योजनाओं के विषय मे बताया वही योजना का लाभ उठाने की बात कही। मौके पर अनेको अवुआ आवास के ऑनलाईन किये आवेदक ग्राम सभा मे उपस्थित थे।

# शिशु का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा लक्ष्य है : सुरेश चंद्र पांडे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मां सरस्वती,ओम एवं भारत माता के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आज के इस कार्यक्रम में कक्षा अरुण,उदय एवं प्रभात के शिशुओं के अभिभावक सम्मिलित हुए। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा शिशुओं को संस्कारवान बनाना एवं उनके सर्वांगीण विकास करना ही हमारा लक्ष्य है और हम इसके लिए सतत प्रयत्नशील है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अभिभावकों एवं आचार्य की सक्रियता आवश्यक है। अभिभावक के सहयोग से ही यह लक्ष्य हमें मिलेगा। शिशु के सारे क्रियाकलापों की देखरेख विद्यालय




एवं घर में आवश्यक है समय पर उठाना एवं दैनिक कार्य कराना चाहिए। मोबाइल से बच्चों को दूर रखने की आवश्यकता है। घर में पठन-पाठन का समय निर्धारित हो। छोटे-छोटे प्रेरक प्रसंग के माध्यम से प्रधानाचार्य द्वारा शिशु के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावकों को निर्देश दिए गए। माता-पिता एवं गुरुजनों के प्रति आज्ञाकारी बनना शिशु के लिए परम आवश्यक है। इस अवसर पर अभिभावकों के द्वारा शिशु के विकास हेतु मंतव्य दिया गया। कक्षा अरुण की बहन ईशा सोनी की माताजी ने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए एक बहुत अच्छा सुझाव सभी अभिभावकों को बताया उन्होंने कहा कि बच्चों को माताएं अपने साथ खेल खेलाएं और कहानी सुनाएं तो बच्चे मोबाइल से दूर रहेंगे। ऐसा उन्होंने अपने अनुभव से बताया। कक्षा उदय के भैया सोनू उराव के दादाजी ने बताया कि मेरे सभी बेटे इसी विद्यालय में पढ़कर आज अच्छे पदों पर कार्य कर रहे हैं और मेरा पोता भी इसी विद्यालय में पढ़ रहा है। आज के इस कार्यक्रम में करीब 50 से भी अधिक अभिभावक बंधु भगिनी उपस्थित रहे। विद्यालय की दीदी जी श्रीमती लक्ष्मी देवी द्वारा भी बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का उपाय बताया गया साथ ही साथ शिशु वाटिका प्रमुख दीदी जी सुश्री सुनीता कुमारी द्वारा बच्चों के विकास के लिए अभिभावकों को आवश्यक बातें बतायी गयी एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# गांव के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का विकास करना ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य : सुदर्शन भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखंड के अरकोषा एवं भट्टखिजरी पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर एल ई डी वाइन द्वारा माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश का प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं को लाभुकों के समक्ष वीडियो एल ई डी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोहरदगा के लोकप्रिय सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना हमारे ग्रामीण क्षेत्र के लिए बहुत ही लाभकारी है। लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा समाज के अंतिम



व्यक्ति के घर तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए कृत संकल्प है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्य निस्ट नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्म योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर नल जल मिशन योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो फर्टिलाइजर, सहित बहुत से केंद्र के द्वारा दिए गए योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीण एवं महिलाओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज गांव की महिलाएं सशक्त हो रही है इसका स्पष्ट कारण है माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा दिए गए योजनाओं का लाभ जमीन पर स्पष्ट दिख रहा है। कार्यक्रम को अंचल पदाधिकारी लोहरदगा आशुतोष कुमार, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, शिवपूजन सिंह, मुखिया बसंत उरांव ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बाल कृष्णा सिंह, राकेश प्रसाद, चंद्रशेखर अग्रवाल, सूरज दसवांधी, अनिल उरांव, राजकुमार, गोसाई भगत, रउफ अंसारी पंचायत सेवक, जनसेवक प्रखंड कर्मी एवं पंचायत प्रतिनिधि सहित भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए।

### चलते चलते एक नजर

## शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरूवार को माटी कला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को सम्बोधित करते हुए अविनाश देव ने बताया की शेख भीखारी ने अपना जीवन देश के लिए कुर्बान कर दिया। सभी समाज को सही मार्ग प्रशस्त करने में इन्होने अपनी महत्ती भूमिका निभाई थी। हम सभी को उनके विचारों, क्रियाकलापों को अपनें जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। आगे देव ने पलामू प्रमंडल के समस्त लोगों को इस शहादत दिवस समारोह में आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा की इस शहादत समारोह में देश के अनेकों दिग्गज नेता शामिल होंगे जो शहीद शेख भिखारी के जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय मोमिन कांफ्रेंस डॉ सुलेमान अंसारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष मुस्तकीम अंसारी, महासचिव नूरुद्दीन अंसारी और हाफिज बेलाल मुस्तकिम अंसारी, खलील अंसारी,अब्दुल हक अंसारी समेत अनेकों लोग उपस्थित रहे।

## सड़ेया को हराकर पतरिया कर्नल कप के फाइनल में पहुंचा

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को पतरिया का सामना सड़ेया से हुआ। दोनों टीमों के बीच फाइनल में पहुंचने के लिए कांटे की टक्कर देखने को मिला। मध्यांतर तक खेल गोल रहित बराबरी पर रहा। दोनों टीमों को कई मौके भी मिले लेकिन गोल करने में कामयाबी हासिल नहीं हुई। लेकिन मध्यांतर के बाद पतरिया ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक लागातार दो गोल कर बढ़त बना ली और अंत तक इस बढ़त को कम नहीं होने दिया।इस तरह से पतरिया ने सड़ेया को 2-0 से हराकर विजय हासिल की और फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।इस हार के साथ ही एक बार फिर सड़ेया का कर्नल कप जीतने का सपना टूट गया। अब 7 जनवरी दिन रविवार को खिताबी मुकाबला पतरिया बनाम बभंडी के बीच खेला जाएगा। फाइनल मैच दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी आपसी भाईचारा के साथ खेले और दर्शकों को अच्छा खेल दिखाये और फाइनल में जगह बनाएं। उन्होंने कहा कि कर्नल कप फाइनल 7 जनवरी हुसैनाबाद के लिए यादगार दिन होगा।

# राष्ट्रीय युवा कसौधन वैश्य महासभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए उमेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** राष्ट्रीय युवा कसौधन वैश्य महासभा के चुनाव में गढ़वा के उमेश कश्यप निर्विरोध युवा प्रदेश अध्यक्ष पर चयनित किए गए हैं। वहीं युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में गढ़वा के संतोष कश्यप का चुनाव किया गया है। उक्त जानकारी कसौधन वैश्य महासभा गढ़वा ने आज दी।प्राप्त सूचना के अनुसार युवा प्रदेश महामंत्री के रूप में नीरज कुमार राँची का चयन किया गया। बताया गया कि राष्ट्रीय कसौधन वैश्य महासभा अर्न्तगत राष्ट्रीय युवा कसौधन वैश्य महासभा झारखंड



प्रदेश के तीन वर्षीय प्रदेश युवा टीम के गठन के लिए चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। चुनाव की तिथि सात जनवरी को रखी गयी थी। सूचना के आलोक में युवा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में गढ़वा जिला अध्यक्ष उमेश कश्यप का अध्यक्ष के रुप में निर्विरोध चयन किया गया। इस बावत तीनों पदाधिकारियों को राष्ट्रीय युवा कसौधन वैश्य महासभा शुभकामनाएं देते हुए सभी को अपनी कर्मठता से संगठन के उद्देश्यों को झारखंड सहित संपूर्ण भारतवर्ष में कसौधन समाज की बेहतरी के लिए कार्य करने की उम्मीद जतायी गयी है। साथ ही सभी निर्वाचित पदाधिकारियों से कसौधन समाज के प्रति श्रद्धा और निष्ठा के साथ समाज सेवा में अग्रसर होने की कामना की है। निर्वाचित अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा की झारखंड प्रदेश में समाज के कार्यों को उचित जगह पर रखने का कार्य करूँगा।

## झारखंड विधानसभा के दो पदाधिकारी सेवानिवृत्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के वे पदाधिकारी /कर्मी जो 31/12/2023 को सेवानिवृत्त हुए थे, उनके सेवानिवृत्त होने के अवसर पर झारखंड विधानसभा सचिवालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। नवीन कुमार उप सचिव के पद पर चुनाव पदस्थापित थे ।वे बिहार विधानसभा से कैडर विभाजन के उपरांत 2005 में टंकक सह लिपिक के रूप में झारखंड विधानसभा में अपना योगदान दिए थे। विनोद कुमार सफ़ाई कर्मी के रूप में बिहार विधान सभा सचिवालय में 1985 मे योगदान दिए थे । कैडर विभाजन के उपरांत झारखंड विधानसभा सचिवालय में आए, वे उसी पद से सेवानिवृत्त हुए।

## बालिका उच्च विद्यालय, ज्ञान निकेतन, शांति निवास व आरके पब्लिक सेमीफाइनल में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** यहां खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग मैच में शांति निवास हाई स्कूल, ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा, आरके पब्लिक स्कूल और रामा साहू उच्च विद्यालय की टीम सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास की श्रुति, बालिक विद्यालय की लक्ष्मी, ज्ञान भारती की खुशबू और रामा साहू की सानिया को डीआरडीए की अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह, वरीय लेखा पदाधिकारी ऋचा वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। प्रतियोगिता में शांति निवास ने बीएनटी संत मैरी को छह रनो से हराया। वहीं बालिका उच्च विद्यालय ने जेपीएस सेंट्रल स्कूल को नौ विकेट से, रामा साहू ने जेपीएस सेंट्रल स्कूल को पांच विकेट से हराकर अपने पूरे अंक अर्जित किया। सेमी फाइनल में ज्ञान निकेतन बेलचंपा का मुकाबला आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा से तथा शांति निवास हाई स्कूल का मुकाबला बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा से होगा। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, अभय कुमार, शिवम गुप्ता, आशुतोष रंजन, संजीव सिंह, संदीप गुप्ता, सोनू कुमार दीपक, सौरव सोनी, प्रभात तिवारी, दिव्य रंजन, अभय कुमार, नवनीत कुमार, रजनीश, रणजीत तिवारी मनीष, धीरज, प्रिंस खान, प्रिंस दुबे आदि शामिल थे।

# वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया गर्म कपड़े व कंबल का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की ईकाई कपड़ा बैंक द्वारा पोलपोल के पिढ़ीया, नावाडीह, हुटार और मूसहर टोला में गर्म और कंबल का वितरण किया गया। लाभान्वित होने वालों में ज्यादातर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग थे। कुछ दिनों पहले ठेठ पलामू पेज पर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव श्रीमती शर्मिला वर्मा ने मूसहर टोला का वीडियो देखा था, जिसे देखकर वे काफी द्रवित हुई और उन्होंने फैसला किया कि जल्दी ही गर्म कपड़ों और कंबल के साथ वो वहां जाएंगी और उन्हें लाभ पहुंचाएंगी। ठेठ पलामू पेज के चर्चित लेखक और पोलपोल निवासी श्री आनंद केशव,प्रमोद राम, सोनू जी और नागेंद्र प्रजापति ने वहां काफी सहयोग किया और वितरण कार्य निर्बाध रूप से संपन्न हुआ। वरदान टीम की ओर से सचिव शर्मिला वर्मा, विवेक वर्मा और दूरदर्शन केंद्र के इंजिनियर श्री अनुज कुमार सिंह उपस्थित रहे। श्री अनुज सिंह सामाजिक भाव रखने वाले व्यक्ति हैं और वरदान



चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यों के प्रशंसक भी हैं। यह टीम बढ़ते हुए ठंड के प्रकोप को देखते हुए अभी लगातार सुदूरवर्ती गाँव में गर्म कपड़ों और कंबल का वितरण करेगी।

# वाइब्रेंट गुजरात : स्टार्टअप्स: अनलॉकिंग द इनफिनिट पोटेंशियल विषय पर 11 जनवरी को होगी सेमिनार

एजेंसी

**गांधीनगर :** वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के दौरान गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर के हॉल नंबर-1 में 11 जनवरी को 'स्टार्टअप्सः अनलॉकिंग द इनफिनिट पोटेंशियल' विषय पर एक सेमिनार होगी।

इस सेमिनार का उद्देश्य भारत में इनोवेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में स्टार्ट-अप्स की भूमिका का पता लगाना है। गुजरात सरकार में एडिश्नल उद्योग आयुक्त कुलदीप आर्या ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि उद्घाटन सत्र की शुरुआत आई क्रिएट के सीईओ अविनाश पुणेकर करेंगे। उनके संबोधन के बाद गुजरात के स्टार्ट अप इकोसिस्टम पर एक प्रेज़ेंटेशन दी जाएगी। सेमिनार को उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव




संजीव, डीपीआईआईटी के डायेक्टर सुमीत जारंगल, डीपीआईआईटी के वाइस प्रेसीडेंट और गूगल अमेरिका में इंजीनियरिंग फेलो जय याग्निक स्टार्ट अप इकोसिस्टम में इनोवेशन को बढ़ावा देने पर संबोधित करेंगे।

उन्होंने साझा किया कि इस सेमिनार का मुख्य आकर्षण ओपन डायलॉग है, जिसका शीर्षक 'स्टार्टअप्सः द बिल्डिंग ब्लॉक्स ऑफ द न्यू इंडिया' है, जहां स्टार्टअप इकोसिस्टम के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पैनलिस्ट चर्चा में शामिल होंगे।

इस चर्चा के दौरान इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में कैसे योगदान दे सकती हैं। चर्चा में शामिल पैनलिस्ट स्टार्टअप के लिए उन प्रमुख क्षेत्रों का पता लगाएंगे, जो आर्थिक विकास को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं के संबोधन भी होंगे। इनमें आई-डेक्स के एडिश्नल सेक्रेटरी (डिफेंस प्रोडक्शन) टी.नटराजन, नीति आयोग के तहत अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) के मिशन निदेशक एवं स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. चिंतन वैष्णव, आईक्रिएट में चीफ मेंटर एमेरिटस डॉ. मधुकुमार मेहता, एमसी किनसे में सीनियर पार्टनर आलोक क्षीरसागर, आईबीएम (ऑस्टिन, टैक्सस, यूएस) में सिक्योरिटी एक्सपर्ट लैब्स के सीटीओ कृष्णा येलेपेड्डी, टर्नटाइड टेक्नोलॉजीज (यूएस) के वाइस प्रेसीडेंट डॉ. पीयूष देसाई, इज़राइल में क्वॉन्टम इनोवेशंस लिमिटेड के प्रेसीडेंट डॉ. हैरी युक्ले और जेपीईजी संयोजक एवं रे शेपर एसए (स्विटज़रलैंड) के संस्थापक प्रोफेसर डॉ टूरादज इब्राहिमी के नाम शामिल हैं।

## घने कोहरे और कड़ाके सर्दी की चपेट में मध्य प्रदेश


**भोपाल :** मध्य प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के चलते लोग दिन में कांपते नजर आ रहे हैं। यहां पिछले दो दिनों से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में आसमान पर बादल छाए हुए हैं और कई शहरों में हुई हल्की बारिश ने वातावरण में ठंडक घोल दी है। गुरुवार को सुबह प्रदेशभर में घना कोहरा छाया रहा और अधिकांश शहरों में दोपहर तक सूरज के दर्शन ही नहीं हो पाए। दिन में धूप नहीं निकलने और बूंदाबांदी के कारण दिन के तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।



# बीएसएफ ने सीमा पर पकड़ा 1.39 करोड़ रुपये का अमेरिकी डॉलर

एजेंसी

**कोलकाता :** नदिया जिले के भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने 1.39 करोड रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर को जब्त किया है। यह एक लाख 66 हजार 900 अमेरिकी डॉलर है। बुधवार रात को जब्त की गई इस मुद्रा के बारे में बीएसएफ ने गुरुवार दोपहर एक बयान में बताया है कि इस विदेशी मुद्रा को भारत से बांग्लादेश में तस्करी का प्रयास कर रहे थे।मिली जानकारी के अनुसार, बीएसएफ की सीमा चौकी बेतई के तैनात जवानों को बीएसएफ की खुफिया शाखा ने विदेशी मुद्रा की तस्करी होने की खबर दी। इसके बाद संदिग्ध जगहों की घेराबंदी की गई थी। जवानों को जैसे ही अपने इलाके में कुछ संदेहजनक गतिविधियों का अंदेशा हुआ तो उन्होंने तुरंत तस्करों को घेरना शुरू कर दिया। जवानों को अपनी तरफ



आता देख तस्कर अंधेरे व घनी धुंध का फायदा उठाकर भाग निकले। इलाके की गहन तलाशी लेने पर चार बंडल मिले जिन्हें खोलने पर अमेरिकी डॉलर बरामद हुए। जवानों ने तुरंत विदेशी मुद्रा को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जब्त कर लिया। जब्त अमेरिकी डॉलर को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए छपरा कस्टम ऑफिस को सौंप दिया गया है। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल सीमान्त के जनसम्पर्क अधिकारी ए.के आर्य (डी आई जी) ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने जवानों की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि यह केवल ड्यूटी पर तैनात उनके जवानों द्वारा प्रदर्शित सतर्कता का परिचय है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि किसी भी परिस्थिति में तस्करी के रास्ते को न अपनाये। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि उनके जवान सीमा पर किसी भी सूरत में तस्करी या अन्य किसी प्रकार का अपराध नहीं होने देंगे और उसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## जायंट्स सहेली ने गुरुसिन्धु में गरीब जरुरतमंदों के बीच किया गर्म कपड़ों का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली द्वारा गुरु सिन्धु में गरीब जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों के बीच गर्म कपड़े, बिस्कुट एवं टॉफी का वितरण किया।

कार्यक्रम कि अध्यक्षता जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा सहेली की अध्यक्ष श्रीमती रितु जयसवाल ने एवं संचालन जायंट्स सहेली गढ़वा की प्रशासनिक निदेशक रंजना जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पदाधिकारी सीमा केसरी, जायंट्स सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी सहित सहेली के पूर्व अध्यक्ष रीता केसरी, लता गुप्ता, माला केसरी, सुनीता केसरी विशेष रूप से उपस्थित थी । जायंट्स सहेली के पदाधिकारीयों ने इस अवसर पर बताया कि गरीबों के बीच सेवा कर असीम सुख की प्राप्ति होती है। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली समाज सेवा के क्षेत्र में तेईस वर्षो से काम कर रही है और आगे भी जरूरतमंदों की सेवा में सहेली की बहने सदैव लगी रहेगी। इस अवसर पर वीणा केसरी, कंचन कुमारी, रीमा स्वरूप, संगीता गुप्ता, वन्दना सोनी, रीना केशरी, मंजु गुप्ता, रीना सोनी, आरती केशरी, नीलम केशरी खुशी केशरी, सुवर्णा जायसवाल, कोमल स्वरूप आदि सदस्य उपस्थित थी।

# श्रीराम का विरोध करने वालों का राजनैतिक मोक्ष निश्चित : रामदेव

एजेंसी

**हरिद्वार :** योगगुरु बाबा रामदेव ने कहाकि श्रीराम सनातन संस्कृति के आधार हैं। राम इस जगत के कण-कण में विद्यमान है। 500 वर्षो के लम्बे संघर्ष के बाद श्रीराम के मंदिर में विराजमान होने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

स्वामी ने कहाकि हम सभी सौभाग्यशाली हैं, जो इस झण के गवाह बनने जा रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने श्री राम जन्मभूमि के लिए असंख्य बलिदान दिए हैं। जिसके बाद यह गौरवशाली क्षण हमें प्राप्त होने जा रहा है। यह बात योगगुरु बाबा रामदेव ने गुरुकुल महाविद्यालय में पतंजलि गुरुकुलम के उद्घाटन समारोह के संदर्भ में आयोजित पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जो लोग अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, उनको ऐसे बयानों से कोई फायदा होने वाला नहीं है। हां इतना



जरूर है कि ऐसे लोगों को राजनैतिक मोक्ष शीघ्र हो जाएगा। अयोध्या के बाद काशी और मथुरा के संबंध में बाबा रामदेव ने कहाकि अयोध्या में भव्य राम मंदिर को निर्माण हो रहा है। देश के मुस्लिम भाईयों को चाहिए की वह सौहार्दपूर्वक काशी और मथुरा से अपना दावा छोड़ते हुए हिन्दुओं को दोनों स्थलों को सौंप देना चाहिए, जिससे देश में आपसी सौहार्द का वातावरण बढ़ेगा और विश्व में एक नया संदेश जाएगा। बाबा रामदेव ने कहाकि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उन्हें निमंत्रण पत्र मिला है वह तथा आचार्य बालकृष्ण प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करने जाएंगे। बाबा रामदेव ने कहाकि घर-घर जाकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण दिया जा रहा है, जिन्हें निमंत्रण नहीं भी मिला है वह बिना निमंत्रण के भी जा सकते हैं, क्योंकि श्रीराम तो जन-जन के हैं। उनके कार्य में किसी को निमंत्रण की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।


**RVS ACADEMY**

(An ISO 9001:2000 Certified 10+2 English Medium School)

Affiliated To The Council For The ISCE, New Delhi

ESTD 2001

Siroman Nagar, Dimna Road, Mango, Jamshedpur, Jharkhand. Ph. 9507525807



**JOB OPPORTUNITIES**

Applications are invited from trained and experienced candidates with ICSE/CBSE background for the following posts (Applicants must be fluent in Spoken English):

1. **PGT:** Trained post graduate teachers required for Chemistry, Hindi, Physics, English and Computer. The Candidates should have at least 5 years of teaching experience in a reputed school.

2. **TGT/PRT:** Trained graduate teachers required for English, Geography, Science and Maths. The candidates should have at least 3 years of teaching experience in a reputed school.

3. **GERMAN / FRENCH Language Teacher :** A bachelor's or Master's Degree in German/ French subject. Should have at least 3 years of teaching experience.

4. **OFFICE ASSISTANT:** A post graduate with good communication skills. Should have the capability to build relationships and networks with parents, colleagues and media. Should have knowledge of ERP Software and other office work.

**SALARY:** Remuneration shall not be a bar for deserving candidates. Interested and eligible candidates may send their Resume with current passport size photograph online through our website www.rvsacademy.com/career within 7 Days.